e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 103
मंगलवार
15.04.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
वक्त सारे घाव भर देता है पर सच तो यह है की हम दर्द के साथ जीना सिख लेते है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### कपिल देव बने एसओजीएफ ग्रैंडमास्टर्स सीरीज के ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट के महानायक और 1983 विश्वकप विजेता टीम के कप्तान कपिल देव को स्किलहब ऑनलाइन गेम्स फेडरेशन (एसओजीएफ) द्वारा आयोजित एसओजीएफ ग्रैंडमास्टर्स सीरीज के उत्तर और पूर्व क्षेत्र फाइनल्स के लिए ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। यह फाइनल 29 और 30 अप्रैल को गुरुग्राम के हयात रीजेंसी में आयोजित होगा। यह सीरीज देश के चारों क्षेत्रों- दक्षिण, पश्चिम, उत्तर और पूर्व की प्रतिभाओं को माइंड स्पोर्ट्स में मंच देने का एक अनूठा प्रयास है। बेंगलुरु और मुंबई में सफल आयोजनों के बाद अब उत्तर और पूर्व भारत की बारी है, जहां खिलाड़ी शतरंज, चेस फॉर ब्लाइंड और रम्मी में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। कपिल देव ने इस मौके पर कहा, माइंड स्पोर्ट्स की बढ़ती लोकप्रियता इंटरनेट और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के विस्तार का परिणाम है। एसओजीएफ के साथ जुड़कर मैं गर्व महसूस कर रहा हूं। रणनीतिक सोच, अनुशासन और समस्या-समाधान जैसे गुण न केवल माइंड स्पोर्ट्स में बल्कि क्रिकेट जैसे खेलों में भी अहम होते हैं। यह प्रतियोगिता भारत को वैश्विक मंच पर तैयार करने में बड़ी भूमिका निभाएगी।

### जमाअत-ए-इस्लामी हिंद ने वक्फ संशोधन कानून 2025 के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया

**नई दिल्ली :** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एक याचिका दायर की है जिसमें वक्फ (संशोधन) कानून 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। जमाअत के उपाध्यक्ष प्रो. सलीम इंजीनियर, मौलाना शफी मदनी और इनाम-उर-रहमान तथा जमाअत के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा दायर याचिका मोहम्मद सलीम एवं अन्य (याचिकाकर्ता) बनाम भारत संघ (प्रतिवादी) में नए कानून पर गंभीर चिंता जताई गई है। याचिका में कहा गया है कि यह संशोधन मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं और देश में वक्फ के धार्मिक, चैरिटेबल और समुदाय-उन्मुख चरित्र को खंडित करते हैं। याचिका में वक्फ संशोधन विधेयक को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 25, 26 और 300 (ए) का उल्लंघन बताते हुए इन संशोधनों को असंवैधानिक करार देकर रद्द करने की मांग की गई है। जमाअत-ए-इस्लामी हिंद ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि वक्फ इस्लामी आस्था और भारतीय विरासत का एक अभिन्न अंग है जो दान, शिक्षा और सामाजिक कल्याण से गहराई से जुड़ा हुआ है। इसके धार्मिक व सामुदायिक चरित्र को कमजोर करने का कोई भी प्रयास न केवल असंवैधानिक है, बल्कि नैतिक रूप से भी अन्यायपूर्ण है। जमाअत ने सभी न्यायप्रिय नागरिकों, कानूनी विशेषज्ञों और बहुलवाद और न्याय के लिए प्रतिबद्ध नागरिकों से आह्वान किया है कि वह वक्फ सुरक्षा को मनमाने ढंग से खत्म किए जाने के खिलाफ आवाज उठाएं और इस संवैधानिक चुनौती के साथ एकजुटता से खड़े हों।

### अयोध्या और हिसार के बीच नई हवाई सेवा शुरू, पहले दिन 61 यात्री आए, 42 गए

**अयोध्या :** डबल इंजन की सरकार अयोध्या की एयर कनेक्टिविटी देश के कोने-कोने से कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को हरियाणा के हिसार से अयोध्या के लिए पहली उड़ान शुरू हुई, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह नई हवाई सेवा न केवल दो शहरों को जोड़ेगी, बल्कि अयोध्या के तीर्थाटन और पर्यटन को भी बढ़ावा देगी। डबल इंजन की सरकार जो केंद्र और राज्य में एक समान नेतृत्व के साथ विकास को गति दे रही है। उसने इस पहल के माध्यम से एक बार फिर अपनी प्रतिबद्धता को साबित किया है।

### 28 कैडेट्स के चयन से आरआईएमसी में जश्न, इमोन घोष ने पाया पहला स्थान

**देहरादून :** राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय (आरआईएमसी), देहरादून ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक और सैन्य उत्कृष्टता का परचम लहराया है। आरआईएमसी में अध्ययनरत कैडेट इमोन घोष ने एनडीए-एनए 2025 परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर देश और संस्थान को गौरवान्वित किया है। इमोन घोष मूल रूप से पश्चिम बंगाल के मूल निवासी हैं।संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित परीक्षा में आरआईएमसी के कुल 28 कैडेट्स का चयन हुआ है, जो किसी एकल संस्थान से सर्वाधिक है और एक राष्ट्रीय कीर्तिमान के रूप में दर्ज हुआ है।आरआईएमी के शीर्ष 20 में स्थान पाने वाले अन्य कैडेट्स में कार्तिक पंत ने 5वां, ब्रह्म स्वरूप दास ने 14वां, श्रवण अग्रवाल ने 15वां और आदित्य राज ने अखिल भारतीय स्तर पर 17वां स्थान हासिल किया है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

झारखंड मुक्ति मोर्चा का शुरू हुआ 13वां महाअधिवेशन

# अलग झारखंड के लिए कई लोगों ने दी शहादत : हेमंत

**सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झामुमो किसानों, दलितों, पिछड़ों का प्रतिनिधित्व करता रहा है. उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन की कुछ बातें मुझे आज भी याद हैं.**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा का 13वां महाधिवेशन सोमवार यानी 14 अप्रैल को शुरू हो गया. इस महाधिवेशन में 8 से अधिक राज्यों से पार्टी के 3500 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं. महाधिवेशन का आयोजन 14 और 15 अप्रैल 2025 को खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में किया गया है. झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन, उपाध्यक्ष और मुख्यमंत्री की मां रूपी सोरेन खराब स्वास्थ्य के बावजूद इस कार्यक्रम में पहुंचे. मुख्यमंत्री खुद अपने माता-पिता को मोरहाबादी स्थित उनके आवास से साथ लेकर महाधिवेशन स्थल पर पहुंचे. महाधिवेशन में गांडेय विधायक और सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, बंसत सोरेन, मंत्री हफीजुल हसन समेत पार्टी के कई पदाधिकारी भाग ले रहे हैं. झामुमो के 13वें केंद्रीय महाधिवेशन के दौरान अपने स्वागत भाषण में कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के लिए अनगिनत लोग शहीद हुए हैं. आज हम उन सभी को नमन करते हैं. सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झामुमो किसानों, दलितों, पिछड़ों का प्रतिनिधित्व करता रहा है. उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन की कुछ बातें मुझे आज भी याद हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड को ठीक से सजाने और संवारने की जिम्मेवारी झारखंड मुक्ति मोर्चा की है.

#### अलग राज के लिए लंबा चला आंदोलन

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब गुरुजी का आंदोलन चल रहा था, उस समय लोग जुटते थे और गुरुजी के साथ चलते थे. अलग राज्य के लिए आंदोलन लंबा चला और अनगिनत शहादत के बाद हमें अलग राज्य मिला है. अलग राज्य मिलने के बाद यहां (झारखंड) लोगों के चेहरे पर खुशी झलकी और लोगों ने राहत की सांस ली थी.मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि हमारे जवान अलग राज्य के लिए लड़ते थे, लेकिन राज्य का विकास कैसे होगा, इस पर कम चर्चा होती थी. राज्य अलग होने के बाद इस राज्य की कमान ऐसे लोगों के हाथ में चली गई, जिनका यहां के लोगों से कोई लेना-देना नहीं था.




#### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

केंद्रीय महाअधिवेशन में दिशुम गुरु शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोरेन,गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, दुमका विधायक बसंत सोरेन, मंत्री सुदीप कुमार सोनू, हफीजुल हसन,दीपक बिरुआ, चमरा लिंडा, विधायक अमित महतो,राज्यसभा सांसद डा महुआ माजी सहित झमुमों के लगभग सभी विधायक ,मंत्री एवं केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे, प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, अभिषेक प्रसाद पिंटू ,मनोज पांडेय, तनुज खत्री, सहित जिला अध्यक्षों एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

#### राजनीतिक प्रस्ताव में जातिगत जनगणना का जिक्र

अधिवेशन के दौरान पार्टी के वरिष्ठ विधायक और पूर्व उपमुख्यमंत्री स्टीफन मरांडी ने पार्टी का राजनीतिक प्रस्ताव पढ़ा. उन्होंने राजनीतिक प्रस्ताव में जातिगत जनगणना का भी जिक्र किया. राजनीतिक प्रस्ताव में स्टीफन मरांडी ने ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण, 1932 आधारित स्थानीय नीति और परिसीमन के विरोध का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि झामुमो वक्फ एक्ट में संशोधन के खिलाफ है. इसके साथ ही प्रस्ताव में निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण, सरना धर्म कोड को देश की संसद द्वारा मान्यता देने और राज्य समेत पूरे देश में जातिगत जनगणना कराने की बात शामिल है.

# कांग्रेस ने हमेशा अंबेडकर का अपमान किया : पीएम मोदी



**पीएम मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस को मुसलमानों से इतना ही लगाव है कि तो वो किसी मुस्लिम को पार्टी का अध्यक्ष क्यों नहीं बनाती। 50 फीसदी टिकट मुसलमानों को क्यों नहीं देती। कांग्रेस की नीयत मुसलमानों का भलना करना नहीं, सिर्फ उनका वोट हासिल करना है।**

एजेंसी

**हिसार :** अंबेडकर जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कांग्रेस पर जमकर बरसे। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अंबेडकर का अपमान किया। अंबेडकर को सिस्टम से बाहर रखने की साजिश हुई। पीएम ने कहा, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि उन्होंने आंबेडकर के साथ क्या किया। जब तक वह जीवित थे, कांग्रेस ने उनका अपमान किया, उन्हें दो बार चुनाव में हराया गया। वहीं, वक्फ को लेकर पीएम मोदी ने विपक्ष पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि अगर वक्फ की संपत्तियों का सही से इस्तेमाल हुआ होता तो मुसलमान नौजवानों को पंक्चर नहीं बनाना पड़ता।उन्होंने कहा,कांग्रेस ने 2013 में वोट बैंक को खुश करने के लिए वक्फ कानून में संशोधन किया था। मुसलमानों को खुश करने के लिए कांग्रेस ने बाबा साहब के संविधान की ऐसी की तैसी कर दी थी। कांग्रेस की नीयत मुसलमानों का भला करना नहीं है। कांग्रेस किसी की भी सगी नहीं है। पीएम मोदी ने आगे कहा,अगर कांग्रेस को मुसलमानों से इतना ही लगाव है कि तो वो किसी मुस्लिम को पार्टी का अध्यक्ष क्यों नहीं बनाती। 50 फीसदी टिकट मुसलमानों को क्यों नहीं देती। कांग्रेस की नीयत मुसलमानों का भलना करना नहीं, सिर्फ उनका वोट हासिल करना है। नए वक्फ संशोधन कानून से न सिर्फ मुसलमानों का बल्कि आदिवासियों के हक की भी रक्षा होगी।प्रधानमंत्री मोदी ने ये बात आज अंबेडकर जयंती पर हिसार में रैली को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अंबेडकर का अपमान किया, अंबेडकर को सिस्टम से बाहर रखने की साजिश हुई। बाबा साहब समानता के पक्षधर थे, लेकिन कांग्रेस ने पूरे देश में वोट बैंक की राजनीति का वायरस फैलाया। कांग्रेस ने हमारे पवित्र संविधान को सत्ता हासिल करने का एक हथियार बना दिया। जब-जब कांग्रेस को सत्ता का संकट दिखा उन्होंने संविधान को कुचल दिया। कांग्रेस ने आपातकाल में संविधान की स्पिरिट को कुचला ताकि जैसे तैसे सत्ता बनी रहे।

## कुख्यात अपराधी गिरफ्तार, जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** शहर थाना की पुलिस ने अपराधी हरि तिवारी को गिरफ्तार कर सोमवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में पत्रकारों को जानकारी देते हुए डीएसपी मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिला था कि सुजीत सिन्हा गिरोह के कुछ अपराधकर्मी बैरिया चौक स्थित हाउसिंग कॉलोनी में मेमोरियल के बगल में स्थित एक खाली मकान में एकत्रित हुए हैं और कोई बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है।
सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार विशेष छापामारी टीम गठित कर छापामारी टीम के साथ बैरिया स्थित हाउसिंग कॉलोनी में केके मेमोरियल के बगल में स्थित अर्धनिर्मित खाली मकान पहुंचा तो पुलिस को देखकर कुछ लोग भागने लगे जिसे छापामारी दल के सहयोग से 06 लोगों को पकड़ा तथा जमा तलासी लेने के क्रम में पकड़ाये लोगों के पास से 02 लोडेड पिस्टल एवं 10 राउण्ड जिन्दा गोली के अलावे अन्य सामान बरामद हुआ था। अवैध रूप से हथियार रखने तथा संगठित अपराध के तहत बड़ी घटना को अंजाम देने के आरोप में पकड़ाये 6 व्यक्तियों को आरोपित करते हुए शहर थाना में मामला दर्ज किया गया। न्यायिक हिरासत में भेजे जाने से पहले पकड़ाये 06 अपराधकर्मियों के द्वारा अपने अपने स्वीकारोक्ति ब्यान अपराधी हरि तिवारी का नाम उक्त कांड में अपने मुख्य साजिस कर्ता सहयोगी के रूप में बताते हुए घटना स्थल से भागने का बात बताये है। हरी तिवारी उर्फ धिरेन्द्र कुमार तिवारी उम्र करीब 36 वर्ष पे0 विजय तिवारी उर्फ फुट तिवारी सा0 बारालोटा नियर देवी मंडप थाना शहर जिला पलामू को गिरफ्तार किया गया। इस कांड में अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है। गिरफ्तार अपराधी के पास से पुलिस ने एटीएम कार्ड-01 पीस,धरिन्द्र कुमार तिवारी के नाम से 1 आधार कार्ड,सुमीत कुमार के नाम से 1 आधार कार्ड का छाया प्रति,एंडरोयड मोबाईल 2 पीस बरामद किया है।

# आज से प्रचंड गर्मी और लू का दौर फिर से होगा शुरू



एजेंसी

**नई दिल्ली :** उत्तर-पश्चिम भारत और गुजरात के कुछ हिस्सों में 15 अप्रैल से प्रचंड गर्मी और झुलसा देने वाली लू की चपेटों का दौर फिर से शुरू होने वाला है।
बृहस्पतिवार से रविवार के बीच क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में आंधी-तूफान, बारिश और ओलावृष्टि से मौसम सुहावना बना गया था। पश्चिमी राजस्थान और दिल्ली-एनसीआर में सोमवार को ही तापमान में 2-5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि, अगले 4-5 दिन के दौरान पूर्व और उससे सटे पूर्वी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में गरज के साथ बिजली कड़कने, बारिश होने और तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वामुनामों के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत में अगले 4-5 दिनों के दौरान आसामान साफ रहेगा और गर्म हवाएं चलेंगी। अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक वृद्धि हो सकती है। दिल्ली-एनसीआर में 15-16 अप्रैल तक अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। राजस्थान में इस दौरान पारा 45-46 डिग्री सेल्सियस तक चढ़ सकता है। अगले पांच दिनों के दौरान पश्चिम भारत में भी अधिकतम तापमान में 2-4 डिग्री तक की वृद्धि हो सकती है। देश के बाकी हिस्सों में अधिकतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव की संभावना नहीं है।विभाग के अनुसार, पश्चिमी राजस्थान के अलग-अलग स्थानों पर 14 और 15 अप्रैल को लू चलने की संभावना है। 16-19 अप्रैल के दौरान पूर्वी राजस्थान में सामान्य और अन्य क्षेत्रों में भीषण लू चल सकती है। 14 अप्रैल को तेलंगाना, 15-19 अप्रैल के दौरान पश्चिमी मध्य प्रदेश, 15-17 अप्रैल के दौरान गुजरात, 16-18 अप्रैल के दौरान पंजाब और हरियाणा में लू चलने की संभावना है। इन क्षेत्रों में रात में भी गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है और तापमान ज्यादा बना रह सकता है।

# बंगाल में हिंसा का दौर जारी



एजेंसी

**कोलकाता :** बंगाल में वक्फ कानून को लेकर जारी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा घटना में इंडियन सेक्युलर फ्रंट के समर्थक पुलिस से भिड़ गए। इस दौरान जमकर बवाल हुआ। हिंसा में कई लोगों के घायल होने की खबर है और कई पुलिस वाहनों को आग लगा दी गई।
यह हिंसा बंगाल के दक्षिण 24 परगना में हुई। यह झड़प तब हुई, जब पुलिस ने आईएसएफ समर्थकों को पार्टी के नेता और भांगर विधायक नौशाद सिद्दीकी की रैली में जाने से रोकने की कोशिश की। नौशाद सिद्दीकी की रैली कोलकाता के रामलीला मैदान में हुई। पुलिस का कहना है कि इस रैली के लिए पुलिस की अनुमति नहीं थी। पुलिस ने बताया आईएसएफ समर्थकों को दक्षिण 24 परगना में बसंती राजमार्ग पर भोजेरहाट के पास रोका गया। यहां पर मीनाखान और संदेशखाली से भी बड़ी संख्या में आईएसएफ समर्थक इकट्ठा हुए थे। पुलिस द्वारा रोके जाने पर भीड़ ने बैरिकेट तोड़ने की कोशिश की, जिससे तनाव बढ़ गया। इसके बाद हिंसा शुरू हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शकारियों ने कुछ पुलिस वाहनों में आग लगा दी। इस दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया, जिसमें एक आईएसएफ समर्थक के सिर में चोट लगी।

## भारत के भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी बेल्जियम से गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत के भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी को सोमवार सुबह बेल्जियम से गिरफ्तार किया गया है। चोकसी बीते करीब सात साल से भारतीय एजेंसियों की पकड़ से दूर है।
चोकसी की गिरफ्तारी के बाद यह चर्चा है कि क्या 26/11 हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के बाद चोकसी का प्रत्यर्पण भी कर सकता है? मेहुल चोकसी का नाम पहली बार 2018 में सामने आया, जब एक विशेष पीएमएलए कोर्ट ने चोकसी और उसके भांजे नीरव मोदी और नीशल मोदी के खिलाफ एक गैर-जमानती वारंट जारी किया। आरोप है कि नीरव और मेहुल ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर बैंक को करीब 13,000 करोड़ रुपये का चूना लगाया। यह बैंकिंग इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला कहा जाता है।इन लोगों ने पीएनबी की मुंबई के फोर्ट में स्थित ब्रेडी हाउस ब्रांच के अधिकारियों की मदद से फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग्स (रुण) के जरिए बैंक से कर्ज पर रकम लेकर विदेशों में ट्रांसफर की।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ran
PR NO-349815 (IPRD) 25-26

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मंत्री ने बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर का जयंती का किया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पूर्व मंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता रामचंद्र केशरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में सोमवार को बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। उपस्थित नेताओं ने बाबा साहब के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प दोहराया। पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने कहा कि डॉ आंबेडकर विलक्षण एवं अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे। बाबा साहेब के नाम से दुनिया भर में लोकप्रिय डॉ भीमराव आंबेडकर समाज सुधारक, दलित राजनेता, महामनीषी, क्रांतिकारी योद्धा, लोकनायक, विद्वान, दार्शनिक, वैज्ञानिक, समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्ति होने के साथ ही विश्व स्तर के विधिवेता व भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे। उनके व्यक्तित्व में स्मरण शक्ति की प्रखरता, बुद्धिमता, ईमानदारी, सच्चाई, नियमितता, दृढ़ता, प्रचंड संग्रामी स्वभाव का मणिकांचन मेल था। वे अनन्य कोटि के नेता थे। अपना समस्त जीवन समग्र भारत की कल्याण-कामना, संतुलित समाज रचना में उत्सर्ग कर दिया। खासकर भारत के 80 प्रतिशत दलित सामाजिक व आर्थिक तौर से अभिशप्त थे, उन्हें इस अभिशाप से मुक्ति दिलाना ही डॉ आंबेडकर का जीवन संकल्प था। वे भारतीय राजनीति की एक दूरी की तरह थे। जो आज दुनिया भर के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण दलित मसीहा एवं संतुलित समाज संरचना के प्रेरक महामानव हैं। शिवधारी राम ने बाबा साहब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू में एक गरीब परिवार में हुआ था।

# समारोह आयोजित कर लोगों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया नमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा :** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सोमवार को संविधान निर्माता भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पूरे उत्साह के साथ समारोह आयोजित कर मनाई गई।उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।बारी पंचायत में बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण मुखिया निरोत्तमा कुमारी द्वारा किया गया। हलुमाड़ में राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ द्वारा बाबा साहब की जयंती मनाई गई। जिसमें संघ के राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो, भरदुल सिंह,सुनील गांधी सहित कई लोगों ने भाग लिया।विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ने बताया कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में बाबा साहब की



जयंती धूमधाम से मनाई गई। वहीं पोंची में आयोजित समारोह में पंचायत के मुखिया गिरिवर राम, पंसस अशोक राम, पांकी विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा सहित कई लोगों ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी। गिरिवर राम ने बताया कि बाबा साहब ने शोषित, वंचित और दलित समाज के लिए जो कुछ किया है उसको भुलाया नहीं जा सकता।वे कोई व्यक्ति नहीं बल्कि मसीहा थे, एक विचार सागर थे। उन्होंने शिक्षा को उन्नति का सबसे बड़ा मार्ग बताया है साथ ही समाज को संगठित रहने की शिक्षा दी है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्षों से घिरा था।वे वकील के साथ साथ एक महान समाज सुधारक भी थे।भारतीय संविधान के निर्माण में इनकी अग्रणी भूमिका रही है। इन्होंने समाज को एक नई दिशा दिखाई। इसके साथ साथ बकोरिया में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी द्वारा समारोह आयोजित कर जयंती मनाई गई। वहीं रबदा पंचायत के पिपरा में जयंती कार्यक्रम आयोजित हुई व रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

**भारत रत्न भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाई गई**

विश्रामपुर (पलामू) बिश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय के वार्ड 16 में बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की 134 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया.कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी व संचालन समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया.समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी शामिल हुये.उन्होंने डॉ भीम राव अंबेडकर के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला.वयोवृद्ध सामाजिक कार्यकर्ता यदुनी राम ने कहा कि बाबा साहब का विचार आज भी प्रासंगिक है. मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## गुलाब इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती




**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत अंतर्गत मोटंगवा स्थित गुलाब इंटरनेशनल स्कूल में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस विशेष अवसर पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया, साथ ही केक काटकर समारोह का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए स्कूल के निदेशक शैलेंद्र सिंह छोटन ने कहा, डॉ.अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि समाज में परिवर्तन की अलख जगाने वाली एक विचारधारा हैं। उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। उन्होंने बॉम्बे विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री प्राप्त की और आगे की पढ़ाई कोलंबिया विश्वविद्यालय एवं लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से पूरी की। डॉ. अंबेडकर न केवल भारतीय संविधान सभा के प्रमुख स्तंभ रहे, बल्कि स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में भी उन्होंने ऐतिहासिक योगदान दिया। कार्यक्रम में विद्यालय व्यवस्थापक सजल गोराई सहित शिक्षकगण कुनाल गोराई, रूबन मंडल, सिद्धार्थ सिंह, मनीष कुमार गुप्ता, आस्था सिंह, सुषमा सिंह, अशोक ठाकुर, दीपू गुप्ता, जोखू कुमार, मुन्ना सिंह एवं कई अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बाबा साहेब की 134 वीं जयंती पर लिया उनके विचारों पर चलने का संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ श्री बंशीधर नगर खंड की प्रभात शाखा द्वारा सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर स्थित संघ स्थान पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा और राष्ट्रनिष्ठ भाव से मनाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया गया। स्वयंसेवकों ने उनके विचारों को आत्मसात करते हुए सामाजिक समरसता, समानता और संविधानिक मूल्यों के संरक्षण हेतु उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में बौद्धिक कर्ता जिलाबाल कार्य प्रमुख



अविनाश कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान के शिल्पकार नहीं, बल्कि एक महान विचारक, समाज सुधारक और जननायक थे, जिनके विचार आज भी समाज में प्रासंगिक हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अपने जीवन के हर क्षण को समाज सुधार के लिए समर्पित किया। उनका संघर्ष सिर्फ अपने लिए नहीं था, बल्कि पूरे समाज को न्याय और समान अधिकार दिलाने के लिए था। हमें उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। खंड कार्यवाह रामबचन मेहता, सहखंड कार्यवाह सुजीत लाल अग्रवाल, स्वयंसेवक सुधीर प्रजापति, राहुल कुमार उर्फ मिक्की, अशोक कुमार, ललित किशोर, रामानंद प्रसाद बंटी, श्रवण दास, नितेश कुमार बबलू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## आजादी की तीसरी लड़ाई अभी बाकी है : संजय रंजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के 134 वी जयंती धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया इस अवसर पर अंबेडकर विचार मंच के बैनर तले प्रखंड स्तरीय भव्य रूप से निकाला शोभायात्रा।इस सोभा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डीआईजी संजय रंजन सिंह एवं राजद जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान ने भाग लिया।यह शोभा यात्रा नौडीहा बाजार प्रखंड क्षेत्र के बिशनपुर पंचायत के ग्राम बारा कालोनी पर सभी मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के साथ गणमान्य लोगों ने भारतीय संविध निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव बेडकर के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वनौड़ीहार कार्यक्रम की की शुरुआत की गई। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के अतिथि के रूप के सेवा



निवृत डीआइजी श्री रंजन सिंह मौजूद मौजूद थे। वहीं पर अंबेडकर विचार मंच के तरफ से सभी अतिथिगण व विशिष्ट अतिथि को अतिथि को फूल माला एवं अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया। लोगों के संबोधित करते हुए पूर्व डीआईजी संजय रंजन सिंह ने कहा कि 15 15 अगस्त 1947 ई को हमारा देश हमारा मूलक आजाद हुआ लाल किले के प्राचीन से उसे दिन तिरंगे को फहराया गया और एक मुस्त हिंदुस्तान ने आजादी के हवा में सांस लिया आजादी की पहली लड़ाई मुश्किल से लड़े।

## पूर्व विधायक ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मनाई 134 वीं जयंती



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंडल अंतर्गत टाउनशिप स्थित अम्बेडकर पार्क मे संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही सहित भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने द्वीप प्रवजलित कर माल्यार्पण किया। मौके पर श्री शाही ने कहा की 14 अप्रैल का दिन सभी भारतीयों के लिए खास है, क्योंकि यह दिन हमें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके योगदान को याद करने का एक अवसर है। भारत के इतिहास में जन्मे कई सारे महापुरुषों में से एक बड़ा नाम है। बाबा साहब भीमाराव अंबेडकर का, जिन्होंने समाज, शिक्षा, राजनीति और न्याय व्यवस्था की दिशा में कई बदलाव किए। डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर ऐसे ही एक महान विचारक, समाज सुधारक, और संविधान निर्माता थे, समानता हो या धर्म, शिक्षा हो या समाज भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब हर मुद्दे पर अपने विचार बेफौफ रखते थे, आज भी उनके द्वारा कहे गये उनके नेता विचार हमारे लिए प्रासंगिक हैं। मौके पर मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव, गनेश सिंह, संजय यादव, मधुलता कुमारी, संगीता देवी, रवि पाल, विमलेश यादव, अजय सोनी, सुरेश प्रसाद साह, भानू गुप्ता, सुनील सिंह, अनिल चौबे, राजेश गुप्ता, विजय जायसवाल, बद्रीनारायन यादव, मनोज बैठा, दयानंद प्राजपती, धनंजय साह, महावीर साह, प्रेमप्रकाश रमन, प्रदीप गुप्ता, लालू ठाकुर, निरंजन पाठक, राजेंद्र यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थें।

## छतरपुर फुलवारी मैदान में मनाया गया डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत फुलवारी के मैदान में संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 134 वीं जयंती धूमधाम के साथ सोमवार को मनाया गया। जिसमें बाबा साहब को मानने वाले अनुयायियों ने सभी ग्रामीण क्षेत्र से बाइक, पिकअप और पैदल मार्च करते हुए एक भव्य शोभायात्रा के रूप देकर छतरपुर का नगर भ्रमण किया उसके बाद फुलवारी के मैदान में एकत्रित होकर जनसभा के रूप में सभा की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री शह पाटन छतरपुर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक राधा कृष्ण किशोर उर्फ चुन्नू राम ने बाबा साहब के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। मंत्री श्री किशोर ने हजारों की



संख्या में उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन वास्तव में हमे भूलना नहीं चाहिए चुकी चुकीं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने अपने देश के लिए एक मजबूत और लिखित संविधान का निर्माण किया था जिसमें कोई उच्च नीच छुआ छूत अगड़ी पिछड़ी के बिना भेदभाव किए हुए भारत के सभी नागरिकों को सभी क्षेत्रों में समानता का अवसर प्रदान करने का उल्लेख किया है आज हम लोग एकता के सूत्र में बांध कर अपने विधानसभा के क्षेत्र में विकास करने का काम करें सभी जाति धर्म संप्रदाय को भूलकर सिर्फ विकास की बात करना होगा तब हमारा गांव और समाज का विकास होगा।वहीं उन्होंने सभा से अनुमति लेते हुए थोड़ी राजनीतिक परिदृश्य पर भी प्रकाश डाला जिसमें उन्होंने कहा कि आज यह जन सैलाब बाबा साहब के जयंती के अवसर पर जो उमड़ा है यह निश्चित रूप से छतरपुर के लिए ऐतिहासिक क्षण है उन्होंने चुनाव के दौरान किए हुए कई वायदे पर भी चर्चा किया और उन्होंने भाजपा पर चुटकी लेते हुए कहा चुनाव के समय लोग कहा करते थे कि कटोगे तो बटोगे लेकिन आज यह एकता देखकर मैं उन्हें बताना चाहूंगा कि इस तरह के लोगों के बीच में भय का वातावरण बनाकर राजनीतिक लाभ लेना चाहते थे यह छतरपुर है यह सौहार्दपूर्ण जीवन जीना जानते हैं यहां आप सेंटीमेंटल की भावना उत्पन कर चुनाव नहीं जीत सकते है यहां सिर्फ विकास की बात करना होगा। क्योंकि हम सभी लोग जगे हुए लोग हैं उन्होंने अंत में कहा कि सभी समाज को सर्वांगीण विकास की ओर ले जाकर चहमुखी विकास करना मात्र एक लक्ष्य है वहीं उन्होंने बाबा साहब के जयंती के अवसर पर घोषणा किया कि हमारे विधायक निधि के राशि से मुख्यालय के साथ-साथ सभी पंचायत में उनकी प्रतिमा का निर्माण कराया जाएगा।

## एनएच हाईवे पर उड़ रहा धूल, मिट्टी से कब मिलेगा लोगों को राहत

**आलोक पांडेय @ प्रभात मंत्र**

**विश्रामपुर (पलामू) :** जिला स्थित भोगू से संखा तक ऐन ऐच 39 फोरलेन निर्माण कार्य भारत वाणिज्य कंपनी के द्वारा लगभग ढाई साल से चल रहा है। कार्य प्रगति पर होने के फल स्वरुप भी अभी तक रोड निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाई है, कहीं-कहीं रोड किनारे काफी मात्रा में डस्ट पाऊडर ड्रमप कर रखा गया है तो कहीं कच्ची रोड होने के कारण धूल उड़ने से आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, थोड़ा भी हवा चलने पर चारु ओर कोहरा सा छा जाता है सामने का रोड भी ठीक से नहीं दिखाई देता कंपनी के द्वारा पर्याप्त मात्रा में पानी की छिड़काव भी नहीं की जाती, जिससे आम अवाम को कोई परेशानी ना हो पानी की



छिड़काव को लेकर कई बार पत्रकारों के द्वारा अकबार में खबर प्रकाशित भी की गई, इसके बावजूद भी आम जनता को राहत नहीं मिल पाई। क्षेत्रीय लोगों का कहना है अगर इसी तरह लोगों को धूल मिट्टी का सामना सदेव करना पड़ा तो ज्यादातर लोग बड़ी बीमारी का शिकार बनेंगे, जहां सरकार की तरफ से स्वच्छता अभियान चलाई जा रही है वही कंपनी द्वारा चारु ओर प्रदूषण फैलाया जा रहा है यह एक गंभीर विषय है।

## हुसैनाबाद कस्तूरबा की छात्राओं ने किया बेतला नेशनल पार्क का शैक्षणिक भ्रमण

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हुसैनाबाद की छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण के लिए बेतला नेशनल पार्क रवाना हुई।यह भ्रमण पीएमश्री योजना के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम का हिस्सा था।इस दौरान विद्यालय की छात्राएं बेतला नेशनल पार्क के अलावा पलामू किला,केचकी संगम का भ्रमण किया। विद्यालय की वार्डेन सह शिक्षिका किरण कुमारी सिंह ने यात्रा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि छात्राओं के इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों की प्रत्यक्ष जानकारी देना है। इस प्रकार के भ्रमण से छात्राओं में ज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़ती है और वे वास्तविक जीवन से सीखने की प्रेरणा लेती हैं।विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्राओं की सुरक्षा एवं सुविधा की पूरी व्यवस्था की गई है।उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का मानसिक विकास होता है।वही ऐतिहासिक स्थलों को नजदीक से देखने का अवसर मिलता है जिससे बच्चों का बौद्धिक विकास होता है।शिक्षिकाओं ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण छात्राओ के चतुर्दिक विकास में सहायक होते है। इससे उनकी जिज्ञासा बढ़ती है और सोचने समझने की क्षमता विकसित होती है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में मनाया गया अम्बेडकर जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, आचार्य धर्मेन्द्र कुमार, शशि कुमार ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। सभी आचार्यो एवं भैया-बहनों ने अंबेडकर जी के प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया। प्रधानाचार्य ने उनके जीवन चरित्र तथा राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला और संविधान निर्माण में उनके योगदान की सराहना की। डॉ अंबेडकर को भारतीय संविधान की पिता के रूप में सम्मानित किया गया।क्योंकि उनकी अध्यक्षता में ही दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान तैयार किया गया ।उन्होंने कहा की जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न जैसी सामाजिक बुराइयों से लड़ने में न्यायविद के समर्पण को याद करना है। डॉक्टर अंबेडकर ने एक ऐसे भारत की कल्पना की जहां सभी नागरिकों को कानून के तहत समान माना जाए।विद्यालय के आचार्य धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि बाबा साहब पिछड़ों एवं दलितों के लिए प्रेरणादायक थे। हमें डॉ भीमराव अंबेडकर के बताए हुए मार्ग को



ईमानदारी पूर्वक ग्रहण करना चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। डॉ भीमराव अम्बेडकर ने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया है। हम सभी को भी समाज में दबे-कुचले लोगों की सेवा करनी चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि डॉ भीमराव के बताएं मार्ग पर चलें। वहीं आचार्य शशि कुमार ने कहा कि भीमराव अंबेदकर बचपन से ही मेधावी थे। उन्होंने कई देशों के संविधान का अध्ययन किया तथा 2 वर्ष 11 महीना 18 दिन में संविधान का निर्माण किया। अंबेदकर जैसे महापुरुष को किसी जाति, धर्म की सीमा में बांधकर नहीं रखा जा सकता बल्कि यह वो महापुरुष थे जिन्होंने भारतीय संविधान को एक नई दिशा प्रदान की और भारत को संगठित कर संविधान निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस अवसर पर विद्यालय के राजेश्वर सिंह यादव, रणजीत मिश्रा, अरविंद यादव, अभिषेक पाठक, संजय सिन्हा, छाया कुमारी, हर्षदा चौबे सहित सभी आचार्य-दीदी जी उपस्थित थे।

**अंबेडकर जयंती के अवसर पर किया गया पदयात्रा का आयोजन**

हुसैनाबाद एके सिंह कॉलेज जपला के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नेतृत्व में डॉ भीमराव अंबेडकर के 135 वीं जयंती के शुभ अवसर पर आज 14 अप्रैल 2025 को महाविद्यालय परिसर से लेकर दुर्गाबाड़ी,जेपी चौक होते हुए अंबेडकर चौक तक एनएसएस स्वयंसेवकों और अन्य छात्र-छात्राओं के द्वारा पद यात्रा का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह की अध्यक्षता में और एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। पदयात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं के द्वारा भारत माता की जय, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अमर रहे अमर रहे, इत्यादि उद्घोष किए जा रहे थे।अंबेडकर चौक पहुंचने के बाद सबसे पहले डॉ भीमराव अंबेडकर के स्टैचू पर प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह, सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माननीय जिला संचालक दिनेश प्रसाद कश्यप, प्रो डॉक्टर शिवकुमार विश्वकर्मा एवं उपस्थित स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राओं ने क्रमशः डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के समक्ष माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किए। तत्पश्चात उपस्थित स्वयंसेवकों और छात्र-छात्राओं को प्राचार्य के द्वारा प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जाति, धर्म, संप्रदाय से ऊपर उठकर देश के प्रत्येक नागरिक के लिए शोषितों के लिए आवाज उठाने का कार्य किया। समरस समाज की स्थापना पर बल दिया। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि हम सबको डॉक्टर भीमराव अंबेडकर से प्रेरणा लेकर वर्तमान की सामाजिक संरचना में अपनी कर्तव्यों को बखूबी निभाकर देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने किया।

**अनुमंडलीय अस्पताल में मनायी गयी बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती**

अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनायी गयी, इस अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया, इस दौरान उनकी जीवनी के बारे चर्चा की गई। इस मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनेश कुमार, डॉ. विकास कुमार, डॉ. शशि भूषण, कर्मियों में कुंदन कुमार, मो. समीम, अशोक कुमार, राहुल कुमार, जय राम पासवान, अवधेश सिंह, सुनेश्वर राम, मिथलेश भास्कर, अंजली शर्मा, रंभा कुमारी, आरती, अर्जुन पासवान, सुनील कुमार, निरंजन सिंह, टीपू सुल्तान, गौरी शंकर दुबे, सोनम कुमारी, सोभा रानी सहित अन्य कई उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

**समता स्कूल में मनाया गया डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती**

हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल में भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती मनाई गई। विद्यालय के निर्देशक सह प्रधानाचार्य डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान ने सभी शिक्षकों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर एवं केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में एक दलित परिवार में हुआ था। यह मजदूरों महिलाओं और समाज से वंचित और कमजोर वर्ग के सशक्त बनाने को लेकर उन्होंने अहम योगदान दिया। वह वकील होने के साथ-साथ अर्थशास्त्री राजनीतिज्ञ और महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने संविधान निर्माता में अहम भूमिका निभाई। मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल, प्रियंका देवी, दशरथ कुमार, रिमझिम देवी ,प्रियंका देवी, सानिया खातून, प्रियंका देवी ,सुभाष कुमार शकुंतला देवी, बबिता देवी, सारिका कुमारी , रीना देवी, उम्म जहरा, मुकेश कुमार,नंदू प्रजापति, अनूप पांडे एवं परिचारिका विमला कुंवर एवं सैकड़ो छात्राओं भी उपस्थित थे।

**अंबेडकर व्यक्ति नहीं विचारधारा थे : संजय यादव**

भारतीय संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर समाजिक संगठनों व राजनीतिक दलों के लोगों ने अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी, इस मौके पर शहर के अंबेडकर चौक के समीप भीम राव अंबेडकर की जयंती समारोह मनायी गयी, समारोह की अध्यक्षता विजय कुमार कुशवाहा ने की, मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में बसपा के पूर्व प्रत्याशी शेर अली, डॉक्टर संतोष कुमार, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, गुरू प्रसाद,भीम दयाल रमण, सुधीर कुमार, समेत कई लोगों ने बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, मौके पर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा की अंबेडकर जी एक विचार और एक क्रांति के प्रतीक है. उन्होंने अपने असंख्या योगदानों के माध्यम से उन्होंने देश के सामाजिक , सांस्कृतिक और राजनीतिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है. मौके पर शेर अली ने कहा की डॉक्टर बीआर अंबेडकर का जीवन सिर्फ संघर्षों की श्रृंखला नहीं था. यह अन्याय के खिलाफ एक क्रांति था लोकतंत को फिर से परिभाषित करने का मिशन था और सम्मान के लिए एक आंदोलन जो आज भी भारतवर्ष में गूंजता है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### चर्चित आनंद फिर चुने गए झारखंड ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष

**रांची :** रांची के आर के आनंद बॉलिंग ग्रीन स्टेडियम में आयोजित झारखण्ड ओलम्पिक संघ के वार्षिक आम सभा का आयोजन हुआ। जहाँ पदाधिकारियों को सभी राज्य संघों के प्रतिनिधियों द्वारा निर्वाचन पद्वति के माध्यम से चुना गया , जो आगामी सत्र 2025 से 29 के लिए हैं जहाँ निर्विरोध अर्चित आनंद सहित अन्य पदाधिकारियों को चुना गया। बताते चलें कि अर्चित आनंद झारखण्ड तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष एवं भारतीय तलवारबाजी संघ एक्जक्यूटिव मेंबर भी हैं। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को टेबल टेनिस संघ के मुख्य संरक्षक सह अभिभावक एवं तलवारबाजी संघ के महासचिव जय कुमार सिंह ने सभी को बधाई दी और उम्मीद जताया है कि प्रदेश में खेलों के विकास के लिए सभी मिलकर काम करेंगे और खेल से सभी युवा को जोड़े रखेंगे। बधाई और शुभकामनाएँ देने वालो में संघ के उपाध्यक्ष कुलवंत सिंह, विजय मेवाड़, राजन कुमार अजय महाजन, सैबल गुप्ता, सह सचिव सुदीप्तो मुखर्जी , उज्जवल चटर्जी,कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, करमबीर उरांव , कमलेश दूबे, संदीप साहा, रामाशीष सिंह, प्रेम उदय बेक, और अन्य सभी खिलाड़ी और खेलप्रेमी शामिल हैं।

### कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

**रांची :** रांची के खूंटी रोड स्थित मोक्षम शरणं आर्ट गैलरी में तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी का आयोजन वर्ल्ड आर्ट डे पर किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन सोमवार को विभिन्न कलाकारों ने अपने - अपने कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में रांची और रामगढ़ के कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी। साथ ही नई प्रतिभाओं ने भी एक से बढ़कर एक चित्र बनाये। मौके पर कलाकारों ने लाइव पेंटिंग भी की। इस आयोजन के मौके पर कई प्रख्यात पेंटर, कलाकार , शिक्षाविद और आम लोगों ने भाग लिया। एक्प्रेशन-25 नामक इस कार्यक्रम में मोक्षम शरणं आर्ट गैलरी की गैलरी की हेड शमुनमुन ढाली ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया ।

## झामुमो का 13 वां महाधिवेशन शुरू, 1932 स्थानीय नीति, सरना धर्म कोड, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण

# वक्फ बिल संशोधन का विरोध प्रस्ताव पारित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा का 13वां महाधिवेशन भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर 14,15 अप्रैल को शुरू हुआ। इस महाधिवेशन में नौ से अधिक राज्यों से पार्टी के 35 सौ से अधिक प्रतिनिधिमण्डल शामिल हो रहे हैं।यह केंद्रीय महाधिवेशन का आयोजन खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में चल रहा है।

**गुरु शिबू सोरेन रहे मौजूद :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु,राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और माता रूपी सोरेन, भाई और दुमका विधायक बसंत सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन मौजूद थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद अपने माता-पिता को मोरहाबादी स्थित उनके आवास से साथ लेकर महाधिवेशन स्थल पर पहुंचे थे।

**अनगिनत शहादत के बाद मिला है राज्यः हेमंत सोरेनः** इस 13वें केंद्रीय महाधिवेशन की शुरुआत झामुमो का झंडोत्तोलन के साथ हुआ। इस दौरान अपने स्वागत भाषण में कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के लिए अनगिनत शख्सियत शहीद हुए हैं, आज हम उन सभी को नमन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झामुमो किसानों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व करता रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन की कुछ बातें मुझे आज भी याद हैं। कहा कि जब गुरुजी (शिबू सोरेन) का आंदोलन चल रहा था, उस समय लोग जुटते थे और गुरुजी के साथ चलते थे। अलग राज्य के लिए आंदोलन लंबा चला और अनगिनत शहादत के बाद हमें अलग राज्य मिला हैं। अलग राज्य मिलने के बाद यहां (झारखंड) लोगों के चेहरे पर खुशी झलकी और लोगों ने राहत की सांस



ली थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि हमारे जवान अलग राज्य के लिए लड़ते थे, लेकिन राज्य का विकास कैसे होगा, इस पर कम चर्चा होती थी। राज्य अलग होने के बाद इस राज्य की कमान ऐसे लोगों के हाथ में चली गई, जिनका यहां के लोगों से कोई लेना-देना नहीं था।

**स्टीफन मरांडी ने पार्टी का राजनीतिक प्रस्ताव पढ़ाः** अधिवेशन के दौरान पार्टी के वरिष्ठ विधायक स्टीफन मरांडी ने पार्टी का राजनीतिक प्रस्ताव पढ़ा। उन्होंने राजनीतिक प्रस्ताव में जातिगत जनगणना का भी जिक्र किया। राजनीतिक प्रस्ताव में स्टीफन मरांडी ने ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण, 1932 आधारित स्थानीय नीति और परिसीमन के विरोध का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि झामुमो वक्फ बिल संशोधन में संशोधन के खिलाफ है। इसके साथ ही प्रस्ताव में निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण, सरना धर्म कोड को देश की संसद द्वारा मान्यता देने और राज्य समेत पूरे देश में जातिगत जनगणना कराने की बात शामिल है।

**ये थे शामिल :** केंद्रीय महा अधिवेशन में दिशुम गुरु शिबू सोरेन , मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोरेन,गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, दुमका विधायक बसंत सोरेन, मंत्री सुदीप कुमार सोनू, हफीजुल हसन,दीपक बिरुआ, चमरा लिंडा, विधायक अमित महतो , सांसद जो बाद माझी, राज्यसभा सांसद डा महुआ माजी, सहित झमुमों के लगभग सभी विधायक ,मंत्री एवं केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे, प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, अभिषेक प्रसाद पिंटू ,मनोज पांडेय, तनुज खत्री, सहित जिला अध्यक्षों एवं कार्यकर्ता गण शामिल रहे।

**झामुमो का संक्षिप्त इतिहास :** 4 फरवरी 1972 को दिवंगत बिनोद बिहारी महतो का धनबाद स्थित मकान, झारखंड आंदोलन व सामाजिक चेतना अगुवा बिनोद बिहारी महतो के आवास पर एक बैठक हुई। बैठक में शामिल थे शिबू सोरेन, कॉमरेड एके राय, प्रेम प्रकाश हेम्ब्रम, कतरासगढ़ के राजा पूर्णेंदु नारायण सिंह, शिवा महतो, जादू महतो, शक्तिनाथ महतो, राजकिशोर महतो, हुसैन अंसारी सहित अन्य नेतागण । झामुमो का गठन भले वर्ष 1927-73 में हो गया, लेकिन उसे निबंधित पार्टी का दर्जा वर्ष 1980 में मिला। उसी साल शिबू सोरेन दुमका से सांसद बने। विधानसभा चुनाव में 11 सीटों पर झामुमो के उम्मीदवारों को जीत मिली थी। अविभाजित बिहार था। वर्ष 1995 के चुनाव में झामुमो को सिर्फ 10 सीटें मिलीं, लेकिन उसके बाद किसी भी चुनाव में झामुमो की सीटें घटी नहीं। लगातार बढ़ती ही गयी। वर्ष 2000 में राज्य बना, उस समय 12 विधायक थे। वर्ष 2005 में 17 विधायक चुने गये। वर्ष 2009 में 18 विधायक निर्वाचित होकर विधानसभा पहुंचे।

वर्ष 2014 में 19 विधायक चुने गये। वर्ष 2019 में झारखंड मुक्ति मोर्चा के 30 विधायक चुने गये। इसके बाद वर्ष 2024 में झामुमो के 34 विधायक चुनकर झारखंड विधानसभा पहुंचे। 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में बहुमत के आंकड़े (41 सीट) से महज 7 सीटें कम। आज झामुमो की कांग्रेस, राजद के महागठबंधन से सरकार चल रही है।

## पुलिसकर्मियों ने बाबासाहेब आंबेडकर को किया याद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नवीन पुलिस केंद्र रांची में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के जन्म दिवस पर यूसी झा हाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें परिचारी प्रवर-प्रथम, तृतीय, चतुर्थ सभी परिचारी प्रवर पुलिस केंद्र के सभी पुलिसकर्मी ,एइसआई उपस्थित थे।

तथा सभी के द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं उनके जीवनसंघर्ष पर चर्चा किया गया ।

## मंत्री हफीजुल हसन को मंत्रिमंडल से बाहर करें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार के मंत्री हफीजूल हसन के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। श्री मरांडी गिरिडीह में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।मरांडी ने कहा कि मंत्री हफीजूल हसन के बयान जिसमें उन्होंने कहा है कि वे भारतीय संविधान से ऊपर शरीयत कानून को मानते हैं।कहा कि बयान से यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस झामुमो के लोग चाहे लोकसभा,राज्यसभा हो या विधानसभा,संविधान को पॉकेट में लेकर घूमते हैं जो संविधान का भद्दा मजाक है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन का यही वास्तविक चरित्र



है। जिसका प्रकटीकरण हफीजूल हसन की जुबान से प्रकट हुआ है।उन्होंने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती पर जिस प्रकार से एक संवैधानिक पद पर बैठे राज्य के मंत्री से संविधान का अपमान हुआ यह अक्षम्य अपराध है। राष्ट्र विरोधी,संविधान विरोधी बयान है।इसलिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तत्काल मंत्रिमंडल से हफीजूल हसन को बर्खास्त करना चाहिए।उन्होंने कांग्रेस पार्टी और झामुमो से सवालिया लहजे में पूछा कि वे बताएं कि हफीजूल हसन के बयान से पार्टी सहमत है या असहमत।

## सेल इकाइयों ने मनाई डॉ अंबेडकर की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सेल, सैटेलाइट टाउनशिप में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती राष्ट्रीय भावना के साथ मनाई गई, जिसमें रांची स्थित सभी छह इकाइयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर एस.के. वर्मा, कार्यपालक निदेशक (सीईटी); एस.के. कर, कार्यपालक निदेशक (आरडीसीआईएस); एस. धर, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन-प्रशिक्षण एवं विकास), एमटीआई सहित सेल रांची की विभिन्न इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को पुष्प अर्पित कर उनके राष्ट्र के प्रति अतुलनीय योगदान को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन सेल रांची इकाइयों के सीजीएम (एचआर) के संबोधन से हुआ, जिन्होंने डॉ. अंबेडकर के दृष्टिकोण की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर बल दिया। इसके उपरांत श्री पी.के. होरो ने डॉ. अंबेडकर के जीवन और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और जे.पी. कुमार ने भी डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदानों पर अपने मूल्यवान विचार साझा किए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यपालक निदेशकों ने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे डॉ. अंबेडकर की शिक्षाओं और मूल्यों को अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में अपनाएं। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन हेमू टोप्पो द्वारा प्रस्तुत किया गया और संचालन सुशांत दास ने किया।

## भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर लहू बोलेगा संस्था द्वारा सम्मान समारोह हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती और शहीद पूर्व विधायक कॉ गुरुदास चटर्जी के शहादत दिवस के अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड नव निर्माण के वामपंथी आंदोलन की प्रेरणास्रोत महान शख्सियतों पूर्व सांसद कॉ. एके राय, शहीद पूर्व विधायक कॉ. गुरुदास चटर्जी और कॉ. महेंद्र सिंह की स्मृति को समर्पित था। लहू बोलेगा संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम



में दिव्यांगता के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वाले विशेष शिक्षक पॉवेल कुमार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, भाकपा माले के वरिष्ठ नेता आनंद गुप्ता, अरुण कुमार, शिवेंदु सेन सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने इन तीनों दिवंगत जनप्रतिनिधियों की संघर्षशील राजनीति, उनकी ईमानदारी और जनहित के लिए किए गए कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि इन नेताओं की विचारधारा आज भी सामाजिक न्याय और लोकतंत्र की दिशा में प्रेरणा देती है। सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षक ने सभी आयोजकों और अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि यह सम्मान सिर्फ उनके लिए नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे समर्पित प्रयासों की मान्यता है।

## पारस हॉस्पिटल में अब कैंसर का इलाज हुआ संभव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पारस हॉस्पिटल एचइसी ने अब एक नए रूप में अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए खुद को मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल विध कैंसर सेंटर के रूप में स्थापित कर लिया है। अब पारस हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, गेस्ट्रोएंटरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, क्रिटिकल केयर सहित अत्याधुनिक कैंसर ट्रीटमेंट सेंटर भी उपलब्ध है, जो आधुनिक तकनीकों और अनुभवी विशेषज्ञों के माध्यम से मरीजों को बेहतर इलाज प्रदान करेगा। पारस हॉस्पिटल में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और पेट स्कैन की सुविधा शुरू कर दी गयी है। इसके साथ ही हॉस्पिटल में मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के माध्यम से जांच से लेकर इलाज तक अब मरीजों को एक ही छत के नीचे मिलेगा। पारस हॉस्पिटल एचइसी रांची का पहला ऐसा हॉस्पिटल है, जो मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं के साथ कैंसर के इलाज की संपूर्ण इलाज होगा। अब कैंसर के मरीजों को किसी बड़े शहरों में इलाज कराने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।



### किसने क्या कहा

इस अवसर पर पारस ग्रुप के एमडी डॉ. धरमिन्दर नागर ने कहा कि हमारा उद्देश्य हमेशा मरीजों को सम्पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं एक ही छत के नीचे प्रदान करना रहा है। ग्रुप सीओओ विनीत अग्रवाल ने कहा कि पारस हॉस्पिटल ने मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं के साथ अब एक अत्याधुनिक कैंसर सेंटर की शुरुआत करके इस दिशा में एक सशक्त कदम उठाया है। एचओडी और सीनियर कंसल्टेंट पद पर कार्यरत मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ गुंजेश कुमार सिंह ने कहा कि पारस हॉस्पिटल एचइसी में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और पेट स्कैन की शुरूआत होने जा रही है। अब यहां कैंसर का इलाज करना सुलभ और आसान होगा। पारस हॉस्पिटल एचइसी में हेड नेक सर्जिकल ऑन्को डॉक्टर मदन गुप्ता ने कहा कि कैंसर के इलाज में सर्जरी की कीमोथेरेपी और रेडिएशन की जरूरत होती है, ब्रेन कैंसर की भी सर्जरी हो रही है। पारस हॉस्पिटल के रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ निशांत भारद्वाज ने कहा कि पारस हॉस्पिटल एचइसी में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और पेट स्कैन की शुरूआत होने जा रही है। अब पारस हॉस्पिटल पूरी तरह से ऑन्कोलॉजी सेंटर बन जायेगा। जोनल हेड श्रीकांत सुबुद्धि ने बताया कि कैंसर के मरीज अब बड़े ही सुलभ तरीके से एक ही जगह अपना इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों से करवा सकते हैं। पारस हॉस्पिटल एचईसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि अगर समय पर कैंसर की पहचान हो जाये, तो इसका इलाज संभव है।

### नीजी अस्पताल के चिकित्सा सरकारी अस्पताल में दे सकते हैं सेवा

वहीं सचिव स्वास्थ्य झारखंड राज्य अजय कुमार सिंह ने कहा ये खुशी की बात है कि अपने शहर अत्यधुनिक तकनीक के साथ कैंसर जैसी बीमारी का ईलाज पारस अस्पताल में होगा, ऐसे में मरीजों का बाहर जाने की जरूरत नहीं है। वहीं आगे कहा कि राज्य सरकार नीजी अस्पताल के चिकित्सकों के लिए भी पहल की है कि वे सरकारी अस्पताल में ईलाज कर सकते हैं उन्हें पानी सौ रूपये और सुदुरवर्ती क्षेत्र के अस्पताल में ईलाज करने पर आठ सौ और सर्जरी में तीस प्रतिशत का लाभ देगी। इस अवसर पर अतिरिक्त सचिव स्वास्थ्य झारखंड राज्य अजय कुमार सिंह, विधायक हटिया नवीन जैसवाल, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, डायरेक्टर स्ट्रेटजी डॉ कपिल गर्ग, टीएमएच के हों श्रवणी घोष, डॉ चेताभ सिन्हा, एचइसी के डायरेक्टर पर्सनल मनोज लकड़ा समेत हॉस्पिटल के डॉक्टर्स एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## रक्षा मंत्री संजय सेठ ने स्टेर्गोमेना लॉरेंस टैक्स से किया मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दार एस सलाम के उपंगा मुख्यालय में तंजानिया संयुक्त गणराज्य की रक्षा मंत्री महामहिम स्टेर्गोमेना लॉरेंस टैक्स से मुलाकात की। बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में मजबूत और बढ़ते द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। दोनों मंत्रियों ने हाल के जुड़ावों में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।उन्होंने दार एस सलाम में आयोजित पहले



बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास एआईकेईएमई (अफ्रीका इंडिया की मैरीटाइम एंगेजमेंट) के सफल उद्घाटन का स्वागत किया, जो क्षेत्रीय समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर है। यह अभ्यास हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए भारत और अफ्रीकी देशों की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।चर्चाओं में सहयोग के नए रास्ते तलाशने, रक्षा आदान-प्रदान बढ़ाने और क्षमता निर्माण पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। दोनों नेताओं ने सतत आर्थिक विकास और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए एक सुरक्षित और स्थिर हिंद महासागर क्षेत्र के महत्व को रेखांकित किया।बैठक सकारात्मक नोट पर समाप्त हुई, जिसमें दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों में भविष्य के सहयोग और आपसी समर्थन के लिए आशावाद व्यक्त किया।

## कांटा टोली फ्लाईओवर के नीचे जल जमाव



**रांची।** कांटा टोली फ्लाईओवर के नीचे बहु बाजार और कांटा टोली चौक के बीच जलजमाव का नजारा है। करीब 4ः30 बजे के आसपास जो बारिश हुई थी इसके बाद की स्थिति बन गई है। इस जल जमाव से आवागमन में कही दिखाते हुए खासकर छोटे दुपहिया वाहन चालकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा वहीं पैदल चलने वाले राहगीरों को भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा, वहीं नगर निगम की व्यवस्था पूरी तरह से ठप नजर आई।

## हाथ में संविधान और मन में अधिकार पाने का संकल्प लेने का दिन : तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कांग्रेस द्वारा आयोजित मानव शृंखला कार्यक्रम में राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भाग लिया। अंबेडकर चौक से राजेंद्र चौक तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में संविधान लेकर बाबा साहेब को नमन किया।

झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू , प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इस मानव शृंखला कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस मौके पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कांग्रेस के मानव शृंखला कार्यक्रम ने संविधान को एक दूसरे के साथ जोड़े रखने का संदेश दिया है। आज के दिन हाथ में संविधान और मन में अधिकार पाने का संकल्प लिए आगे बढ़ाना होगा।

उन्होंने कहा कि आज डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करने वालों की भीड़ लगी है। कल तक अपने संगठन कार्यालय में तिरंगा झंडा फहराने से परहेज करने वाले भी



आज जय भीम का नारा लगा रहे है। इस राजनीति को समझने की जरूरत है। राज्य में एससी, एसटी, पिछड़ा, अल्प संख्यक समाज के अधिकार पर लगातार हमला हो रहा है। संविधान के तहत मिले अधिकार को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। ऐसे तमाम साजिश के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करना होगा। ये हमारे आपके और हम सबके के साझा प्रयास से ही संभव है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की इस दौरान संविधान रक्षा को लेकर बनाई गई। आकर्षक झांकी में भी शामिल हुई। ये झांकी कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के नेतृत्व में निकाली गई थी ।

## परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थियों का सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची स्थित महेन्द्रा इंस्टीट्यूट में बैंकिंग और एसएससी भर्ती परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को एक भव्य समारोह में सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह में सफल अभ्यर्थियों ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानियाँ साझा कीं तथा अन्य विद्यार्थियों को भी सकारात्मक सोच, निरंतर अभ्यास और अनुशासन के महत्व के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस सफलता के पीछे संस्थान के शाखा प्रबंधक नीलेश कुमार तथा सभी शिक्षकों का अथक प्रयास रहा, जिसके परिणामस्वरूप सत्र 2024-25 में 150 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न सरकारी नौकरियों में सफलता प्राप्त की।


इस अवसर पर संस्थान के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर आर. पी. सर ने संस्थान की नई सेवाओं की जानकारी दी और छात्रों की सफलता के लिए निरंतर समर्पित रहने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में संस्थान के क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव कुमार वशिष्ठ, फैकल्टी मेंबर अर्जुन कुमार, अखिलेश प्रसाद, मुकेश सर, नसीम सर, मोहनीश सिन्हा सर और टिंकल रानी की विशेष उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना और महेन्द्रा इंस्टीट्यूट की उत्कृष्टता को एक बार फिर सिद्ध किया।

## चान्हो भाजपा कार्यालय में मनाया गया बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती दिवस



**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो भाजपा प्रखंड कार्यालय में मनाया गया बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती और उनके जयंती पर उनके द्वारा बताए गए बातों को अपने जीवन में उतारने हेतु प्रेरणा ली गई। मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि सतीश साह,मंडल मीडिया प्रभारी शालिक राम पांडेय,महामंत्री बिशेश्वर जी,युवा मोर्चा अध्यक्ष अविनाश कुमार, मंडल के पूर्व अध्यक्ष रमेश जी, पूर्व उपाध्यक्ष गोविंद जी,राजेश जी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बंता में जगराता का आयोजन



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली के बंता गांव शिव मंडप समिति के ओर से रविवार रात को जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भजन गायक जोली छावड़ा एवं ग्रुप के द्वारा भजन प्रस्तुत की गई। इस दौरान एवं माता की झांकी का प्रदर्शन किया गया। जोली छाबड़ा के चलो माता ने बुलाया है के भजन की प्रस्तुति देते ही श्रद्धालु झूमने में मजबूर हो गए । जोली छावड़ा एवं साथी कलाकारों ने लगातार एक से एक भजन की प्रस्तुति दी । कार्यक्रम में हरि मंदिर के समीप मंच में वैष्णो देवी माता एवं शेरावाली मां दरबार सजाया गया। जागरण में माता रानी के दरबार में महिलाओं, पुरुषों के साथ साथ नन्हे मुन्हे बचे हाजरी लगाने आए। इस दौरान कोलकाता से आये कलाकारो ने माता की झांकी के साथ-साथ कई यादगार दृश्य को प्रस्तुत किया। इससे पूर्व बंता हजाम उत्तरी व दक्षिणी पंचायत के मुखिया माधुरी सिंह मुंडा व गंगानारायण सिंह मुंडा ने फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## सिल्ली में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई, निकला शोभायात्रा



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली अंबेडकर पार्क में रविवार को अम्बेडकर ग्राम विकास समिति के तत्वाधान में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। अम्बेडकर पार्क में स्थित उनके आदमकद प्रतिमा पर मुख्य अतिथि अंबेडकर ग्राम विकास समिति के संरक्षक सह पुर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, संजय सिद्धार्थ, अर्जुन कालिंदी,नितु देवी ,उर्मिला देवी वं अन्य लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस मौके पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि डॉ भीम राव अंबेडकर देश में एक सामाजिक समरसता एवं सामाजिक समानता के पक्षधर थे। उन्होंने मानव के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा को आधार माना। संविधान में ऐसी व्यवस्था बनाई कि आपस में भेद भाव और छुआ छूत समाप्त हो सके। डॉ अंबेडकर देश की चुनिंदा शक्तियों में से एक है। उन्होंने कहा कि अपने हक और अधिकार के प्रति सजग होने के साथ साथ दलित और गरीब को लक्ष्य करके उनके सामाजिक उत्थान के लिए काम करने की जरूरत है। हम सब को अपने जीवन में डॉ भीम राव अंबेडकर के आदर्शों को आत्मास्त करने की जरूरत है।

## अंबेडकर विचार मंच खलारी ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह पुर्वक मनाई



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंबेडकर विचार मंच खलारी के तत्वाधान में सोमवार को केडी अंबेडकर चौक में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह पुर्वक मनायी गई।

जयंती समारोह राजन सिंह राजा की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खलारी थाना प्रभारी इंस्पैक्टर जयदीप टोप्पो एवं विशिष्ट अतिथि में क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार एवं यूनियन प्रतिनिधि बीएन पाण्डे, सुनील कुमार सिंह, खलारी व्यवसायिक संघ अध्यक्ष शत्रुंजय सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में उपस्थित मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने केडी अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर उन्हे नमन किया। जिसके बाद केडी क्लब में आयोजित जयंती समारोह में सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण राजन सिंह राजा ने दिया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि खलारी थाना प्रभारी इंस्पैक्टर जयदीप टोप्पो ने कहा कि में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने हमेशा समाज के अंतिम पायदान में खड़े शोषित और दबे कुचले लोगों को उनका हक और अधिकार देने का काम किया। उन्होने सभी से कहा कि समाज में बिना किसी भेदभाव और सबका सम्मान करते हुए कार्य करे।

## संकट मोचन वीर हनुमान के प्राण प्रतिष्ठा के साथ भव्य भंडारे का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा भंडार टोली में नव निर्मित श्री श्री 108 संकट मोचन वीर हनुमान मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हेतु पूरे विधि विधान से यज्ञ, अनुष्ठान,हवन,रात्रि में जगराता भक्ति गीत के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप प्रमुख नामकुम वीणा कुमारी,उप प्रमुख जयपाल हज़ाम,प्रधान किस्टो उरांव,पूर्व पंचायत समित सदस्य सुलोचना देवी, पूर्व मुखिया सोहन मुंडा,सुरेश महतो,मुकेश कुमार महतो,वीणा देवी,सहदेव महतो,करीनाथ महतो,धर्म महतो,रामटहल महतो, सुभाष शर्मा, बैज नाथ महतो इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के कौशल्या देवी,चतुर महतो,जलेश्वर लोहारा,राजू लोहारा, लालो देवी,रथों देवी इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पिपरवार कोयलांचल मे मनाया गया संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** संविधान के रचयिता एवं भारतरत्न से सम्मानित विधिवेत्ता, राजनीतिज्ञ डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती सोमवार को सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र व आसपास के इलाको मे धुमधाम के साथ मनाया गया।बाबा साहेब को याद करते हुए कोयलांचल के लोगो ने उन्हे श्रद्धांजलि दी।बचरा अंबेडकर चौक मे कोल इंडिया एससी एसटी इम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा पिपरवार द्वारा भव्य जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता कामेश्वर राम और संचालन उमेश मेहता ने किया।मुख्य अतिथि के रूप मे पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार और विशिष्ट अतिथि मे एरिया रिक्युरीटी ऑफिसर हेमचन्द महतो मौजुद थे।कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।जिसके बाद बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर एवं अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया।वही अंबेडकर जयंती के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब बच्चों के बीच कॉपी और कलम का वितरण किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने कहा कि बाबा साहेब के संदेश ने देश को एक सूत्र मे बांधने का काम किया है।उनके कार्यो को देश कभी नही भूला सकता है।वर्तमान मे उनके दिखाये मार्ग पर चलकर उनके अधुरे सपनो को साकार करने की जरूरत है।

बाबा साहब ने देश को शिक्षित बनने, संगठित होने और संघर्ष करने का आहवान किया था।वर्तमान में उनके अधूरे सपनों को साकार करने और उनके दिखाएं मार्ग पर चलने की जरूरत है।इस मौके पर बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी, वरिष्ठ श्रमिक प्रतिनिधि रविंद्रनाथ सिंह,सतीश कुमार पांडेय, रामू गोप,कृष्ण मुरारी पाठक, निर्मल सिंह,डीएवी बचरा के शिक्षक एके लाल, जीएसपी शर्मा,सुमित कुमार,अविनाश कुमार, मोहम्मद जुलफाम,चमन महतो,गीता एक्का, रीना देवी,किरण देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।कार्यक्रम को सफल बनाने मे कामेश्वर राम, बाबुलाल राम,गणेश राम, मुंशी राम,कृष्णा यादव, रामजीत राम,बंसत कुमार, नागेश्वर राम,रमेश राम,नरेश सेठ,गंगा राम, लखेश्वर लाल, अजय कुमार,हिमांशु चाटर, देवनाथ राम,सुरेन्द्र राम, संतोष राम,ललेन्द्र कुमार सहित अन्य लोगो की सराहनीय भुमिका रही। इधर मगध संघमित्रा के बचरा महाप्रबंधक कार्यालय में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई।मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।कार्यक्रम में डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला गया एवं उनके दिखाएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।इस मौके पर काफी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# संविधान निर्माता डॉक्टर बी आर आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम व उत्साह के साथ मनाई गई।मुख्य कार्यक्रम सिलवे डोल बगीचा स्थित आंबेडकर चौक पर बाबा साहेब के आदमकाद प्रतिमा पर आगत अतिथियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित व माल्यार्पण कर किया गया।इस शुभ अवसर प्रातः 09 बजे कांग्रेस पार्टी की ओर से मुख्य अतिथि खिजरी के विधायक राजेश कच्छप,विशिष्ट अतिथि अशोक मिश्रा,अर्चना मिश्रा,प्रधान किस्टो उरांव,जितेंद्र सिंह, भुनेश्वर महतो,बाबूराम महली,शंकर राम,किशन नायक,राजेश नायक, बंटी नायक,अरुण राम इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि बाबा साहेब का नारा शिक्षित बनो,संगठित रहो,संघर्ष करो को हमेश याद रखकर आगे बढ़ना है।

कांग्रेस पार्टी की ओर से वृद्ध महिलाओं को साड़ी देकर सम्मानित किया गया।उसके साथ रिटायर्ड सेना के अधिकारी पूर्व कर्नल बी के सिंह, संजीत सिंह,नागेश्वर महतो इत्यादि द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित की गई।उसके उपरांत भाजपा टाटीसिलवे मंडल के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा के सांसद व प्रदेश महामंत्री डॉक्टर प्रदीप वर्मा,पूर्व विधायक राम कुमार पाहन,पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार,सुरेंद्र महतो,जिला अध्यक्ष विनय कुमार धीरज,उपाध्यक्ष मनोज चौधरी,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो,महामंत्री अमित मिश्रा, महिला नेत्री आरती कुजूर, माधुरी देवी, डॉक्टर रीझु नायक, रंथू नायक, मनेस महतो,प्रभुदयाल बड़ाइक,सुनील महतो,मुक्ति नाथ मिश्रा,विनोद कुमार शाही,गिरिधर मिश्रा, गाजू महतो,श्रीदाम सिंह मुंडा इत्यादि गणमान्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

डॉक्टर प्रदीप वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब ने हमें सर उठाकर सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिलाया।केंद्र की हमारी सरकार ने राष्ट्रीय स्मारक, पंच तीर्थ बनाने के साथ आज के दिन को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया।

# जसपुरिया बी.एड. कॉलेज में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जसपुरिया बी.एड. कॉलेज में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान में विविध सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के अध्यक्ष महोदय श्री जलैंद्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की गई। इसके पश्चात प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार मिश्रा ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और समाज में उनके योगदान पर एक प्रेरणादायी भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार डॉ. अंबेडकर ने अपने जीवन को दलित, वंचित और शोषित वर्गों के अधिकारों की रक्षा और सामाजिक समरसता की स्थापना के लिए समर्पित कर दिया। मंच संचालन की जिम्मेदारी कुशलता से प्रशिक्षु छात्र राहुल दास और प्रीति राव ने निभाई। प्रशिक्षु पल्लवी ने डॉ. अंबेडकर के जीवन और संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तृत भाषण प्रस्तुत किया, जिसने सभी श्रोताओं को गहराई से प्रभावित किया। इसके पश्चात प्रशिक्षुओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिनमें नृत्य, और गीत शामिल थे। इन प्रस्तुतियों ने डॉ. अंबेडकर के विचारों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। इसके साथ ही एक समूह चर्चा का आयोजन किया गया, जिसका संचालन प्राध्यापक प्रवीण कुमार रवि ने किया।जिसका विषय था– दलित एवं वंचित समुदायों के लिए अंबेडकर का संघर्ष। इस चर्चा में विभिन्न प्रतिभागियों ने डॉ. अंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के अधिकार संबंधी दृष्टिकोण पर विचार साझा किए। इस अवसर पर बी.एड. और किपिंग नर्सिंग विभाग के शिक्षकगण– प्रवीण कुमार कुशवाहा, सजीब कुमार, डॉ. कुमारी प्रियंका, विभा कुमारी, रंचन कुमारी, सरिता कुमारी, प्रभा हेनरी, रश्मि कुमारी, महफ़ूज़ अंसारी, संदीप कुमार, मधु कुमारी एवं सीमा कुमारी– उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल डॉ. अंबेडकर के योगदान को स्मरण करना था, बल्कि उनके विचारों को वर्तमान पीढ़ी तक पहुँचाना और सामाजिक न्याय के लिए उनके द्वारा किए गए संघर्ष से प्रेरणा लेना भी था। अंत में प्राचार्य महोदय द्वारा सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूँटी :** भारतीय संविधान के निर्माता, महान समाज सुधारक एवं भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर आज समाहरणालय स्थित सभागार में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, डीसीएलआर अरविंद कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा बाबा साहेब की तसवीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर न केवल भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी थे, बल्कि वे एक प्रखर अर्थशास्त्री, विधिवेता और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने जीवन भर सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष किया और समता, स्वतंत्रता तथा बंधुत्व पर आधारित समाज की स्थापना के लिए कार्य किया। उनका सम्पूर्ण जीवन वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने एवं समाज में न्यायसंगत व्यवस्था स्थापित करने के लिए समर्पित रहा। सभा के दौरान उप विकास आयुक्त ने बाबा साहेब के योगदानों को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर का जीवन सामाजिक न्याय, समानता एवं लोकतंत्र के मूल्यों का प्रतीक है, जो आज भी प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारीगण एवं कर्मीगण द्वारा बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

## पिपरवार के स्कूलों में मनाया गया डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में सोमवार को देश रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई।न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर मे डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की प्राचार्या टाका नारो जमीर द्वारा दीप प्रज्जवलित कर एवं बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई।प्राचार्या सहित शिक्षको ने बाबा साहेब के संघर्ष और उनके द्वारा समाज में लाए गए बदलाव पर विस्तार से जानकारी दी।विद्यालय की प्रबंधक रेहाना परवीन ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज में व्याप्त असमानता और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाया था।उन्होंने सभी को एक सूत्र में बांधने का काम किया है।उनके योगदान को देश कभी भी भूला नहीं सकता है।कार्यक्रम के अंत में स्कूल के निदेशक मोहम्मद साहिल ने कहा कि अंबेडकर जी के आदर्शों और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने की जरूरत है। इधर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई।विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश महतो ने दीप प्रज्जवलन कर व डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिभा के धनी छात्र थे।

## बचरा काजल मेडिकल में निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शरीर का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा अशोक विहार स्थित काजल मेडिकल में सोमवार को निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में रांची से आए जनरल फिजिशियन डॉक्टर एम. हसीबुल्लाह ने क्षेत्र के कई लोगों का निश्शुल्क उपचार किया।इससे पूर्व कोल इंडिया एससी/एसटी इंप्लाइज एसोसिएशन सिस्टा पिपरवार क्षेत्र के सचिव कामेश्वर राम ने और डॉक्टर एम. हसीबुल्लाह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया।इसके बाद शिविर में सैकड़ो लोगों की जांच की गई।इस संबंध में डॉक्टर एम. हसीबुल्लाह ने बताया कि सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार और सोमवार को वह काजल मेडिकल के नए क्लीनिक में लोगों का उपचार करेंगे।वही सिस्टा सचिव कामेश्वर राम ने बताया कि काजल मेडिकल के सौजन्य से अब यहां के लोगों का उपचार भी किया जाएगा।सप्ताह में दो दिन जनरल फिजिशियन डॉक्टर एम. हसीबुल्लाह के द्वारा लोगों का उपचार किया जाएगा।काजल मेडिकल का यह प्रयास काफी सराहनीय है।वहीं काजल मेडिकल के संचालक अजय कुमार ने बताया कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर से बेहतर इलाज की सुविधा प्रदान करने के लिए यह क्लीनिक चालू किया गया है।

## तीन दिवसीय महायज्ञ शुरू

**अनगड़ा :** नवागढ़ स्थित शिव मंदिर का सोमवार को तीन दिवसीय पहला श्री 108 रुद्राभिषेक महायज्ञ शुरू हुआ । पहले दिन कलश यात्रा निकाला गया । 301 महिलाओ ने सोसो डेगाड़ेगी स्थित स्वर्णरेखा नदी से जल का उठाव किया गया । मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व रांची जिला अध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार भी कलश यात्रा में शामिल है । 15 अप्रैल को बेदी पूजन और 16 अप्रैल को अखंड हरी कीर्तन व भंडारा होगा । धार्मिक अनुष्ठान आचार्य राजेश शास्त्री व सहयोगी दीपक मिश्रा कर रहे हैं । इस अवसर पर संजय उपाध्याय संतोष उपाध्याय रामदेव पांडे राजू रजवार जुगनू रजवार विजेंद्र उपाध्याय मुकेश पांडे दिलीप पांडे संदीप पांडे भरत पांडे सुमित पांडे अनिल पांडे आदि उपस्थित थे ।

## यूथ क्लब के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी यूथ क्लब की मासिक बैठक सोमवार को आशा संस्था के प्रांगण में किशोर गोप की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयन्ती मनायी गयी। इस क्रम में डॉ अम्बेडकर के जीवन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी, क्वीज प्रतियोगिता व लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। वहीं यूथ कल्ब के द्वारा पूर्व में किये गये कार्यो की समीक्षा की गयी साथ ही इस माह होने वाले स्वच्छता अभियान कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्च की गयी। इससे पूर्व अजीम प्रेमजी फाऊण्डेशन के साकेत सिंह द्वारा यूथ कलब के यूवा सदस्यों व पेंशनर समाज के सदस्यों का स्वागत कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। बैठक में यूथ क्लब के दर्जनों साथी शामिल हुए।

## फूलखूंदी व झूलन के साथ संपन्न हुआ नवागढ़ मंडा पूजा

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नवागढ़ गांव में सोमवार की सुबह में फूलखुंदी व झूलन के साथ सात दिवसीय शिव मंडा पूजा का समापन हुआ। रात्रि जागरण में कार्तिक कर्मकार रघुनाथपुर सरायकेला खरसांवा व गोपाल मंडल पुरुलिया बंगाल की दो छउ नृत्य टीमों के बीच मुकाबला हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया व पंसस फाल्गुनी शाही ने रात्रि जागरण अखाड़ा का फीता काटकर उदघाटन किया। पूजा में 75 भोक्ता व 80 सोक्ता शामिल हुए। जैलेन्द्र कुमार ने कहा की मंडा पूजा झारखंड खासकर छोटानागपुर की प्रमुख पर्व है। इस पूजा को सदियों से आदिवासी सहित यहां का सभी समाज मिलजुलकर करता आया है। यह पूजा सामाजिक मिश्रण के बीच एकता का प्रतीक है। इस एकता को बनाए रखना है। मौके पर अतिथि के रूप में प्रमोद सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रभुदयाल बड़ाइक, बुधराम बेदिया, संतोष बेदिया, संजय बेदिया, बालेश्वर बेदिया, दिलीप कुमार मिर्धा, रवि मिर्धा सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष गौतम करमाली, सचिव विजेंद्र उपाध्याय, कोषाध्यक्ष रूसवा मिर्धा, प्रवक्ता दिलीप कुमार मिर्धा, मानकी कामख्या नारायण शाही, रामदेव पांडे, मटू मिर्धा, शिबू बेदिया, दीपेंद्र बेदिया, ओम संगवार, अनिल हजाम, दिनेश करमाली, मनरतन करमाली आदि उपस्थित थे।

# भाजपा खलारी मंडल ने भीमराव अम्बेडकर की 134 वी जंयती मनायी



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा खलारी मंडल के द्वारा गुलजारबाग साईनगर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134 वी जंयती मनाया गया.कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने सर्वप्रथम बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उपस्थित सभी लोगों ने बारी बारी से पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया .वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर ही हम समाज में समानता एवं देश को नयी उँचाइयों पर ले जा सकते हैं . कहा कि बाबा साहब के विचारों और कार्यो ने देश को मजबूत किया है.उन्होंने शिक्षा पर विशेष जोर दिया. उनके द्वारा निर्मित संविधान ने समाज से भेदभाव दूर किया और देश को एकता प्रदान की.इस मौके पर लोगों के बीच मिठाई भी बांटा गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गंझू ने किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष प्रीतम साहू ,जीप सदस्य सरस्वती देवी ,पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, मंडल संयोजक रामसूरत यादव, श्याम सुंदर सिंह, अरविंद सिंह, भरत रजक, शशि प्रसाद साहू ,शैलेंद्र शर्मा, मिथिलेश प्रजापति, कुलदीप लोहार, शत्रुंजय सिंह, ममता केसरी, सरोजनी देवी ,मीरा देवी, शिव चौधरी, बीरबल गंझू ,प्रमोद प्रजापति, नीरा देवी, सरिता देवी, संजीत देवी, दीपशिखा देवी, प्रदीप प्रमाणिक ,तुलसी मुंडा, राजेंद्र रजक, रवि भूषण सिंह, नवीन ठाकुर, लाल बाबू सिंह ,सुबोध रजक,अशोक शुक्ला आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# बेड़ो पंचायत सचिवालय में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई आंबेडकर जयंती



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत सचिवालय बेड़ो में आज भारतीय संविधान निर्माता, दलितों के मसीहा और महान समाज सुधारक डॉक्टर भीम राव आंबेडकर बाबा साहब की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पंचायत भवन परिसर में एक सादे लेकिन भावुक माहौल में बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत मुखिया श्रीमती सुशांति भगत द्वारा बाबा साहब के चित्र पर नतमस्तक हो अगरबत्ती जलाकर प्रार्थना से हुई। इसके पश्चात पंचायत सचिव अमित केरकेट्टा, समाजसेवी सुशील भगत, वार्ड सदस्य मंगल उरांव, प्रज्ञा केंद्र संचालक शाहिद अंसारी समेत उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी बाबा साहब की पुण्य स्मृति में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर मुखिया श्रीमती सुशांति भगत ने कहा कि – बाबा साहब डॉक्टर भीम राव आंबेडकर ने समाज के शोषित और वंचित वर्ग के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने हमें जो अधिकार दिए हैं, उन्हें समझना और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उनकी सोच और विचारधारा आज भी समाज में समानता और भाईचारे की सबसे मजबूत कड़ी है। कार्यक्रम के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी बाबा साहब के संघर्षमयी जीवन, उनके विचारों और संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि आंबेडकर जी का जीवन आज भी सामाजिक समानता और न्याय के लिए प्रेरणास्त्रोत बना हुआ है।

## सैमसंग के स्मार्टफोन मॉडल गैलेक्सी में मिलेंगे 'ऑसम इंटेलिजेंस' के एआई फीचर्स




रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)। सैमसंग ने अपने लोकप्रिय स्मार्टफोन मॉडल गैलेक्सी ए56, ए36 और ए26 में अब 'ऑसम इंटेलिजेंस' फीचर्स को शामिल कर दिया है। यह पहल एआई तकनीक को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने की दिशा में एक अहम कदम है। नए एआई-पावर्ड फीचर्स के जरिए, यूजर्स को मल्टीटास्किंग, सर्चिंग और कंटेंट से जुड़ी क्रियाओं में पहले से कहीं अधिक सुविधा मिलेगी। 'सर्कल टू सर्च विद गूगल' अब फोटो के साथ-साथ गानों की भी पहचान कर सकता है। 'एआई सेलेक्ट' स्क्रीन पर मौजूद टेक्स्ट, इमेज या वीडियो के आधार पर स्मार्ट सुझाव देता है, जिससे जीआईएफ बनाना, क्यूआर कोड स्कैन करना और अन्य कार्य आसान हो जाते हैं। इसके अलावा 'रीड अलाउड' फीचर ऑनलाइन टेक्स्ट को ऑडियो में बदलकर यूजर को सुनने की सुविधा देता है। ये फीचर्स फोन को अधिक उपयोगी और रचनात्मक बनाते हैं।

## पत्रकार सुमन मोदक हुए सम्मानित



सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता)। विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में उत्कृष्ट कार्य तथा पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रभात मंत्र के पत्रकार सुमन मोदक को सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान स्थानीय बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित चैत्र पर्व सह छऊ महोत्सव कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने उन्हें अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सुमन मोदक ने इस अवसर पर सभी सहयोगियों और शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान उनकी जिम्मेदारियों को और अधिक बढ़ाता है।

## जानकीपुर फुटबॉल प्रतियोगिता में सरना क्लब महादेवपुर विजेता



खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता)। सरायकेला प्रखंड के मोहितपुर पंचायत अंतर्गत जानकीपुर गांव में चैत्र संक्रांति के अवसर पर नावा जूमिद जियाड़ द्वारा एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 16 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में सरना क्लब महादेवपुर ने प्रधानडीह एफसी को हराकर खिताब जीता। विजेता टीम को 25,000, उपविजेता को 20,000, तीसरे स्थान पर रही साधु एफसी को 10,000 और चौथे स्थान पर रही सुनैना क्लब को 8,000 की नगद राशि दी गई। मुख्य अतिथि विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने खिलाड़ियों से लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## चड़क पूजा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा



ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): ईचागढ़ प्रखंड के पुड़ीहेंसा एवं लावा गांवों में पारंपरिक आस्था के साथ चड़क पूजा का आयोजन हुआ। बुड़ा बाबा शिव मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और मन्नत पूरी होने पर बकरों की बली दी। मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झूमर व छऊ नृत्य की प्रस्तुति हुई, जिसमें पुरुलिया से आए कलाकारों ने भी भाग लिया। वार्ड सदस्य फूल चांद महतो ने बताया कि यह पूजा श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है, जिसमें दूर-दराज से लोग भाग लेते हैं। पुजारी कठिन चंद्र महतो ने कहा कि यह परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है और पूरे गांव की सामूहिक भागीदारी से विधि-विधानपूर्वक पूजा होती है।

## जेएलकेएम कार्यकर्ताओं ने किया डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद



पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) की पटमदा प्रखंड कमेटी की ओर से सोमवार को कांटिन चौक स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए उनकी जयंती के मौके पर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला प्रवक्ता फनी भूषण महतो, पटमदा प्रखंड अध्यक्ष अनिल बास्के, मृत्युंजय महतो, विकल महतो, कृष्ण सहिस, साहेब राम महतो, फूलचांद मुर्मू, निर्मल महतो, सैकत महतो, प्रबीर महतो, प्रदीप महतो, अंकुर महतो, शिव शंकर महतो, भक्तरंजन महतो, हरेकृष्ण महतो, लालमोहन महतो मलय महतो व देवाशीष महतो आदि मौजूद थे।

## मानवजन कल्याण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. कृष्ण मुरारी मिश्रा का निधन



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): राष्ट्रीय मानवजन कल्याण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. कृष्ण मुरारी मिश्रा का 13 अप्रैल की रात मंझगामा (पलामू) स्थित निवास पर निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 अप्रैल को मंझगामा में किया गया। यह जानकारी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव आशा मिश्रा और उनके पुत्र राकेश कुमार मिश्रा ने दी। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मौन रख श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुनील कुमार पाण्डेय ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया और दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की।

## दगड़ीगोड़ा में जगन्नाथ महाप्रभु के मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन आज

पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता): पटमदा के कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दगड़ीगोड़ा गांव स्थित श्री श्री हरि साधना आश्रम में मंगलवार को पहला वैशाख के मौके पर श्री श्री जगन्नाथ महाप्रभु के मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन का आयोजन किया जाएगा। इसमें पुरी जगन्नाथ मंदिर से 5 पुरोहित विधिवत पूजन कार्यक्रम को संपन्न कराएंगे। इसके बाद गोपालपुर में भी मौसी बाड़ी के निर्माण हेतु भूमि पूजन का आयोजन होगा। इसकी जानकारी देते हुए मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष गिरिजा प्रसाद मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों के अलावा जमशेदपुर एवं पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के विभिन्न गांवों में 1500 से अधिक कार्ड भेजकर भक्तगणों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि करीब 2 हजार लोगों के लिए खिचड़ी प्रसाद की व्यवस्था की गई है। सुबह 7 बजे से भूमि पूजन का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। सोमवार को आश्रम परिसर में आयोजित तैयारी बैठक में कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों ने भाग लिया।

# सरायकेला में वज्रपात से चार बैलों की मौत, किसान ने लगाई सरकारी मदद की गुहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : सरायकेला जिले के संजय नील मोहनपुर गांव में बीते रात हुई वज्रपात में चार बैल की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना की जानकारी देते हुए बैल मालिक सानु महतो और बबलू वनसिंह ने बताया कि चारों बैल रोज की तरह घर से बाहर निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। इसके बाद उन्होंने बैलों की तलाश शुरू की, लेकिन सुबह ग्रामीणों से सूचना मिली कि वज्रपात के कारण सभी बैल मृत पाए गए हैं। उन्होंने सरायकेला थाना को भी इस घटना की सूचना दी है। बैल मालिकों ने सरकार से मदद की अपील की है, क्योंकि वे इन्हीं बैलों से कृषि कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। बताया गया कि सानु महतो का एक बैल था, जबकि बबलू वनसिंह के तीन बैल थे। चारों बैल को पूरे विधि-विधान से जंगल में दफना दिया गया है।

## मोइरांग विजय दिवस पर नेताजी सुभाष मंच द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर। नेताजी सुभाष मंच द्वारा मोइरांग विजय दिवस के अवसर पर द मिलानी (बिष्टुपुर) में एक भव्य देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 14 अप्रैल 1944 को आजाद हिंद फौज ने मणिपुर के मोइरांग में अंग्रेज़ों को पराजित कर पहली बार तिरंगा फहराया था। उसी ऐतिहासिक विजय को स्मरण करते हुए यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शेखर डे उपस्थित रहे। अध्यक्षता पी. के. नंदी ने की। कार्यक्रम में रविंद्र चौबे, भास्कर मित्रा और सुष्मिता गांगुली मौजूद थे। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत, नृत्य और वक्ताओं के प्रेरक भाषणों ने उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया। आयोजकों ने इसे युवा पीढ़ी को प्रेरित करने का एक प्रयास बताया।


## जिला कांग्रेस ने साकची पुराना कोर्ट समीप डॉ. अंबेडकर जयंती पर माल्यार्पण कर नमन किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती साकची पुराना कोर्ट के समीप मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने की। कार्यक्रम के दौरान, जिलाध्यक्ष ने बाबा साहेब के चित्र पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर को संविधान निर्माता के रूप में सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने सभी से संविधान का पालन करने और लोकतंत्र की सुरक्षा हेतु सजग रहने की अपील की। साथ ही, कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संविधान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, वरिष्ठ नेता खगेनचंद्र महतो, प्रदेश महामंत्री विजय खान, प्रदेश सचिव देबू चटर्जी, राजकिशोर यादव, के.के. शुक्ला, ज्योतिष यादव, शफी अहमद खान, कमलेश कुमार पांडेय, रजनीश सिंह, शशी कुमार सिन्हा, धर्मा राव (साकची प्रखंड अध्यक्ष), अमरजीत नाथ मिश्र, कृष्णा ठाकुर, भोला यादव, ज्योति मिश्र, अतुल गुप्ता, संजय यादव, आशीष ठाकुर (जमशेदपुर ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष), रंजीत सिंह, संजय कुमार, इंदुभूषण यादव, राज किशोर प्रसाद, शेखर कुमार, अमर कुमार मिश्र, संजय चौधरी, नारायण दे, अजय शर्मा, मो. सलीम, राजकुमार वर्मा, मनोज उपाध्याय, जसवंत सिंह जस्सी, मुन्ना मिश्र, सुखदेव सिंह मल्ही, सावन मुखी, गुड्डी देवी, हरिहर प्रसाद सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## हज़रत बादशाह अब्दुर्रहीम उर्फ चुना शाह बाबा का 56वां उर्स शरीफ 17 अप्रैल से बिष्टुपुर में शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित हज़रत बादशाह अब्दुर्रहीम उर्फ चुना शाह बाबा का 56वां सालाना उर्स शरीफ 17 अप्रैल से शुरू हो रहा है। गद्दी नशीन ताज अहमद साहब और सरपरस्त हिदायतुल्लाह खान की देखरेख में आयोजित इस उर्स में कुरआन ख्वानी, तकरीर, चादरपोशी, कव्वाली और लंगर जैसे धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। जानकारी देते हुए दरगाह कमिटी, चुना शाह बाबा, बिष्टुपुर, जमशेदपुर के जनरल सेक्रेटरी हाजी एस एम कुतुबुद्दीन ने बताया कि हर साल सव्वाल की 18 तारीख (हिजरी) से उर्स मुबारक की शुरुआत कुरान ख्वानी से शुरू होती है। बताया 17 अप्रैल को सुबह 8 बजे कुरान ख्वानी होगी। 18 अप्रैल को नमाज ए ईशा बाद उलमा ए कराम सोहरा ए कराम नातख्वानी और तकरीर पेश करेंगे जिसमे मुख्य वक्ता कोलकाता के मौलाना जहीर वारसी मिस्बाही साहब होंगे। 19 अप्रैल को 10 बजे सुबह से चादर व संदल गस्त, 1=20 में चादर पोशी, 2 बजे दिन से लंगर वितरण और रात 9 बजे महफिले शमा (कव्वाली) का आयोजन होगा, जबकि 20 अप्रैल को लंगर और कव्वाली की महफिल सजाई जाएगी। 21 अप्रैल को रात 9 बजे से भव्य महफिल-ए-शाम का आयोजन होगा जिसमें गुजरात से साहिल अली साबरी कव्वाल पार्टी और बिहार के नवादा से जानी वारसी कव्वाल पार्टी अपनी प्रस्तुतियों से महफिल को रौशन करेंगे। दरगाह कमेटी ने तमाम अकीदतमंदों से उर्स शरीफ में शिरकत कर रूहानी फैयाज़ हासिल करने की अपील की है। साथ ही गैर-इस्लामी गतिविधियों से बचने और धार्मिक मर्यादाओं का पालन करने का अनुरोध किया गया है।

### अंबेडकर जयंती पर सोना देवी विश्वविद्यालय में श्रद्धांजलि समारोह, प्रभाकर सिंह बोले :


## राष्ट्र नायकों का सम्मान ही प्रगति का है मार्ग




प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर। सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि समारोह आयोजित हुआ। सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में कुलाधिपति प्रभाकर सिंह, कुलसचिव डॉ. गुलाब सिंह आज़ाद सहित सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। डॉ. अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कुलसचिव डॉ. आज़ाद ने कहा कि बाबा साहब भारत के सबसे शिक्षित समाज सुधारकों में एक थे। उन्होंने आजीवन सामाजिक समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए संघर्ष किया। कुलाधिपति प्रभाकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा, कोई भी देश अपने राष्ट्र नायकों का सम्मान किए बिना तरक्की नहीं कर सकता। उन्होंने युवाओं से बाबा साहब के विचारों को जीवन में अपनाने का आग्रह किया। राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. शिव चंद्र झा ने भी अंबेडकर के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बोड़ाम के किसानों ने शुरू की वैकल्पिक खेती, सूर्यमुखी लगाकर आमदनी बढ़ाने की तैयारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा। बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत बोटा गांव के फनी महतो और गेड़ुआ के गोपाल सिंह ने सब्जी की खेती में हुए घाटे से उबरने के लिए इस बार वैकल्पिक खेती का रास्ता अपनाया है। दोनों किसानों ने सूर्यमुखी फूल की खेती शुरू की है। फनी महतो ने 2 बीघा और गोपाल सिंह ने 1 बीघा भूमि पर सूर्यमुखी फूल लगाए हैं। फनी महतो ने फरवरी में पश्चिम बंगाल से 1200 रुपये में अन्नपूर्णा एग्रो प्रजाति के बीज खरीदकर खेती की शुरुआत की, जिस पर कुल 10,000 रुपये खर्च हुए हैं। उनके खेतों में फूल लहलहा रहे हैं, जिससे उन्हें अच्छी उपज की उम्मीद है। वर्षा आधारित खेती पर निर्भर ये किसान अब सूर्यमुखी को आमदनी का नया जरिया मान रहे हैं। यदि यह प्रयोग सफल होता है तो फनी महतो भविष्य में 5 एकड़ तक सूर्यमुखी की खेती करने की योजना बना रहे हैं।

## छऊ महोत्सव के समापन समारोह में पत्रकार अनूप मिश्रा को मिला सम्मान



प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला। सरायकेला-खरसावां में आयोजित तीन दिवसीय राजकीय चैत्रपर्व सह छऊ महोत्सव के समापन अवसर पर दूरदर्शन (डीडी न्यूज़) के वरिष्ठ पत्रकार अनूप मिश्रा को सम्मानित किया गया। उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मुकेश लुणायत और जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा द्वारा उन्हें विधानसभा चुनाव के निष्पक्ष एवं प्रभावी कवरेज तथा छऊ कला के प्रचार-प्रसार में उत्कृष्ट योगदान के लिए अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## झारखंड प्रभारी के राजू से मिले युवा कांग्रेस नेता राकेश साहू



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा रांची के राजेंद्र चौक पर आयोजित मानव श्रृंखला कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू ने अपने समर्थकों के साथ भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू से मुलाकात की और संगठन को मजबूत करने के लिए अहम सुझाव दिए। राकेश साहू ने सुझाव दिया कि जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए प्रत्येक जिला कांग्रेस भवन में नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे आम जनता की समस्याएं सीधे संगठन तक पहुंचेंगी और लोगों का भरोसा भी बढ़ेगा। कार्यक्रम में शामिल होकर राकेश ने बाबा साहेब के विचारों और संविधान की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## अंबेडकर जयंती पर उपायुक्त ने अर्पित की श्रद्धांजलि



सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता)। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने सूचना भवन परिसर में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने जिलेवासियों को शुभकामनाएं दीं और बाबा साहेब के विचारों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। उपायुक्त ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि महान समाज सुधारक, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री और प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने विषम परिस्थितियों में सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने कहा कि संविधान में समाहित उनके विचार आज भी राष्ट्र निर्माण की दिशा में मार्गदर्शक हैं। इस अवसर पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा-सह-नजारत उप समाहर्ता अनिल टुडू, सोशल मीडिया प्रसार पदाधिकारी नंदन उपाध्याय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

## बोड़ाम में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती



पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता)। बोड़ाम हाटतोला में सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सामाजिक संगठनों ने बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के युवा नेता देवव्रत महतो ने बाबा साहेब के योगदान को सराहा और उनके विचारों से प्रेरणा लेने की बात की। इस कार्यक्रम में देवव्रत महतो, रंजन गोप, सोमनाथ महतो, राधेश्याम सिंह, चित्तरंजन गोप, मिहिर महतो, अमर गोप, दुर्गापद रजक, विवेक मोदक, धनंजय प्रामाणिक, शरत चंद्र महतो, शांतिराम महतो, सुचांद महतो, सुमन पाड़िया, अजय महतो, हरेन महतो, राकेश महतो, परशुराम महतो और करुणामई महतो उपस्थित थे।

## अंबेडकर जयंती पर एआईसीसी इंचार्ज के. राजू को बाबा साहेब की प्रतिमा भेंट



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के एआईसीसी प्रभारी श्री के. राजू से कार्यकारी जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनकर ने मुलाकात की। इस अवसर पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस की ओर से श्री राजू को बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा भेंट की गई। श्री सोनकर ने कहा कि यह प्रतिमा बाबा साहेब के विचारों और सिद्धांतों की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिमा सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की रक्षा के लिए अंबेडकर जी द्वारा किए गए संघर्षों की प्रेरणा देती है। युवाओं के लिए यह प्रतिमा समता और परिवर्तन के मार्ग पर चलने का संदेश देती है। इस अवसर पर श्री सोनकर ने राज्य के सभी समतामूलक समाज के समर्थकों को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दीं।

## जमशेदपुर में भाजपा ने मनाई अंबेडकर जयंती, दिया सामाजिक समरसता का संदेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर। भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। साकची पुराना कोर्ट मोड़ स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक पूर्णिमा साहू, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष परेश मुखी, पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, गुंजन यादव, पी.के. करवा, राकेश मुखी, सतीश मुखी, मनोज करवा, अजय रजक, चंदन भारती, सजल साल, अजय सिंह, राम कालिंदी, अशोक कुमार, हीरा लाल रजक, बबलू मुखी, राजा राम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों पर चलने और सामाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## विचार प्रवाह

संपादकीय

## बड़ी कूटनीतिक जीत

**लगभग** डेढ़ दशक के प्रयासों के बाद, देश को दहला देने वाले मुंबई आतंकी हमले के सूत्रधार रहे पाकिस्तानी मूल के तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण हमारी बड़ी कानूनी व कूटनीतिक जीत है। यह सफलता तब ही पूर्ण मानी जाएगी जब इस साजिश में बड़ी भूमिका निभाने वाले डेविड कोलमैन हेडली का भारत प्रत्यर्पण हो सकेगा। जिसने मुंबई हमले से पूर्व आतंकियों द्वारा निशाने पर लिए गए जगहों की कई बार रेकी करके आतंकी सरगनाओं की मदद की थी। निश्चय की तहव्वुर राणा का भारत लाया जाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि जांच के बाद मुंबई आतंकी हमले में पाकिस्तान सरकार तथा आईएसआई की भूमिका व पाक स्थित आतंकी संगठनों के खतरनाक मंसूबों का खुलासा हो सकेगा। सही मायनों में यह हमारी खुफिया एजेंसियों की भी कठिन परीक्षा होगी कि इस साजिश की तह तक कैसे पहुंचा जाए। भारतीय खुफिया एजेंसियां से यदि इस बड़ी साजिश की कड़ियां सही तरह से जोड़ पायी तो आतंकवाद की उर्वरा भूमि बने पाकिस्तान को दुनिया के सामने बेनकाब किया जा सकेगा। यही वजह है कि 26/11 के दहला देने वाले मुंबई हमले के सूत्रधार तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पण करने के रास्ते अवरोध खड़े करने में प्रत्यक्ष-परोक्ष तौर पर पाक समर्थकों द्वारा कोशिशें की गई। वे सारे कानूनी उपाय अपनाए गए जो राणा का प्रत्यर्पण रोक सकते थे। बहरहाल, इस प्रत्यर्पण से उन शहीदों के परिजनों को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है, जिनकी इस आतंकी हमले में मृत्यु हुई थी। अब तक उनके परिजनों को इस बात का मलाल था कि सोलह साल बाद भी सभी अपराधियों को सजा नहीं मिली सकी है। साथ ही राणा की पूछताछ से होने वाले खुलासों से आतंकवाद की पाठशाला बने पाकिस्तान को अलग-थलग करने के प्रयासों को भी बल मिलेगा। निश्चित रूप से तहव्वुर राणा के खिलाफ भारतीय कानून व न्याय व्यवस्था के मानकों के अनुरूप ही कार्रवाई होगी। साथ ही अजमल कसाब की तरह उसकी अपनी बात कहने को कानूनी मदद भी दी जाएगी। हालांकि, अब तक पाकिस्तान मुंबई आतंकी हमले में अपना हाथ होने से लगातार इनकार करता रहा है, लेकिन सभी प्राथमिक सूचनाएं और ठोस सबूत पाक की तरफ इशारा करते रहे हैं। वहीं दूसरी ओर यह अपनी धरती पर कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के बड़े गुर्गों को संरक्षण देकर उनका बचाव करता रहा है। ऐसे में हमारी जांच एजेंसियों के अधिकारी तहव्वुर राणा से सख्त पूछताछ से सच्चाई सामने लाने में सक्षम हो सकते हैं। साथ ही ठोस निष्कर्षों के आधार पर पाकिस्तान पर दबाव बना सकता है कि वह अपनी जमीन आतंकवादियों को पालने-पोसने में इस्तेमाल न होने दे। इसके अलावा आतंकी संगठनों पर पर्याप्त दबाव बनाए, ताकि फिर मानवता के खिलाफ मुंबई हमले जैसे घटनाक्रम न दोहराए जा सकें। बहरहाल, तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण पाकिस्तान तथा दूसरे देशों में भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे लोगों व संगठनों के लिये साफ संदेश गया है कि इंसानियत के दुश्मन दुनिया के किसी भी कोने में कानून की आंच से बच नहीं सकते। साथ ही पाकिस्तान को आईना दिखा दिया गया है जो तहव्वुर राणा को कनाडा का नागरिक बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा था। निश्चित रूप से इस सफलता में भारत के राजनीतिक व कूटनीतिक प्रयासों की भी बड़ी भूमिका रही है। भारतीय अधिकारियों ने इस दिन के लिये कड़ी मेहनत की। हालांकि, अभी इस रहस्य से पर्दा उठना बाकी है कि अमेरिका ने क्यों अपने नागरिक डेविड हेडली को भारत को सौंपने से परहेज किया। जबकि उसने इस बड़े अपराध में बड़ी भूमिका निभाई थी। हेडली व राणा आतंकी हमले को अंजाम देने वाले आतंकी संगठनों व पाक खुफिया एजेंसियों के संपर्क में लगातार बने रहे थे।


आतंकी हमले के सूत्रधार रहे पाकिस्तानी मूल के तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण हमारी बड़ी कानूनी व कूटनीतिक जीत है। यह सफलता तब ही पूर्ण मानी जाएगी जब इस साजिश में बड़ी भूमिका निभाने वाले डेविड कोलमैन हेडली का भारत प्रत्यर्पण हो सकेगा। जिसने मुंबई हमले से पूर्व आतंकियों द्वारा निशाने पर लिए गए जगहों की कई बार रेकी करके आतंकी सरगनाओं की मदद की थी। निश्चय की तहव्वुर राणा का भारत लाया जाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि जांच के बाद मुंबई आतंकी हमले में पाकिस्तान सरकार तथा आईएसआई की भूमिका व पाक स्थित आतंकी संगठनों के खतरनाक मंसूबों का खुलासा हो सकेगा। सही मायनों में यह हमारी खुफिया एजेंसियों की भी कठिन परीक्षा होगी कि इस साजिश की तह तक कैसे पहुंचा जाए। भारतीय खुफिया एजेंसियां से यदि इस बड़ी साजिश की कड़ियां सही तरह से जोड़ पायी तो आतंकवाद की उर्वरा भूमि बने पाकिस्तान को दुनिया के सामने बेनकाब किया जा सकेगा। यही वजह है कि 26/11 के दहला देने वाले मुंबई हमले के सूत्रधार तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पण करने के रास्ते अवरोध खड़े करने में प्रत्यक्ष-परोक्ष तौर पर पाक समर्थकों द्वारा कोशिशें की गई।


### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कूटनीतिक जीत एवं भारत की कानून की बड़ी सफलता है

# राणा के बहाने पाकिस्तान का पूरा आतंकी सच उजागर हो

ललित गर्ग


क्रूरता एवं अमानवीयता का डरावना मंजर एवं देशवासियों की आंखों को गमगीन करने वाले इस आतंकी हमले के मास्टरमाइंड राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिये एक उजली किरण बनकर प्रस्तुत हुई है। 26-11-2008 एक ऐसी डरावनी तारीख है जिसे याद करके देशवासी सिहर जाते हैं। दहशत की तस्वीरें आंखों के सामने आ जाती हैं। यह तारीख मुम्बई के पुराने घाव को न केवल कुरेदती है बल्कि टीस भी पैदा करती है कि 150 करोड़ का यह देश अब तक क्यों नहीं राणा का प्रत्यर्पण कराकर उसे दर्दनाक सजा दे पाया।


**मुंबई** में भीषण, खौफनाक एवं दर्दनाक आतंकी हमले की साजिश रचने और उसे अंजाम देने में सक्रिय रूप से शामिल रहने वाले पाकिस्तान मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से भारत लाया जाना किसी उपलब्धि से कम नहीं है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कूटनीतिक जीत एवं भारत की कानून की बड़ी सफलता है। लगभग 170 लोगों की दर्दनाक मौत, क्रूरता एवं अमानवीयता का डरावना मंजर एवं देशवासियों की आंखों को गमगीन करने वाले इस आतंकी हमले के मास्टरमाइंड राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिये एक उजली किरण बनकर प्रस्तुत हुई है। 26-11-2008 एक ऐसी डरावनी तारीख है जिसे याद करके देशवासी सिहर जाते हैं। दहशत की तस्वीरें आंखों के सामने आ जाती हैं। यह तारीख मुम्बई के पुराने घाव को न केवल कुरेदती है बल्कि टीस भी पैदा करती है कि 150 करोड़ का यह देश अब तक क्यों नहीं राणा का प्रत्यर्पण कराकर उसे दर्दनाक सजा दे पाया। अब राणा के भारत के शिकंजे में आ जाने से 26-11 के घावों पर कुछ मरहम लगेगा क्योंकि मुम्बई एवं देश आज भी जख्मों का हिसाब मांगती है। देर आये दुरस्त आये की कहावत को चरितार्थ करते हुए अब देश का खतरनाक दुश्मन हाथ आ गया है तो उसे ऐसी सजा दी जाये कि न केवल पाकिस्तान, पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन एवं दुनिया में आतंक फैलाने वाले सहम जाये कि भविष्य में ऐसी घटना करने का दुस्साहस न कर सके। यह तो तय है कि राणा से पूछताछ में कई राज खुलेंगे, लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि क्या उसे फांसी की सजा देना संभव होगा? भारत सरकार को ऐसे कूटनीतिक एवं साहसिक प्रयत्न करने होंगे, जिससे उसे फांसी की सजा देना संभव हो सके और वह भी कम से कम समय में। मुंबई हमले के दौरान पकड़े गए आतंकी अजमल कसाब को सजा देने में चार साल लग गए थे। इतनी देरी राणा के मामले में नहीं होनी चाहिए। यह ऐसा मामला है, जिस पर देश के साथ दुनिया की भी निगाह होगी। राणा की सजा से ही भारत के न्यायतंत्र की त्वरता एवं तत्परता सामने आयेगी। क्योंकि खूंखार आतंकियों को सजा देने में देरी से आतंक से लड़ने की प्रतिबद्धता पर प्रश्नचिह्न टंकते है। 17 साल बाद आज भी महानगर मुम्बई की वह काली रात एवं गोलियों की गूंज से सब दहल उठते है, सहम जाते हैं। उस दिन



पाक प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने एक साथ कई जगहों पर हमला किया। लियो पोल्र्ड कैफे और छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से शुरू हुआ मौत का दर्दनाक तांडव ताजमहल होटल में जाकर खत्म हुआ। जिसमें आतंकवाद निरोधक दस्ते यानि एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे, मुम्बई पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त अशोक कामटे और पुलिस इंस्पैक्टर विजय सालस्कर शहीद हुए। आतंकवादी कसाब को जिन्दा पकड़ने वाले साहसी सब इंस्पैक्टर तुकाराम को कौन भुला सकता है, जो एक दूसरे आतंकवादी की गोलियों का शिकार होकर भी, जान की बाजी लगाकर कसाब को पकड़ने में सफलता पायी, भले ही इस एकमात्र पाकिस्तानी आतंकवादी कसाब को सजा-ए-मौत दी गई लेकिन इस हमले ने क्रूरता के जो निशान छोड़े वे आज भी मुम्बई में मौजूद हैं, भारत के जन-जन के हृदय पटल पर अंकित है। कौन नहीं जानता कि तहव्वुर राणा ने दाऊद सईद गिलानी यानि डेविड कोलमैन हेडली के साथ मिलकर हमले की साजिश रची थी। डेविड हेडली ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मुम्बई में फर्स्ट वर्ल्ड इमीग्रेशन सर्विसिज के नाम से एक कम्पनी का कार्यालय खोला और खुद को बिजनेसमैन के रूप में पेश किया। धीरे-धीरे उसने फिल्म जगत में नामी-गिरामी हस्तियों से जान-पहचान बढ़ाई। भारत यात्रा के दौरान उसने मुम्बई एवं देश के अन्य हिस्सों की रेकी की जहां पर हमला किया जाना था। पाकिस्तानी पिता और अमरीकी माँ की औलाद हेडली अमरीका में एक समय रंगीन ज़िन्दगी गुज़ार चुका था जिसके दौरान ड्रग्स की तस्करी के लिए उसे जेल भी हुई थी। भारत ने हेडली के प्रत्यर्पण के लिए भी अनुरोध किया था, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने उसे छोड़ने से इनकार कर दिया, क्योंकि कई मामलों और डेनमार्क में एक हमले की नाकाम साजिश सहित 12 आतंकवाद से संबंधित आरोपों में दोषी होने की बात स्वीकार की थी। उसने लश्कर, आईएसआई और अलकायदा के राज अमेरिका को बताए तब से ही हेडली अमेरिका की सम्पत्ति बन गया है। फिलहाल हेडली का अमेरिका में सुरक्षित रहना बड़े सवाल खड़े करता है। इस बीच भारत ने राणा को मोस्ट वॉन्टेड घोषित कर दिया और 28 अगस्त 2018 भारत के खिलाफ आतंकी साजिश रचने, युद्ध छेड़ने, हत्या, जालसाजी और आतंकवादी हमले के आरोपों पर गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अब सवाल यह है कि अमेरिका ने राणा को तो भारत के हवाले कर दिया लेकिन वह डेविड हेडली के मामले में क्यों खामोश है? राणा को भारत लाया जाना, भारत के शिकंजे में आना भारत की बहुत बड़ी कूटनीतिक जीत है। राणा पाकिस्तानी सेना का पूर्व अधिकारी है। चूंकि उसने आतंकी संगठन लश्कर एवं पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ से मिलकर मुंबई हमले की साजिश रची थी, इसलिए उससे गहन पूछताछ करके पाकिस्तान को नए सिरे से न केवल बेनकाब करना होगा, बल्कि उस पर इसके लिए दबाव भी बनाना होगा कि वह मुंबई हमले के अन्य गुनहगारों को भी दंडित करे। इस हमले के गुनहगार पाकिस्तान में खुले घूम रहे हैं। अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा को भारत भेजने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। हालांकि राणा ने कई हथकंडे अपनाए लेकिन अमेरिकी अदालतों में उसकी सारी याचिकाएं ठुकरा दी गईं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की यह आज तक की सबसे बड़ी जीत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल इसके लिए कूटनीतिक प्रयास करते रहे हैं। सर्वविदित है कि भारत विश्व के सर्वाधिक पाकिस्तान पोषित आतंकवाद प्रभावित देशों में से एक है। 26-11 के मुंबई हमलों के अलावा 2008 में ही जयपुर विस्फोट, काबुल में भारतीय दूतावास के अलावा अहमदाबाद, दिल्ली और असम के विस्फोट भी शामिल थे। यह संतोषजनक तो है कि अमेरिका ने देर से सही, राणा को भारत को सौंप दिया। यदि ट्रंप फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति नहीं बनते तो शायद राणा को भारत लाना और मुश्किल होता।

दृष्टि कोण

## अब ओबीसी पर ध्यान केंद्रित करने की रणनीति

**कांग्रेस** के सामने लक्ष्य स्पष्ट हैं कि उसे अपने खोये जनाधार को पाने के लिए खासी मशक्कत करनी है। उसे जहां बीजेपी के सामने सबसे बड़ा विकल्प बना रहना है। वहीं उसे अपने जनाधार के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष संघर्ष उन दलों से भी करना है जो उसके साथ अभी इंडिया गठबंधन में खड़े दिखते हैं। ये सारा खेल उस सियासी समीकरण का है जिसमें कांग्रेस अपनी दमदार उपस्थिति दिखाने की जद्दोजहद में जुटी है। इसी दायरे में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस से ओबीसी के छिटकने की बात कही। आजादी के बाद से कांग्रेस की सियासी रणनीति में उच्च जातियों, मुस्लिम और दलितों का ऐसा समीकरण रहा जिसका तोड़ विपक्ष के पास लंबे समय तक नहीं रहा। जनसंघ या तमाम समाजवादी दलों की सियासत मंचों पर तो मुखर रही लेकिन राजनीति के जोड़-घटाने में लगभग डेढ़ दशक तक ये पार्टियां लोकसभा या राज्यों के चुनाव में अंकों की तालिका में बस अपनी उपस्थिति ही जताती रहीं। साठ के दशक के अंत और सत्तर के दशक के शुरुआत में राजनीति के उथल पुथल के दौर में कई बदलाव देखने को मिले। कांग्रेस में खुलकर गुटबाजी और राजनीतिक पैंतरेबाजी देखने को मिली। हालांकि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कुशल नेतृत्व ने उस समय की स्थितियों को संभाल लिया। उनके नेतृत्व वाले धड़े को ही असली कांग्रेस के रूप में स्वीकार कर लिया गया। लेकिन कांग्रेस का जनाधार पहली बार यहीं से खिसकना शुरू हुआ था। इसी के चलते यूपी, बिहार जैसे राज्यों में विपक्ष की सरकारें बनीं। हालांकि, 71 के युद्ध के बाद इंदिरा गांधी के करिश्माई नेतृत्व से फिर से कांग्रेस को एक बड़ा आधार मिला। अगर 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के




बाद हुए चुनाव परिणामों को छोड़ दें, तो उसके बाद कांग्रेस अपने जनाधार को वापस पाने के लिए लगातार जूझती रही है। 90 के दशक में कांग्रेस के लिए यह लड़ाई और कठिन हो गई। मंडल-कमंडल के बीच कांग्रेस का गलियारा छोटा हो गया। पूर्व पीएम वीपी सिंह ने ठंडे बस्ते में पड़ी मंडल आयोग की सिफारिश लागू की और ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू हुआ। तब भविष्य की राजनीति की थाह न ले कांग्रेस ने इसका विरोध किया। कांग्रेस ने अपनी सियासी रणनीतियों में जिन जातियों को फोकस किया उसमें पिछड़ी जातियां नहीं थीं। लेकिन फिर भी कांग्रेस के प्रभामंडल में पिछड़ी जातियों के वोट कांग्रेस को पड़ते रहे। उसके लिए इन जातियों को अपने साथ जोड़ने की पहल बहुत ज्यादा नहीं हुई। दूसरी तरफ इसी दौर में यूपी में सपा, बिहार में आरजेडी, ओडिशा में बीजू जनता दल, कर्नाटक में जनता दल यू जैसे दल उभरे और अपनी पृष्ठभूमि में सशक्त हुए। राजनीति की बयार को समझने वाले कांशीराम ने 1984 में बसपा को स्थापित किया तो उनके अपने लक्ष्य स्पष्ट थे। ज्यादा वक्त नहीं लगा। एक दशक से भी कम समय में यूपी में सपा-बसपा का एक मजबूत चक्रव्यूह तैयार हुआ। इसी बारीक सियासी पेंच को समझना होगा कि जहां पिछड़ी अति पिछड़ी जातियां सपा आरजेडी जैसे दलों के साथ जुड़ गईं, वहीं बाबरी मस्जिद ढहने के बाद मुस्लिमों ने कांग्रेस से किनारा कर दिया। कांग्रेस आज तक अपने जनाधार की कोशिश में है। दूसरी तरफ राममंदिर आंदोलन ने बीजेपी के लिए सत्ता का रास्ता बनाया। इसके साथ ही सामाजिक समीकरणों में बीजेपी ने पिछड़ी जातियों और दलितों के बीच उन समूहों को साधने की कोशिश की जो अपने को कहीं उपेक्षित महसूस कर रहे थे। खासकर 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद बीजेपी ने ओबीसी को प्रभाव में लाने के लिए जतन किए। यही नहीं बीजेपी ने अपनी बिसात बिछाते हुए हरियाणा मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में ओबीसी मुख्यमंत्री दिए वहीं ओडिशा में आदिवासी समाज के नेता को नेतृत्व सौंपा। इसी ओबीसी की पिच पर कांग्रेस अब बीजेपी और दूसरे दलों से जूझना चाहती है। कांग्रेस के अधिवेशन से ठीक पहले राहुल गांधी के इस बयान के अपने मायने हैं कि हम ब्राह्मण, दलित मुस्लिम में ही उलझ गए ओबीसी हमसे दूर हो गया। कांग्रेस अब महसूस कर रही है कि तमाम कोशिशों के बाद भी वह सपा व आरजेडी जैसे तमाम दलों से अल्पसंख्यकों के आधार को छीन नहीं पा रही है।

कुछ अलग


## सस्ते लोन की आस

**अमेरिका** के टैरिफ युद्ध से उपजी वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बीच केंद्रीय बैंक ने सावधानी के फैसले लेने शुरू कर दिए हैं। शेयर बाजारों के ध्वस्त होने के बाद आर्थिक मंदी की आहट अमेरिका समेत पूरी दुनिया में महसूस की जा रही है। वैश्विक प्रतिकूलताओं के बीच केंद्रीय बैंक द्वारा हाल ही में दूसरी बार रेपो दर में 25 आधार अंक की कटौती अनिश्चितता के बीच सावधानी का ही संकेत है। केंद्रीय बैंक ने अब रेपो दर 6.25 से घटाकर 6 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इस साल यह दूसरी बार कटौती है। जबकि पहली कटौती पांच साल बाद की गई थी। यह कदम वैश्विक अस्थिरता के प्रति रिजर्व बैंक की चिंता को ही दर्शाता है। निश्चित रूप से आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के नेतृत्व में मौद्रिक नीति समिति द्वारा समायोजन के साथ बदलती प्राथमिकताओं का संकेत दिया है। अब बैंक की प्राथमिकता मुद्रास्फीति के बजाय विकास को गति देना है। निर्विवाद रूप से केंद्रीय बैंक ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है जब संयुक्त राज्य अमेरिका से उपजे व्यापार तनाव और टैरिफ संकट के बीच आर्थिक अनिश्चितता बढ़ रही है। ये हालात घरेलू स्तर पर खपत में कमी करके मंदी की आशंका बढ़ा सकते हैं। साथ ही विकास में निजी निवेश की संभावनाओं पर भी भारी पड़ सकते हैं। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने देश के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के पूर्वानुमान को संशोधित करके 6.5 फीसदी कर दिया है। जो आने वाली आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर पैदा होने वाली चिंताओं को ही रेखांकित करता है। निश्चित रूप से यह फैसला आवास और ऑटो ऋण ले चुके लोगों के लिये राहत भरी खबर है क्योंकि रेपो रेट घटने पर ऋण लेने वालों की ईएमआई घट सकती है। साथ ही यह कदम नये ऋण लेने वाले लोगों को भी प्रोत्साहित करेगा। इससे रियल एस्टेट सेक्टर को गति मिलने की संभावना भी बढ़ गई है। हालांकि, उन लोगों को कुछ निराशा हो सकती है जो बैंकों में सावधि जमा राशि के जरिये जीवनयापन करते हैं। ऐसे में ब्याज दरों में गिरावट से उनका वास्तविक रिटर्न कम हो सकता है। फलतः निवेश को प्रोत्साहन देने के लिये नई रणनीति बनाने की जरूरत है। निस्संदेह, रेपो दरों में कटौती मौद्रिक अनुशासन का एक जरूरी उपकरण है, लेकिन ये अंतिम रामबाण उपचार भी नहीं है। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति के दबाव व मुद्रा अस्थिरता के प्रति भी सतर्क रहना चाहिए। जिससे महंगाई बने रहने की चिंता भी पैदा हो सकती है। जरूरी है कि केंद्रीय बैंक द्वारा रेपो दरों में की गई कटौती का लाभ बैंक यथाशीघ्र अपने ऋण लेने वाले ग्राहकों को प्रदान करें। बहरहाल, दरों की यह कटौती केंद्रीय बैंक की विकास को गति देने की मंशा को ही जाहिर करती है। लेकिन यह कदम तभी प्रभावकारी हो सकता है जब राजकोषीय उपायों और संरचनात्मक सुधारों को गति प्रदान की जाए। बहरहाल, आम आदमी के लिये यह सुखद है कि उसकी ईएमआई कम हो जाएगी। साथ ही नये लोन भी सस्ते होंगे। जिससे हाउसिंग क्षेत्र में डिमांड बढ़ेगी। साथ ही लोग रियल एस्टेट में अधिक निवेश कर सकेंगे। निश्चित रूप से इस कदम से रियल एस्टेट सेक्टर को नई ताकत मिलेगी। वहीं उद्योग जगत ने भी केंद्रीय बैंक के फैसले का स्वागत किया है। उद्योग जगत लंबे समय से ब्याज दरों में कटौती की मांग करता रहा है, जबकि केंद्रीय बैंक की प्राथमिकता मुद्रास्फीति पर नियंत्रण की बनी रही थी।

देश दुनीया से

## संघीय कशमकश और तमिल राजनीति

विधानमंडल से पास हुए विधेयकों को रोकने की शक्ति को लेकर 2023 में, पंजाब राज्य के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि राज्यपाल निर्वाचित विधायिका द्वारा पारित विधेयकों पर समयबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए बाध्य हैं। अदालत के इस बार के फैसले ने उस समयबद्धता को परिभाषित भी कर दिया है। इससे विधानमंडल से पास हुए विधेयकों के बारे में राज्यपालों का विशेषाधिकार सीमित हो गया है। इस निर्णय का महत्व तमिलनाडु के राज्यपाल की निंदा से कहीं अधिक है। राज्यपाल अब जांच के बहाने कानून को अनिश्चितकाल तक विलंबित नहीं कर सकते। न्यायालय ने एक संवैधानिक सिद्धांत की पुष्टि की है कि राजभवनों को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करना चाहिए। अब सिद्धांत यह बना है कि किसी विधेयक को जब विधानमंडल दुबारा राज्यपाल के पास भेजें, तब उसे स्वीकृति दे दी जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल को 'शीघ्रता से काम करना चाहिए' और किसी विधेयक को अनिश्चितकाल तक रोककर वे 'पॉकेट वीटो' का इस्तेमाल नहीं कर सकते। अनुच्छेद 200 को अनुच्छेद 163 के साथ पढ़ा जाना चाहिए, जो राज्यपाल को कैबिनेट की सलाह पर काम करने के लिए बाध्य करता है। यदि कैबिनेट की सलाह के विपरीत राज्यपाल किसी विधेयक को मंजूरी नहीं देते हैं या उसे सुरक्षित रखते हैं, तो उन्हें ऐसा तीन महीने के भीतर करना होगा। दोबारा पारित विधेयकों के लिए समय-सीमा घटाकर एक महीना कर दी गई है। राज्यपालों के मामले में भारत का अनुभव निराशाजनक रहा है। इस पद का दुरुपयोग लगभग सभी ताकतों ने अलग-अलग वक्त पर किया है। दिल्ली में जिसकी सरकार रही उसने राज्य सरकारों को बर्खास्त करने में राज्यपालों का सहारा लिया। दशकों से देश राज्यपालों की भूमिका को लेकर विमर्श कर रहा है, पर रास्ता अभी तक नहीं निकला है। हां, इतना जरूर हुआ कि सुप्रीम कोर्ट के बोम्मई मामले में फैसले के बाद राज्यों में सरकारों की बर्खास्तगी का चलन खत्म हो गया और सरकारों के बनने-बिगड़ने का स्वीकृत सिद्धांत बन गया। इस बार के फैसले से राज्यों की प्रशासनिक स्वायत्तता बढ़ेगी और संवैधानिक पदों का कामकाज नियंत्रित होगा, जिसका प्रभाव पूरे देश पर पड़ेगा। यह न्यायिक-हस्तक्षेप ऐसे समय में हुआ है, जब गैर-भाजपा दलों द्वारा शासित राज्यों में राज्यपालों और सरकारों के बीच तनाव चरम पर है। इस संवैधानिक सफलता का राजनीतिक श्रेय एमके स्टालिन की डीएमके सरकार को जाता है, पर वहीं मेडिकल प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 'नीट' से छूट हासिल करने में तमिलनाडु सरकार को मुंह की खानी पड़ी है। इस मामले को लेकर भी वे सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटा चुके हैं, पर यह मामला उतना सरल नहीं है, जितना राज्यपालों के विशेषाधिकार का है। इस दौरान 'नीट' को लेकर कई तरह की शिकायतें सामने आई हैं, पर उच्चतम न्यायालय ने उसे लगातार बरकरार रखा है। राज्य सरकार ने इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है, पर संवैधानिक-व्यवस्थाएं उसके पक्ष में नहीं हैं। पिछले कुछ महीनों में तमिलनाडु सरकार ने तीन भाषा सूत्र, चुनाव-क्षेत्र परिसीमन और नीट परीक्षा जैसे मसलों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। तीनों मामलों के कारण राजनीतिक-कोलाहल तो हुआ है, पर बुनियादी तौर पर कुछ हुआ नहीं है। यह सब अगले साल होने वाले राज्य विधानसभा के चुनाव की पूर्व-पीठिका तैयार कर रहे हैं। बुधवार को एमके स्टालिन की अध्यक्षता में विधायक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि तमिलनाडु सरकार चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 'नीट' से राज्य को छूट दिलाने के लिए अपना कानूनी संघर्ष जारी रखेगी। 'नीट' के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा 2023 में सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई याचिका के माध्यम से अपने प्रयासों को तेज करने के अलावा, आवश्यक हो तो एक नया मामला दायर करने के बारे में भी विधि-विशेषज्ञों से परामर्श किया जाएगा। पिछले हफ्ते ही खबर आई थी कि राष्ट्रपति ने 'तमिलनाडु अंडरग्रेजुएट मेडिकल डिग्री कोर्सेस बिल, 2021' को मंजूरी नहीं दी, जिसके बाद, मुख्यमंत्री ने विधायक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई थी। तमिलनाडु का यह विधेयक सितंबर, 2021 में विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया था। राज्यपाल द्वारा विधेयक लौटाए जाने के बाद फरवरी, 2022 में एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई थी। इसके बाद विधेयक को विधानसभा में फिर से पारित किया गया और राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा गया। केंद्र सरकार की सिफारिशों के आधार पर राष्ट्रपति ने इस विधेयक पर मंजूरी रोक दी। शुक्रवार 4 अप्रैल को विधानसभा में इसकी घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री स्टालिन ने केंद्र सरकार पर राज्य द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'नीट' की शुरुआत के बाद, ग्रामीण और वंचित छात्रों के लिए मेडिकल कोर्स करना मुश्किल हो गया है, जो कोचिंग क्लास का खर्च नहीं उठा सकते। यह प्रणाली भविष्य में राज्य के ग्रामीण और अविकसित क्षेत्रों में प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सेवाओं को भी प्रभावित करेगी। 'नीट' को शहरी छात्रों के पक्ष में बनाया गया है, जो कोचिंग क्लास का खर्च उठा सकते हैं। यह सामाजिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ है। डीएमके की दीर्घकालीन राजनीति में केंद्र से प्रतिस्पर्धा एक महत्वपूर्ण कारक है। 'नीट' से छूट हासिल करना राज्य के दशकों पुराने नीतिगत विमर्श का फिलहाल अनिर्णीत अध्याय है। केंद्रीय नीति के खिलाफ राज्य का कानून बनाने का इतना लंबा कोई अन्य प्रयास नहीं रहा है। सितंबर, 2017 में, 'नीट' विरोधी दो विधेयकों का राष्ट्रपति भवन में यही हश्र हुआ। चार साल बाद, सत्तारूढ़ डीएमके ने, जिसने 'नीट' से छूट को अपना चुनावी वादा बनाया था, जस्टिस एके रंजन कमेटी की सिफारिशों के आधार पर विधानसभा में विधेयक पारित किया। राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए इसे आगे बढ़ाने के बजाय राज्यपाल आरएन रवि ने पहले इसे पांच महीने बाद सदन को लौटा दिया।



आप का नजरीया

## झूठा आश्वासन

**वक्फ** कानून बनाने के बाद से ही पामि बंगाल में बवाल मचा हुआ है। लेकिन शनिवार को पामि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनजा ने एक सही सवाल पूछा कि जब यह कानून राज्य में लागू ही नहीं होगा फिर हिसा क्यों हो रही है? उन्होंने राज्य वासियों से शांति बनाए रखने की अपील की। दरअसल राज्य में शांति कायम करने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनजा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के एक पोस्ट में लिखा, ''जिस कानून की बात हो रही है, वह वेंद्र सरकार ने बनाया है, राज्य सरकार से इसका कोईं लेना देना नहीं है। हमने कानून का समर्थन नहीं किया और यह राज्य में यह लागू नहीं होगा।'' मजे की बात तो यह है कि मुख्यमंत्री, राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव वुमार और कानून व्यवस्था के एडीजी जावेद शमीम ने स्पष्ट रूप से कहा कि वुछ पार्टियां मुसलमानों को भड़का रही हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई हो रही है। सच तो यह है कि मुख्यमंत्री और उनके शीर्ष पुलिस अधिकारियों का यह आरोप बिल्वुल सही है कि वुछ लोग मुस्लिम समाज को वक्फ विधेयक के खिलाफ भड़का तो रहे हैं। किन्तु उनका यह कहना कि वक्फ विधेयक वेंद्र ने बनाया है इसलिए वह राज्य में लागू नहीं होगा, शत प्रातिशत असत्य है। आश्वासन देने का तरीका सही हो सकता है किन्तु शासन द्वारा झूठ बोलकर एक पूरी कौम को भ्रमित करना भी राज धर्म के विरुद्ध है। असल में पामि बंगाल सरकार कांग्रोस और वामपंथी पार्टियों पर इस बात का आरोप लगा रही हैं कि वे मुसलमानों को वक्फ विधेयक के खिलाफ भड़का रही हैं। मुख्यमंत्री और उनके शासकीय तंत्र की आशंका सही हो सकती है किन्तु मुस्लिम समाज ममता के इस आश्वासन पर भी भरोसा नहीं करता कि संसद में पारित हुआ वक्फ विधेयक संसद में पारित होने के बाद किसी राज्य सरकार की इच्छा पर निर्भर नहीं रहता। असल में हमारे राजनेताओं की मुश्किल ही यही है कि वह झूठा आश्वासन देने के लिए भी वुतर्व का सहारा लेते हैं। उन्हें इस बात का एहसास नहीं है कि मुस्लिम समाज में भी लोगों को यह जानकारी है कि कानून बनते वैसे हैं और लागू वैसे होते हैं? हैरानी होती है कि मुस्लिम समाज से मात्र यह कहना कि जब वक्फ विधेयक में विभिन्न आपत्तिजनक प्रावधानों पर आपत्ति की समीक्षा सुप्रीम कोर्ट करने को तैयार है तो हिसक आंदोलन करने की जरूरत क्यों पड़ी। जिस तरह वक्फ कानून के खिलाफ लोगों को सड़कों पर उतारने वाले झूठ बोलकर भड़का रहे हैं, ठीक उसी प्राकार राज्य सरकार और उसका तंत्र भी झूठे आश्वासन देकर मुस्लिम समाज को हिसक झड़प से बचने की सलाह दे रहा है। हमारे राजनेताओं की प्रावृत्ति का स्थाईं भाव ही बन गया है कि वे जनता को महामूर्ख समझते हैं, इसलिए मूर्ख बनाना अपना अधिकार समझते हैं। जिस विधेयक पर संसद से पारित होने पर राष्ट्रपति का हस्ताक्षर हो गया और वह राष्ट्रीय कानून बन गया इसके बावजूद किसी राज्य की मुख्यमंत्री आश्वासन दे कि उस कानून को वह अपने राज्य में लागू नहीं होने देंगी तो इस पर मात्र यही पूछा जा सकता है।

**संक्षिप्त खबरें**

## धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई।राजनीतिक व गैर-राजनीतिक दलों के लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा व चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। कुंदा चौक में आयोजित जयंती समारोह में कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहू, बौधाडीह पंचायत मुखिया अनिता देवी, पंचायत समिति सदस्य दिब्या भोक्ता उपस्थित थीं। इनलोगो ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान के तहत समाज को एकजुट करने का काम किया है।कहा कि उन्होंने सामाजिक समरसता पर बल दिया और शोषितों व पीड़ितों की आवाज बुलंद की। मुखिया मनोज साहू ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत के आजाद होने के बाद जब देश को कानूनी रूप से मजबूत आधार देने की जरूरत थी, तब बाबा साहेब को भारत का पहला कानून मंत्री बनाया गया था। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई सामाजिक सुधारों की नींव रखीं थीं।

# उपायुक्त ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर पोस्ट ऑफिस चौक पहुंच कर बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया नमन

**कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति छात्रावास का भी हुआ निरीक्षण, उन्होंने छात्रों संग किया संवाद**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उपायुक्त रमेश घोलप, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम समेत अन्य अधिकारियों ने शहर के पोस्ट ऑफिस चौक स्थित बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उपायुक्त ने जिलेवासियों को अंबेडकर जयंती की शुभकामना दी। मौके पर उन्होंने कहा कि बाबा साहेब संविधान निर्माता, महान क्रांतिकारी, विधि विशेषज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। देश को ऐसा संविधान दिया जिसमें समाज के सभी जातियों, वर्गों और धर्मों के लोगों को समान अवसर दिए गए हैं। हम सभी को बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। माल्यार्पण के पश्चात उपायुक्त श्री घोलप ने चतरा सदर प्रखंड क्षेत्र के ही कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों से बातचीत की, उनकी समस्याएं सुनीं और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। बच्चों के साथ संवाद करते हुए उपायुक्त ने उनके साथ क्रिकेट भी खेला, जिससे बच्चों में उत्साह का माहौल देखा गया।इस मौके पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, अंचल अधिकारी चतरा समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

**सीसीएल के सीएमडी ने किया आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र का दौरा**

# बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134 वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नीलेन्दु सिंह ने सोमवार को आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आम्रपाली कोल परियोजना के खनन कार्य, कोयला उत्पादन एवं डिस्पैच से संबंधित गतिविधियों का निरीक्षण कर संचालन की समीक्षा की। महाप्रबंधक कार्यालय पहुँचने पर महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के द्वारा उनका स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। सीएमडी श्री सिंह ने क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ विभिन्न परिचालन एवं उत्पादन संबंधित पहलुओं पर चर्चा की और कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु कई सुझाव दिए। अपने इस दौरे के दौरान सीएमडी नीलेन्दु सिंह ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में



भाग लिया। उन्होंने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में उन्होंने बाबा साहेब के संविधान निर्माण में योगदान, सामाजिक न्याय के लिए उनके संघर्ष तथा समतामूलक समाज की उनकी कल्पना पर प्रकाश डाला। श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात कर अपने कार्यक्षेत्र में निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर की शिक्षाएं आज भी हमें मार्गदर्शन प्रदान करती हैं और एक न्यायसंगत एवं समावेशी समाज की दिशा में प्रेरित करती हैं। इस अवसर पर आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से एके सिंह, मोहम्मद अकरम, के. के. पांडा, एवं रंजन कुमार प्रधान शामिल थे।

**समाजिक विषमता को दूर करने के लिये शिक्षा और एकता बहुत है जरुरी : इंजी सुबोध पासवान**

# प्रतापपुर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर इंजी सुबोध पासवान ने किया माल्यार्पण, लोगों को किया संबोधित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रतापपुर में अखिल भारतीय मजदूर कल्याण सेवा संघ समिति के तत्वावधान में भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 134 वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में, चतरा का बेटा राजद नेता, चतरा विधानसभा सह अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के प्रदेश युवा अध्यक्ष इंजी सुबोध पासवान बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर जी ने अपने जीवन काल में समाज में व्याप्त छुआ-छूत, जातीय अस्पृश्यता की बेड़ियों से तो हमें मुक्ति दिला दिए। लेकिन जब तक हम अपने बच्चों को पढ़ा लिखाकर शिक्षित नहीं बनाएंगे,तब तक न तो समाजिक विषमता दूर होगी और न समाजिक एकता के उनके सपने पूरे होंगे। इसलिए अपने बच्चों में शिक्षा का लौ जलाएं और उन्हें एकता की शक्ति से पहचान करवाएं।आज उनकी 134 वीं जन्म जयंती पर पर शपथ लें कि अपने बच्चों को शिक्षा का अधिकार देकर उन्हें सशक्त बनाएंगे। जिससे समाज में व्याप्त समाजिक विषमता दूर होगी और यही डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# प्रेम प्रसंग में हुई थी युवक की हत्या, उमेश हत्याकांड का हुआ खुलासा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** थाना क्षेत्र के बुटकुईया गांव निवासी ननकेश गंझु के पुत्र उमेश गंझू के हत्यारो को कुंदा पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि 7 अप्रैल को बूटकुईया मे हत्या की घटना घटी थी जिसमें कुंदा थाना मे कांड संख्या 10/25 मे मामला दर्ज किया गया था,वही उन्होंने कहा की यह मामला प्रेम प्रसंग का था जिसमें जसवंत कुमार के बहन के साथ उमेश गंझु का प्रेम प्रसंग चल रहा था इसकी जानकारी जसवंत को पता चला तो वह आग बबूला हो गया।जसवंत कुमार एवं अन्य ने घटना को अंजाम देने के लिए एक योजना बनाई और छठी कार्यक्रम में शरीक होने गए उमेश को योजनाबद्ध तरीके से हत्या कर शव को कुएं में फेक दिया। वही आरोपी तेतर गंझू, प्रेम गंझु, रूपेश गंझु, जसवंत गंझु ने योजना बनाई की संतोष गंझु के घर छठी कार्यक्रम में उमेश गंझू आएगा तब उसकी हत्या कर देनी है।वही उसी दिन उमेश गंझु संतोष गंझु के घर छठियार कार्यक्रम में पहुंचा सभी ने साथ में खाना खाया और घर की ओर चल दिया।योजना के मुताबिक तीनों ने अचानक उस पर हमला कर दिया और बुरी तरह से पिटाई की जब उमेश अधमरा हो गया तब उसके ही शर्ट से उसका हाथ बांधकर कुआ में फेंक दिया।वही पुलिस ने हत्यारो के पास से मृतक का मोबाइल भी बरामद किया है।

## पूर्व मंत्री सत्यानन्द भोगता ने एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे हंटरगंज, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** पूर्व मंत्री सत्यानन्द भोगता एक दिवसीय दौरे पर आज हंटरगंज पहुँचे। इस दौरान श्री भोगता ने रामनारायण प्लस टू हाई स्कूल मैदान में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी के 135वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। साथ ही बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत श्री भोगता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर जी भारतीय संविधान के जनक कहे जाते हैं। वे अपने जीवनकाल में समानता और लोगों के अधिकारों के लिए लड़ते रहे। उन्होंने समाज, शिक्षा, राजनीति और न्याय व्यवस्था की दिशा में कई अहम बदलाव किए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, वरिष्ठ नेता अतिक मंसूरी, पूर्व प्रखण्ड मंत्री प्रतिनिधि देवलाल यादव, जिलापरिषद सदस्य सुरेश पासवान, मुखिया समरेश सिंह, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, पूर्व जिलापरिषद सदस्य रेणु दास, भीम आर्मी जिला सचिव सबिता देवी, दीपा भारती, सुनैना देवी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती आजसू पार्टी द्वारा श्रद्धापूर्वक मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आजसू पार्टी के जिला कार्यालय, चंदनडीह (लातेहार) में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का नेतृत्व पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर आजसू पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब को नमन करते हुए उनके आदर्शों और विचारों को आत्मसात करने की शपथ ली। जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे न सिर्फ संविधान निर्माता थे, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के पुरोधा भी थे। उन्होंने उपस्थित लोगों से बाबा साहब के दिखाए गए मार्ग पर चलने और उनके द्वारा बताए गए सिद्धांतों को अपनाने की अपील की। इस अवसर पर केंद्रीय सदस्य राकेश सिंह, जिला प्रवक्ता रवि वर्मा, ओबीसी मोर्चा से विकास कुमार, संजय यादव, विकास साहू, रवि शर्मा, चंदन कुमार, राजा वर्मा समेत कई गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महुआडांड़ में हाल सर्वे के खिलाफ भव्य रैली, एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** लातेहार जिले में लागू त्रुटिपूर्ण हाल सर्वे के विरोध में सोमवार को आम जनता संघर्ष मोर्चा के बैनर तले महुआडांड़ में हजारों की संख्या में रैयतों ने भव्य रैली निकाली। शहीद चौक से शुरू हुई यह रैली गांधी चौक, बिरसा चौक होते हुए रामपुर पहुंची और अनुमंडल कार्यालय में धरना-प्रदर्शन में तब्दील हो गई। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लिए पैसा उगाही बंद करो, री-सर्वे कराना सुनिश्चित हो जैसे नारे लगाते नजर आए। सभा की अध्यक्षता अजित पाल कुजूर ने की। सभा में एडवोकेट नवीन गुप्ता ने कहा कि हाल सर्वे जबरन जिले पर थोपा गया है, जिससे गरीब जनता पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। अमिन कमेश दुबे ने इसे लातेहार के लिए काला कानून बताते हुए 2015 से पहले के पुराने सर्वे को बहाल करने की मांग की। ग्रामीण लॉरेंस कुजूर ने बताया कि सर्वे की गड़बड़ियों के कारण जिले के 772 गांवों में तनाव की स्थिति है, और 10,898 जमीन विवादों में से मात्र 3,089 मामलों का ही निपटारा हो सका है।अजित पाल कुजूर ने कहा कि हाल सर्वे से आदिवासी, हरिजन एवं अति पिछड़ा वर्ग के लोगों की समस्याएं बढ़ी हैं। अधिकारी पुराने रजिस्टर टू से मिलान किए बिना रसीद काट रहे हैं और रिश्वतखोरी का माहौल बन गया है।

## बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखड मुख्यालय स्थिति कांडरका नदी के समीप जतरा टाड़ परिसर सहित विभिन्न संस्थानों में भारतीय संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. इस अवसर पर परियोंजना उच्च विद्यालय बारियातु से लेकर बस स्टेड,बाजार टाड,फूलसु मोड़ होते हुए समारोह स्थल तक शोभायात्रा निकली गई। इस गौरवपूर्ण कार्य मे मुख्य अतिथि अंचला अधिकारी नन्द कुमार राम विशिष्ट अतिथि जीप सदस्य रमेश राम कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रिगन कुमार, अजय बैठा पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव, रमन सिंह भोक्ता, ब्रजमोहन राम, प्रमोद ठाकुर , शिक्षक अशोक राम सहित क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि समाज सेवी एवं बुद्धि जीवी शामिल हुए। मंच का संचालन रामप्रीत लोहरा और राजुरामवृक्ष लोहरा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के शुभारंभ के पुर्व परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय से ग्रामीण बैंक, बस स्टेन फुलसु मोड होते हुए कार्यक्रम स्थल तक बाजे-गाजे के साथ शोभा यात्रा निकाला गया. तत्पश्चात बाबासाहेब आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया व मंच पर द्वीप प्रजल्लित कर व फिता जोडकर समाज को एकजुटता का संदेश के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, में कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के स्टेशन स्थित सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर में सोमवार को सामाजिक न्याय के प्रतीक डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सरयू प्रसाद सिंह, सचिव विवेक कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य राजबल्लभ शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात डॉ. भीमराव अंबेडकर के तश्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष सरयू प्रसाद सिंह ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को विद्यार्थियों तक पहुँचाने का कार्य किया। आचार्य धीरजन राम ने बताया कि डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलकर ही हम समाज में समानता और न्याय की स्थापना कर सकते हैं। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा भाषण, कविता पाठ एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। वहीं अपने वक्तव्य में प्रधानाचार्य श्री शर्मा ने कहा कि कर्मठ व्यक्ति की कोई जगह नहीं छीन सकता। यह ग्रह भी यह संकेत देता है कि जिम्मेदारियों को सफलता में बदला जा सकता है। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में 14 अप्रैल 2025 को दो खंड शिशु वाटिका एवं विद्या मंदिर में अंबेडकर जयंती मनाई गई ।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं दीप मंत्र के साथ हुआ। अंबेडकर जयंती के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठ से नवम तक के भैया बहनों ने अपना विचार रखा ।कक्षा अष्टम की बहन पल्लवी कुमारी, प्रेरणा कुमारी और श्रेया कुमारी ने अंबेडकर की जीवनी, जीवन प्रसंग और कविता प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य ओंकार नाथ सहाय ने इस अवसर पर बताया कि बाबा साहब पिछड़े एवं दलित के लिए प्रेरणादायक थे। अंबेडकर को विश्व भर में उनके मानव अधिकार आंदोलन, संविधान निर्माता और उनकी प्रखंड विद्वता के लिए जाना जाता है। आगे सहाय जी ने कहा कि हमें शिक्षित रहना, संघर्ष करना एवं संगठित रहना है। वही विद्यालय के आचार्य सुरेश ठाकुर ने बताया कि शिक्षा एक ऐसा साधन है जो लोगों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्य के प्रति जागरूक बनाता है। शिशु वाटिका की दीदी जी पूनम गुप्ता ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए बताया कि बाबा साहब सामाजिक समरसता के प्रति मूर्ति थे। मौके पर शशिकांत पांडे, सुरेश ठाकुर, ममता त्रिपाठी, रेनू गुप्ता, रजनी नाग, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन, पूनम गुप्ता, फूलचंद सिंह, कपिल प्रमाणिक, रविंद्र पांडे, रूबी सिंह, उपासना कुमारी, शिल्पा पाठक, मधु कुमारी, खुशबू तिवारी, सलमान होजाई जी उपस्थित रहे।

## संकल्प दिवस के रुप में मनाई गई बाबा भीमराव अम्बेडकर की जयंती




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सोमवार को अम्बेडकर विचार मंच के बैनर तले बरवाडीह मे बाबा साहब अम्बेडकर के 134 वां जयंती समारोह को संकल्प दिवस के रूप मे बड़ी धूम धाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुराना ब्लॉक के परिसर से शोभा यात्रा निकाली गई जिसकी अगुवाई अम्बेडकर विचार मंच के मुख्य संरक्षक बिरजू राम संरक्षक रविंद्र राम मंच के वरिये नेता दीपक कुमार बीससूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी सुरेंद्र राम राजेंद्र सिंह और फ्रांसिस गुड़िया अवधेश मेहरा सहित दर्जनों लोग कर रहे थे। शोभा यात्रा बरवाडीह बाजार होते हुए अम्बेडकर चौक पंहुचा जहाँ समारोह के मुख्य अतिथि सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने बाबा साहब को माल्यार्पण किया। इस दौरान बाबा साहब अमर रहे भारत का संविधान जिंदाबाद जय भीम लड़ेंगे जीतेंगे नारा को बुलंद कर रहे थे। इसके बाद पुराना ब्लॉक पपरिसर में 2 मिनट मौन के साथ बाबा साहब सहित अन्य महापुरुषों को श्रधांजलि देते हुए सभा की शुरुआत हुई।मंच का संचालन रविन्द्र राम एवं अध्यक्षता श्री राम ने किया स्वागत भाषण मुख्य संरक्षक कॉमरेड बिरजू राम ने किया। इस मौके पर नसीम अंसारी अवधेश शर्मा जिला परिषद संतोषी शेखर समेत अन्य लोगों के द्वारा बाबा साहेब के जीवनी पर प्रकाश डाला गया।

# निजी विद्यालय में इंटर पास शिक्षक बच्चे को सीबीएसई बोर्ड की कराते हैं तैयारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड में इन दिनों निजी विद्यालय द्वारा बच्चों को अच्छी पढ़ाई का प्रलोभन देकर बिना सुबिधा के ही प्रत्येक माह मोटी रकम की कमाई करने में जुट गए हैं। बच्चों का भविष्य का डर दिखाकर अभिभावकों से लूट मची हुई है ।बालूमाथ में किड्स ए जूनियर स्कूल, ऑक्सफोर्ड स्कूल, बीएस मेमोरियल, सरस्वती शिशु मंदिर समेत कई विद्यालय संचालित है। इन सभी विद्यालयों में शिक्षा अधिकार अधिनियम के 90त्र नियमों का पालन नहीं किया जाता है। ऑक्सफोर्ड स्कूल में प्री नर्सरी से दसवीं तक की पढ़ाई होती है जिसमें अल्वेस्टर के 13 कमरा बनाया है। एक कमरे में 40 से 50 बच्चों को एक बेंच में 5से6 बच्चो को बैठाया जाता है ।इस विद्यालय में शिक्षक के नाम पर एकमात्र बीएड प्रशिक्षित शिक्षक है ।बाकी 11 शिक्षक बिना प्रशिक्षित है।जिनकी डीग्री इंटर एवम स्नातक है ।तथा यही लोग सीबीएसई बोर्ड की तैयारी कराते हैं। विद्यालय में



400 बच्चों के बीच मात्र एक शौचालय है। पीने का पानी के नाम पर एक हैड पम्प है। प्रबंधक कमाई का दूसरा तरीका यह भी निकाला गया है कि एक 35 सीट वाली बस में 50 से 60 बच्चों को लाया जाता है। वहीं एक 7 सीटर टेंपो में 20 से 25 बच्चों को भरकर लाया जाता है ।जिससे कभी भी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। वही विद्यालय अभिभावकों से मंथली फीस, परीक्षा के नाम पर, री-एडमिशन, बुक के नाम पर लाखों रुपए महीने की कमाई करते हैं। सबसे रोचक बात यह है कि इस विद्यालय में दसवीं बोर्ड तक की पढ़ाई की जाती है लेकिन परीक्षा के लिए बाहर के किसी विद्यालय से रजिस्ट्रेशन करा कर बच्चों को एग्जाम दिलाया जाता है ।अब प्रश्न यह उठता है कि जब विद्यालय को दसवीं क्लास तक पढ़ने का मान्यता ही प्राप्त नहीं है तो इस परिस्थिति में इस तरह के विद्यालय दसवीं तक का बच्चा को बिना प्रशिक्षित शिक्षकों से कैसे पढ़ाई कराया जाता हैं ।इस संबंध में बालूमाथ ऑक्सफोर्ड विद्यालय के संचालक मोहम्मद फिरोज से पूछे जाने पर कहा की हम लोग री-एडमिशन का पैसा नहीं लेते हैं तथा बुक बाहर से मंगाया जाता है। सुविधा के नाम पर पूछे जाने पर उन्होंने चुप्पी साध ली। वही इस संबंध में लातेहार डीएससी गौतम साहू से पूछे जाने पर कहा कि मामला संज्ञान में आया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## लोयोला विद्यालय चरही में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाया गया



**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोयोला विद्यालय चरही में शोमवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें छात्रों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद एक विशेष सभा आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और भारतीय संविधान निर्माण में उनके योगदान पर भाषण दिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी और शिक्षा, समानता तथा न्याय के महत्व पर प्रकाश डाला। यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक रहा और छात्रों ने यह संकल्प लिया कि वे डॉ. अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करेंगे।

## ईश्वर से क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि की कामना करता हूँ : जेपी भाई पटेल



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत गैडा पंचायत के ग्राम डूंगो में पांच दिवसीय दुर्गा पाठ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में झारखंड के पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल शामिल हुए। महायज्ञ परिसर में नवनिर्मित मंदिर में माथा टेक कर क्षेत्र की जनता के लिए शांति समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की । महायज्ञ आयोजन कमेटी के द्वारा जयप्रकाश भाई पटेल का भव्य स्वागत करते हुए उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बातचीत के दौरान पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि महायज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में शांति एवं समृद्धि आती है,मुझे यहाँ आने का पुनीत अवसर मिला इसके मैं अपने आपको धन्य मानता हूँ। मुझे जहां भी आमंत्रण मिलता है वहां मैं उपस्थित होने का पूरा प्रयास करता हूं। मैं अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमण पूर्व की भाँति लोगो की समस्याओं के समाधान में लगा रहता हूँ। इस मौके पर मुख्य रूप से झामुमो पूर्व जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, वासुदेव महतो, हरि यादव समेत सैकड़ो की सँख्या में लोग शामिल थे।

## डीवीसी कोनार में बाबा भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि




**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ डीवीसी कोनार में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएसआर कार्यपालक सुनील कुमार,उच्च विद्यालय और मध्य विद्यालय प्रभारी बी के महतो, राजेश्वर प्रसाद, इडीसीएल सचिव आर के भास्कर, संजय दास, दिनेश किस्कू, राकेश कुमार, अशोक कपूर और सब स्टेशन प्रभारी डी एन प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित और पुष्प अर्पित बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को विनम्र श्रद्धांजलि दी। बाबा साहब की 134वीं जयन्ती पर परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह ने कहा कि आज पिछड़ों और दलितों को शिक्षित बनकर संघर्ष करने की प्रेरणा हमें उनके जीवन से सीखना चाहिए,वे सदैव पीड़ितों,दलितों की आवाज बनकर उभरे थे। संजय दास ने बाबा साहब के संघर्ष और उनके आदर्शों को आत्मसात करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान इडीसीएल सचिव आर के भास्कर ने पूरे सप्ताह होनेवाले कई कार्यक्रमों की जानकारी दी। जिसमें ड्राइंग प्रतियोगिता, भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जाने है।

## झामुमो के राष्ट्रीय महाअधिवेशन में शामिल हुए बड़कागांव के कार्यकर्ता



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के 13वां केंद्रीय दो दिवसीय महाअधिवेशन हरिवंश टाना भगत इंदौर स्टेडियम खेलगांव रांची में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़कागांव से झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह, मांडू विधानसभा युवा नेता गौरव पटेल, कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष राजा खान, प्रखंड उपाध्यक्ष हेमंत भुइयां, सफीउल्लाह अंसारी, सचिव सरोज मेहता, मीडिया प्रभारी सह जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुईयां, पंचायत अध्यक्ष सूरज वर्मा बालकृष्ण महतो आदि उपस्थित थे।

## कॉस्मिक पब्लिक स्कूल धनवार में बाबा साहब की 134वीं जयंती मनाई गई






**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड के अंतर्गत धनवार पंचायत में संचालित कॉस्मिक पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में बाबा साहब की 134वीं जयंती मनाई। जहां सर्वप्रथम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया तथा उनके बताए गए मार्गों पर सभी बच्चों ने चलने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में कॉस्मिक पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार ने कहा कि हर विद्यार्थी संविधान निर्माता बाबा साहब द्वारा बताए गए मार्गों पर चलकर देश में अपना नाम रोशन करें और उनसे प्रेरणा ले। मौके पर अर्जुन प्रसाद, सहदेव कुमार, अंकित कुमार, शबनम खातून, फरजाना प्रवीण, राहुल कुमार, दीपक कुमार, पिंटू कुमार, मनीषा कुमारी, अख्तरी प्रवीण सहित स्कूल के सभी बच्चे शामिल रहे।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मे बाबा भीमराव अंबेडकर का जयंती मनाया गया



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही के वंदना सभा मे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जयंती मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार पाण्डेय एवं आचार्य जी के द्वारा उनके चित्र पर पुष्पार्चन किया गया।प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने कहा कि स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माण मे डॉ अंबेडकर की ऐतिहासिक भूमिका रही है। वे भारतीय कमिटि के अध्यक्ष थे और उन्होंने एक ऐसा संविधान तैयार किया, जिसमे सभी नागरिको को समान अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता, शिक्षा और अवसरो की समानता सुनिश्चित की गई। विभिन्नता मे एकता स्थापित की ।इसलिए हम सभी को उनके मार्ग दर्शन पर चलने का प्रयास करना चाहिए। प्रभारी प्रिंस जी ने कहा कि यदि हम एक समानता वाले समाज की स्थापना करना चाहते हैंतो उनके विचारो को अपनाना होगा।आचार्य अनमोल जी ने कहा कि संघर्ष को झेलते हुए बाबासाहब महान बने है। सुरेन्द्र जी ने उनके द्वारा किए गए कार्य क्षेत्र पर प्रकाश डाला। कक्षा अष्टम अ का भैया आदित्य, सप्तम अ का शुभम तथा सप्तम ब की बहन तेजस्वी ने बाबासाहब के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम मे सभी आचार्य दीदीजी उपस्थित थे।

# अनुसूचित छात्रावास में बाबा साहेब के प्रतिमा का सांसद ने किया लोकार्पण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के जिला कल्याण अनुसूचित जाति छात्रावास परिसर में सोमवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर यहां रहने वाले विद्यार्थियों और पूर्ववर्ती विद्यार्थियों की चिरलंबित मांग रही बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा का हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अनावरण कर उन्हें सौगात दिया। ज्ञात हो कि मनीष जायसवाल के विधायक कार्यकाल के दौरान विधायक मद की राशि पांच लाख रुपए से यहां बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा स्थापित हुई है। भाजपा अनुसूचित जाति समाज के नेताओं और अनुसूचित जाति छात्रावास के विद्यार्थियों ने सांसद मनीष जायसवाल का भव्य स्वागत फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर किया। मौके पर बड़े संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने



कहा कि बाबा साहब के मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित हो और संघर्ष करो कबूल मंत्र का आत्मसात कर आदर्श नागरिक बनकर समाज और राष्ट्र में अपना योगदान दें। सुनो ने का कि बाबा साहब का सपना था कि हमारा समाज सुखी बने और समाज के लोग खुशहाल रहें। इसके लिए जरुरी है हम सबको मिलकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना ही होगा। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि विपरीत परिस्थिति में बाबा साहब और उनकी टीम ने हिंदुस्तान के लिए जिस संविधान का निर्माण किया उसी पर आज देश चल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अनुसूचित जाति छात्रावास में बाबा साहब की प्रतिमा स्थल में शेड निर्माण की आवश्यकता है और निश्चित रूप से जल्दी हम लोग उनके प्रतिमा स्थल में शेड का भी निर्माण कराएंगे। यहां विशेष रूप से भाजपा के युवा नेता विशाल वाल्मीकि, मनमीत अकेला, श्रीमती कुमकुम देवी, रंजय भारती, भीखु पासवान, अजय पाण्डेय, विक्रमादित्य, अनिल पाण्डेय, डॉ प्रकाश कुमार, समाजसेवी सुनील कुमार, रंजन कुमार और सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें । यहां से सांसद मनीष जायसवाल डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक पहुंचे जहां भीम आर्मी और भाजपा एससी मोर्चा के साथ अनुसूचित समाज के लोगों की उपस्थिति में यहां अवस्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

## भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए मातृ पितृ दिवस जरूरी : श्रद्धानंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमदाग ।** आदर्श उच्च विद्यालय में सोमवार को डांस भीमराव अम्बेडकर जयंती और मातृ पितृ दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस मौके पर मुख्य अतिथि समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने अंबेडकर जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया ।वही स्कूली बच्चों द्वारा अपने माता पिता का पैर धोकर पूजा अर्चना किया । मौके पर मुख्य अतिथि समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए मातृ पितृ दिवस जरूरी है । उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम को व्यापक बनाने की जरूरत है । उन्होंने कहा कि आज का दिन माता पिता को सम्मान प्यार और देखभाल देने के लिए समर्पित है ।जिसके वे हकदार हैं । आज का दिन माता पिता और बच्चों के बीच बंधन का उत्सव है । इस अवसर पर विधालय के प्रधानाध्यापिका सुधा सिन्हा ने अंबेडकर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके मार्गदर्शन पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया ।साथ ही उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को अपने अपने माता पिता का पूजा अर्चना करने की बात कही । उन्होंने कहा कि किसी भी मनुष्य का प्रथम गुरु माता पिता होते हैं । परंतु हम अपने माता पिता को वह सम्मान नहीं दे पाते हैं । यही कारण है कि वर्ष 2027 में आसाराम बापू ने वैलेंटाइन डे के विकल्प में माता पिता पूजन दिवस की शुरुआत की है । इस मौके पर विधालय के काफी संख्या में शिक्षक और स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थे ।

## गोरिया करमा में मनाया गया बाबा साहेब जयंती, उमड़ा जन सैलाब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** बरही विधानसभा क्षेत्र के बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम गोरिया करमा में बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर क्लब, गोरिया करमा द्वारा आयोजित भारत रत्न बाबा साहब की जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में बरही विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए और यहां अधिष्ठापित बाबा साहेब की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। तत्पश्चात जंयती समारोह का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। बारिश ने इस कार्यक्रम में खलल डाला लेकिन लोगों का उत्साह और आत्मीय प्रेम देख सांसद मनीष जायसवाल भाव विभोर हो गए। मौके पर उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के बताए गए समानता, सशक्तिकरण और आत्मसम्मान के रास्ते पर चलकर समाज और राष्ट्र के लिए बेहतर करने का संकल्प भी लिया। मौके पर स्थानीय जिला परिषद सदस्या प्रिती गुप्ता, स्थानीय मुखिया कुमारी मीरा, समाजसेवी गुरुदेव गुप्ता, राजन यादव, विशेश्वर यादव, अजय मेहता सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें। वही इस दौरान केदारूत पंचायत के ग्राम खेरोन में स्थित भगवान शिव, विश्वकर्मा, राधा- कृष्ण, बजरंगबली, लक्ष्मी- विष्णु सहित कई देवी-देवताओं मंदिर परिसर में माथा टेका। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि मेरे लोकसभा चुनाव के दौरान यहां के ग्रामीणों ने मन्नत मांगी थी जिसे पूर्ण होने पर आज यहां ग्रामीणों संग विशेष पूजा-अर्चना कर पूर्ण किया।

## झारखंड सरकार की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने मेगालिथ एवं इसको गुफा का अवलोकन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड सरकार के मुख्य सचिव अलका तिवारी ने बड़कागांव में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल घोषित बड़कागांव प्रखंड के बरवाडीह गांव स्थित मेगालिथ स्थल तथा नापोखुर्द पंचायत के इसको गांव में इसको गुफा का अवलोकन किया। इस दौरान इसको गुफा में उकेरी गई कलाकृतियों को भी सचिव ने बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारी से इन दोनों पर्यटन केंद्रों पर होने वाले सुंदरीकरण संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां ली। अलका तिवारी दोनों पर्यटन स्थलों का अवलोकन कर काफी प्रसन्न नजर



आई। अवलोकन के पश्चात अलका तिवारी रांची के लिए प्रस्थान कर गई। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, एसडीपीओ पवन कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी नेमधारी रजक के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## शिक्षा अँधेरी रात में एक दिए कि रौशनी के समान है : नित्यानंद दास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में सोमवार को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में प्रस्तावना पढ़कर लोगों को संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने कहा कि बाबा साहेब की बनाए गए संविधान में प्रदत्त अधिकारों के करण हमें अपनी अभिव्यक्ति की आजादी मिली है। बाबा साहेब के बताए हुए रास्ते का अनुसरण करना चाहिए । बच्चों को अवसर का लाभ उठाकर उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए । अच्छे इंसान बनकर समाज की सेवा करना चाहिए। वार्डन ज्योति कुमारी ने बताया कि विद्यालय में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है, जिसमें बाबा साहेब की जीवनी, बाबा साहेब के विचार, संविधान पर चर्चा समेत कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला जाएगा । क्विज, चित्र लेखन तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। उत्कृष्ट बच्चों को कार्यक्रम के अंतिम दिन में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में गुरु प्रसाद साव ने कहा कि व्यावहारिक तौर पर देखा जाए तो सामाजिक न्याय और सामाजिक समता के लिए आज भी संघर्ष की जरूरत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया रामचंद्र यादव, लक्ष्मी देवी, शिक्षिका लीलावती कुमारी, हेमा कुमारी, हेमंत कुमार, प्रदीप कुमार, दीपक कुमार यादव, संतोष कुमार, पूर्णिमा कुमारी, किरण कुमारी, बबीता देवी, बालेश्वर प्रसाद, लखन प्रसाद समेत विद्यालय की सभी बालिकाएं उपस्थित थी।

## अंबा प्रसाद ने नापोखुर्द पंचायत भवन में अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत नापोखुर्द पंचायत भवन में भारत रत्न संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की जयंती पंचायत के मुखिया गणेश साहू की अध्यक्षता में मनाई गई। जयंती के अवसर पर गांव में प्रभात फेरी निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। वही पंचायत भवन में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण मुख्यअतिथि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू, मुखिया गणेश साव व उपस्थित लोगों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम उपस्थित लोगों को गमछा देकर स्वागत किया गया। अंबा प्रसाद ने कहा कि हमें डॉ भीमराव अंबेडकर की बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता सकता है, तभी सभी समाज का समूल विकास संभव है। योगेंद्र साहू ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने हमें सभी को अधिकार दिया है जिससे पूरा देश एक सूत्र में बंधा है। वहीं मुखिया गणेश साव ने कहा कि प्रतिमा का निर्माण 15 में वित्त आयोग राशि से किया गया है। हमें भीमराव के बताइए मार्ग पर चलने की जरूरत है। कार्यक्रम में पंसस गणेश साव, जिप सदस्य प्रतिनिधि दीपक करमाली, चंदर साव, राजेश कुमार गुप्ता, लाल बिहारी, जगत नारायण सोनी, सुबोध कुमारचंद्रवंशी, निशांत कुमार सिंहा, रजनी वर्मा, बसंती देवी, रामदुलार राम, राम चरण राम, बेचन साव, सोना साव, आनंद राम, वीरेंद्र राम, प्रभु राम, गुडन राम, लखन राम, महेश साव, मोहन राम, नरेश राम, संतोष विश्वकर्मा, संजय साव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## एनएमएल कोयला खनन परियोजना के द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनएमएल कोयला खनन परियोजनाएँ, हज़ारीबाग ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन गहरी श्रद्धा, उत्साह और उनके आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पकरी बरवाडीह, बादम, चट्टी बारीयातू और केडी सीएमपी परियोजनाओं के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य डॉ. अंबेडकर द्वारा स्थापित सामाजिक न्याय, समानता और भारतीय संविधान की भावना को सम्मानपूर्वक स्मरण करना था। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने के लिए परियोजना प्रमुखों की उपस्थिति रही, जिनमें पकरी बरवाडीह के परियोजना प्रमुख एस.के. दास ,बादम परियोजना प्रमुख ए.के. सक्सेना, और चट्टी बारीयातू परियोजना प्रमुख नवीन गुप्ता शामिल थे। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों के प्रमुखों और कर्मचारियों ने



भी बड़ी संख्या में भाग लेकर डॉ. अंबेडकर के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों और उनके विचारों का ज़िक्र किया गया और यह संकल्प लिया कि उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग समानता, अधिकार और संविधानिक मूल्यों का पालन औद्योगिक एवं सामाजिक जीवन में किया जाएगा। यह आयोजन न केवल श्रद्धांजलि का अवसर था, बल्कि सभी कर्मचारियों के लिए डॉ. अंबेडकर के दृष्टिकोण से प्रेरणा लेकर एक समावेशी और न्यायसंगत समाज की दिशा में कार्य करने का संकल्प भी था।

## विष्णुगढ़ में भारतरत्न भीम राव अंबेदकर की 135 वीं जयन्ती पर किया गया नमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेदकर की 135वीं जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय चेडरा के अम्बेदकर चौक में बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर की प्रतिमा पर भाजपा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों व समाजसेवियो ने उनकी आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। विष्णुगढ़ प्रखण्ड के मुखिया,पंसस ने अपने-अपने पंचायत सचिवालय में बाबा साहेब को उनके चित्र पर माल्यार्पण कर बाबा साहेब को नमन किया। वहीं दलित समाज ने नीचे हरिजन मुहल्ला, नरकी, गाल्होबार, चलंगा, बकसपुरा, अलपिटो समेत अन्य स्थानों पर संविधान निर्माता,भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेदकर की जयन्ती पर उनको याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। 135वीं जयन्ती विशेष पर विष्णुगढ़ नीचे हरिजन मुहल्ला से दलित समुदाय ने भव्य जुलूस निकाला। जुलूस विष्णुगढ़ के मुख्य मार्गो से होते हुए गुजरी,इस दौरान भारत रत्न डॉ.भीमराव अमर रहे,जय भीम,बाबा साहेब अमर रहे के नारों से गूँज उठा। इस मौके पर मुख्य रूप से साँसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार बरनवाल(दीपू भाई),पूर्व साँसद प्रतिनिधि शम्भूनाथ पाण्डेय,भाजपा कार्यकारी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,गौतम भारती,चेडरा पंसस मुन्नी देवी,पूर्व प्रमुख उमा देवी,पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल,महेश पाण्डेय, रामेश्वर राम,महेंद्र राम,गणेश पासवान,विक्रम कुमार, दीपक शर्मा,कुलदीप रविदास,सुधीर राम,कुलदीप रविदास समेत सैकड़ो लोगो ने पूरे प्रखण्ड में बाबा साहेब को नमन कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बे मौसम हो रही बारिश से किसानों को हो रहा है भारी नुकसान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में बीते सप्ताह से रुक रुक कर हो रही बेमौसम बारिश से किसान वर्ग को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है. किसानों के खेत में लगे प्याज और गेहूं के फसल को बे मौसम बारिश से बड़ा नुकसान पहुंचा रहा है. गेहूं की फसल की कटाई और मिलाई का कार्य जारी है वहीं खेतों में लगे प्याज की भी खुदाई कार्य चल रहा है. ऐसे मौसम में बारिश होने से खेतों में लगे प्याज को सड़ने का भय सता रहा तो गेहूं की पक्की बालियां भी पानी के चपेट में आ कर काली होती जा रही है इसके साथ हीं कटे गेहूं की फसल भी पानी से भीग जाने के कारण खराब हो रहें हैं गरी कलां के किसान अनिल महतो इंद्रजीत गिरि जागेश्वर राम गेंदों महतो सुमन महतो समेत दर्जनों किसानों ने बेमौसम बारिश को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि तैयार हालत में प्याज की खेती में बारिश का पानी पड़ जाने से प्याज सड़ने का डर बना रहता है वहीं कटाई और झड़ाई के लिए तैयार गेहूं के लिए भी बारिश का पानी नुकसान दायक है. इसके साथ हीं कई किसानों ने कहा कि इस बार का मौसम गेहूं और प्याज के साथ सब्जी की खेती के लिए मौसम प्रतिकूल जान पड़ रहा है. वहीं लोचर गांव के किसान सुखदेव महतो बेलतू गांव के किसान सीटन साव ने कहा कि उनके गांव में सैकड़ों एकड़ में लगे प्याज और गेहूं की फसल बारिश के वजह से खराब हो रहा है.

## संत रविदास कल्याण समिति शिवपुर ने मनाई बाबा साहेब की 134वीं जयंती, प्रमुख हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** बरही प्रखंड के अंतर्गत करियातपुर पंचायत के ग्राम शिवपुर में संचालित संत रविदास कल्याण समिति ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई, जहां मुख्य अतिथि के रूप में बरही प्रखंड के प्रमुख मनोज रजक व करी यातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार संयुक्त रूप से शामिल हुए, जहां संत रबिदास कल्याण समिति के अध्यक्ष अमरेंद्र राम व समाजसेवी पूरन राम ने पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया,सर्वप्रथम बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया और उनके बताए गए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया गया, अपने सम्बोधन में प्रमुख मनोज रजक ने कहा कि हम बाबा साहब के आदर्शों पर चलकर ही एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकते हैं, वही करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ने कहा की बाबा साहब हमारे आदर्श से उन्हें पढ़ने की जरूरत है उनके आदर्शों को जानने की जरूरत है, कार्यक्रम में बतौर मुख्य रूप से ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन,महेंद्र यादव,अजय प्रजापति, नागेश्वर रजक,अमरदीप राम,अमरेंद्र राम,बबलू प्रजापति,राहुल कुमार,बंगाली राम,विनोद कुमार, रूपलाल रबिदास, सुरेश, दिनेश, सोनी, योगेंद्र कुमार ,तुलसी राम, डोमन राम, ब्रजेन्द्र रबिदास राजेश रविदास, राहुल कुमार, बृजेंद्र रविदास, छोटे लाल रविदास, अशोक राम, सुनीता देवी यशोदा देवी राजकुमारी देवी रानी देवी पार्वती देवी सावित्री देवी बंगाली राम सहित सभी ग्रामीण शामिल रहे।

## दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने बाबा साहब की जयंती पर मानव श्रृंखला में लिया भाग

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रांची में भव्य मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने सक्रिय रूप से भाग लिया।कार्यक्रम में सुधीर मंगलेश ने बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि "डॉ. अंबेडकर न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक भी थे। आज उनकी विचारधारा को अपनाने की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है।"इस मानव श्रृंखला के माध्यम से सामाजिक समरसता, समानता और संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र-युवा और आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।मौके पर उत्तम कुमार सपुत दुना कुमार लक्ष्मी कुमार आदि।



## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री कृष्ण विद्या मंदिर के प्रांगण में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी। डॉ भीमराव अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया, पुष्प अर्पित किए गए,जिसमें प्रमुख रूप से उप - प्राचार्य विजय तिवारी, सपना चक्रवर्ती, ए के प्रसाद एवम मनोरंजन चौधरी इत्यादि शिक्षक मौजूद थे। कक्षा सातवी "अ" के छात्र दिव्यांश शर्मा ने डॉ भीमराव अंबेडकर का किरदार निभाया। कक्षा पाँचवी "अ" की निवृत्ति गुप्ता ने बहुत ही सुंदर कविता के माध्यम से भीमराव अंबेडकर के बारे में बताया। छात्र एवम छात्राओं ने भी डॉ भीमराव अंबेडकर को हृदय से संविधान के निर्माण के लिए धन्यवाद दिया तथा नमन किया।सभी शिक्षक एवम शिक्षिकाओं की उचित भागीदारी रही।डॉ भीमराव अंबेडकर के अनुसार मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। धर्म की नींव समाज के जीवन और प्रथाओं के लिये आवश्यक है। हमे जाति से ऊपर उठकर समाज के विकास पर कार्य करना चाहिए। विद्यालय में उपस्थित बच्चों ने डॉ अम्बेडकर की जीवनी को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।



## रामगढ़ कांग्रेस अल्पसंख्यक कमिटी ने मनाया भीम राव आंबेडकर जयंती

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ ज़िला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग ने सोमवार को संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती मनाई इस दौरान थाना चौक स्थित बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर अल्पसंख्यक कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने माल्यार्पण कर अंबेडकर जी को याद किया साथ ही इस दौरान कांग्रेस अल्पसंख्यक कमिटी के पदाधिकारियों ने बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने कहा बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जी हमारे अधिकारों के रक्षक थे और उन्हीं के द्वारा संविधानिक रूप से हमे हमारे भारत देश में अधिकार दिया गया है मौके पर ज़िला सचिव उपाध्यक्ष वसी गांधी, ज़िला महासचिव साबिर अंसारी, ज़िला उपाध्यक्ष अल्ताफ अंसारी, अनिसुल हक़, उपाध्यक्ष मो आशिक़, सचिव सन्नू जी , नगर अध्यक्ष रितेश दास, ईदरीस अंसारी, तौफ़ीक़ अंसारी सहित कई उपस्थित थे।



## अंबेडकर जयंती पर सद्भावना समिति सयाल ने गरीब बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्री का किया वितरण

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सद्भावना समिति सयाल के द्वारा सोमवार को डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर सयाल टीन साइड मोहल्ले में जाकर बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर कि जिवनी पर प्रकाश डाला एवं शिक्षा के महत्वो के बारे में जानकारी देकर बच्चों के बीच जागरूक किया। वहीं सद्भावना समिति के सदस्यों ने गरीब बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्री का वितरण किया। वहीं इस मौके पर सद्भावना समिति के संरक्षक बिरेंद्र पासवान,ओमप्रकाश सिंह,अर्जन सिंह, संजय शर्मा,कृष्णा साव,रामविलास यादव,समिति के अध्यक्ष सतेन्द्र यादव,सचिव पिन्टू सिंह,चन्द्रभान सिंह,बिनोद कुमार,राकेश पांडेय,पारश प्रसाद,उदय मेहता,भूषण शर्मा सुरेश मेहता,संटू सिंह,इरफान,लखन शर्मा,अत्रु गुप्ता,पुटुश,सिद्धार्थ,मनोज, विक्की आदि लोग मौजूद थे।



## बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर के विचारों पर चले : बिनू कुमार महतो

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला में नायक टोला के बहुजन समाज पार्टी बैठक की रामगढ़ अध्यक्ष बिनू कुमार महतो युवा टाइगर की अध्यक्षता में हुई भारत के संविधान निर्माण बाबा डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनया गया। जिसमें मुख्य रूप से बसपा रामगढ़ जिला प्रभारी सरजू प्रसाद वर्मा उपस्थित हुए,रामगढ़ जिलाध्यक्ष अध्यक्ष बिनू कुमार महतो युवा टाइगर ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के विचारों एवं मार्ग पर चले वहीं आगे उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर दलित शोषित और वंचित लोगों के लिए संविधान में कई प्रावधान किये। इस कारण इन्हें दलित शोषित और वंचित लोगों का मसीहा के है मौके पर उज्वल नायक सरयू नायक कारू नायक नन्दलाल मुण्डा झुबर करमाली गौरी महतो मिलन महतो बिनोद महतो अन्य शामिल हुए।



## भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ भीम राव आंबेडकर जयंती पर भाजपाइयों ने श्रद्धा सुमन निवेदित किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को भाजपा रामगढ़ कैंट मण्डल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं द्वारा थाना चौक स्थित अंबेडकर पार्क में स्थापित डॉ भीमराव अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण कर और श्रद्धा सुमन निवेदित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष रांकेश प्रसाद, जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, वरिष्ठ अधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रणंजय कुमार व अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री विनोद कुमार उपस्थित थे।सभी ने एक मुक्त स्वर से डॉक्टर अंबेडकर कि संघर्ष को याद किया। बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सह सदस्यता अभियान झारखंड प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद ने कहा कि आज देश भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मना रहा है। बाबा साहेब का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ था। बाबा साहेब का जन्म मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जीवनभर छुआछूत और गरीबी के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखी।



### उरीमारी शनिचरा बाजार में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर कि प्रतिमा का किया गया अनावरण

# बाबा साहब ने संविधान लिखकर लोगों में उच्च-निच के भेदभाव को समाप्त किया : रमेन्द्र कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित सोमवार को संविधान रचयिता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर कि प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक संचालन राकेश सत्यार्थी के द्वारा किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह कोल इंडिया के जेबीसीसीआई सदस्य रविंद्र कुमार,यूसीडब्ल्यू के क्षेत्रीय सचिव विंध्याचल बेदिया,आरसीएमयू के क्षेत्रीय सचिव राजु यादव,बिरसा पीओ सुबोध कुमार, सौदा डी पीओ रामेश्वर मुंडा के द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर कि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वहीं मुख्य अतिथि महाप्रबंधक संचालन राकेश सत्यार्थी ने कहा कि बाबा साहब का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ। डॉ. भीमराव अंबेडकर- एक युगपुरुष की अमर गाथा थे। वहीं विशिष्ट अतिथि रमेन्द्र कुमार ने कहा कि भारत के इतिहास में कई महापुरुष हुए हैं, लेकिन डॉ. भीमराव अंबेडकर का स्थान सबसे विशिष्ट और प्रेरणादायक है। वह न केवल एक महान विचारक, समाज सुधारक और संविधान निर्माता थे, बल्कि एक ऐसे योद्धा भी थे जिन्होंने सामाजिक अन्याय के खिलाफ जीवनभर संघर्ष किया। वहीं आरसीएमयू इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि 14 अप्रैल 1891 को एक दलित परिवार में जन्मे भीमराव अंबेडकर ने बचपन से ही जातीय भेदभाव का सामना किया। स्कूल में पानी तक छूने की मनाही थी, लेकिन उनका जज्बा अडिग रहा। उन्होंने कठिनाइयों के बीच शिक्षा प्राप्त की और विदेश जाकर उच्च अध्ययन किया, जो उस समय एक असाधारण उपलब्धि थी अंबेडकर का सबसे बड़ा योगदान भारत के संविधान की रचना है। वहीं इस मौके पर क्षेत्रिय कार्मिक प्रबंधक अजय कुमार,सीएसआर विभाग अध्यक्ष रौमिक सर,आरकेएमयू के क्षेत्रीय सचिव देवेंद्र कुमार सिंह,चमन मुंडा,सीताराम किस्कू, महादेव मांझी,लालू महतो, बिश्वनाथ मांझी,राजेश बेदिया ऑल इंडिया एससी/एसटी ओबीसी एम्प्लोई कोडीनेशन काउंसिल क्षेत्रिय कार्यकारी अध्यक्ष गणेश राम,रैना मांझी, सिस्टा का क्षेत्रिय सचिव शशि दुसाध, केदार राम, गिरधारी प्रजापति,जीतेन्द्र यादव,चंदू जायसवाल दीपक यादव, विनय चौहान आदि दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## रजरप्पा मंदिर पर बच्चों के चूल-मुंडन संस्कार मे उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रजरप्पा :** उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थल रजरप्पा मे सोमवार को 50 हज़ार से अधिक श्रद्धालुओं माँ छिन्न मस्तिका मंदिर मे मनोकामना हेतू विधि विधान से पूजा अर्चना की गई, माँ भगवती लिया हज़ारो भक्तों ने रक्षा सूत्र बंधवाये लिया आशीर्वाद। सोमवार को बच्चों का शुभ मुंडन संस्कार का मुहूर्त होने के कारण हज़ारो बच्चों का मुंडन कराया गया, बताया गया की सुबह 3 से मुंडन कार्यक्रम के लिए बिहार बंगाल ओड़िसा छत्तीसगढ़ झारखण्ड के विभिन्न जिलों से हज़ारो की संख्या मे श्रद्धालू पहुँचे और पूजा अर्चना के पश्चात मुंडन कराया गया, भीड़ देखते हुए रजरप्पा पुलिस के जवान जगह जगह तैनात किया गया था।

## पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर उन्हें दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा आज पीटीपीएस पतरातु स्थित प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के आवासीय कार्यालय में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जी की 135 वीं जयंती कांग्रेस जनों के साथ बाबा साहब के चलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए मनाई गई। वहीं प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने कहा कि आज संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जी की दूरदर्शिता की देन है कि संविधान के तहत यह देश- सरकार और न्यायलय नियमवत चल रहे है। तथा देश में एक संविधान और एक कानून लागू है। बाबा साहब ने ही संविधान के माध्यम से समाज के हर एक वर्ग को एक समानता का अधिकार दिया है और शोषित वंचितों को अगली पंक्ति में लाकर खड़ा किया । जिस कारण आज समाज के दबे कुचले एवं शोषित वर्गो को भी उचित सम्मान मिल रहा है और हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़-चढ़कर है तथा उनका आर्थिक एवं सामाजिक विकास हो रहा है। पर आज भी समाज में पुरानी छुआ-छुत व रूढ़िवादिता जड़ से समाप्त नहीं हो पायी है आज भी किसी दलित नेता जनप्रतिनिधि-संवैधानिक पद पर बैठे नेता -अधिकारी के मंदिर जाने के पश्चात मनुवादी विचारधारा के लोग मंदिर को गंगाजल से धोने का काम सार्वजनिक रूप से करते हैं। जिसे हम कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में जड़ से समाप्त करने का के लिए संकल्पित है मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल डॉक्टर के के शर्मा वीरू सिंह रामयज्ञ सिंह संजीव कुमार गौरव आनंद मो. हबीब ओकार अनिल कुमार दिनेश दास सहित दर्जनों उपस्थित थे।



## श्री राम जानकी हनुमान मंदिर अरगड्डा में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन 15 अप्रैल को



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अरगड्डा में श्री राम जानकी हनुमान मंदिर समिति के लोगों द्वारा दिनांक 15 अप्रैल दिन मंगलवार को संध्या 5 बजे से हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन सामूहिक रूप से किया जाएगा ।बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष भीम सेन चौहान, कोषाध्यक्ष किशोर साव , उपाध्यक्ष विनोद चौहान, शिव नारायण चौहान, अविनाश मुखर्जी, प्रदीप चौहान, कौशल यादव, मंटू यादव, रोहन ठाकुर, अभिषेक चंद्रवंशी, देवेंद्र चौहान, धर्मेंद्र चौहान, अजय चंद्रवंशी, विक्रांत सिंह सहित कई सदस्य मौजूद थे।मंदिर के अध्यक्ष भीम सेन चौहान के द्वारा बताया गया की श्री राम जानकी हनुमान मंदिर निर्माण का कार्य अधूरा है गुम्बद निर्माण का कार्य होना है। कमेटी के सभी सदस्यों के द्वारा निर्णय लिया गया मंगलवार के दिन हनुमान चालीसा का पाठ सामूहिक रूप से किया जाएगा ,इसके बाद अगले दिन से मंदिर का निर्माण कार्य छूटा हुआ है। उसे पूर्ण करने के लिए सभी राम भक्त आसपास के कालोनियों से सहयोग लेने के लिए पहुंचेंगे आप सभी अवश्य सहयोग करेंगे। बता दें कि यह मंदिर चौहान मोहल्ला स्थित है द्य सिरका अरगड्डा क्षेत्र में यह इकलौता राम जी का मंदिर बन रहा हैं। भव्य मंदिर बन रहा है। आप सभी से अनुरोध है कि इस मंदिर में बढ़ चढ़कर का सहयोग दें ताकि यह मंदिर 2025 में दिसंबर तक स्थापित हो सके।


## मारवाड़ी महिला समिति ने किया समृद्धि सेल का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सेवाभावी संस्था मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा द्वारा स्थानीय जैन भवन में अपना पूर्व का सफलतम कार्यक्रम समृद्धि सेल का एक बार फिर से आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र जैन एवं सचिव योगेश जैन ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। भगवान श्री गणेश की प्रतिमा पर पुष्प माला समर्पित कर उपस्थित अतिथियों एवं समिति की पदाधिकारीयों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद राजेंद्र जैन ने समिति की सदस्याओं को आज के कार्यक्रम की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की। समिति के अध्यक्षा निशा जैन ने आए हुए अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया कि आज बाला साहब भीमराव अम्बेडकर की जन्म जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित यह कार्यक्रम उनके आदर्शों एवं सिद्धांतों के प्रति समिति के समर्पण को प्रदर्शित करता है। इस आयोजन में हम शहर वासियों के घरों से अनुपयोगी सामानों का संग्रहण कर हम उन्हें ?10 के दान कूपन के माध्यम से जरूरतमंदों के बीच वितरित करते हैं। श्रीमती जैन ने आगे बताया कि समिति का यह कार्यक्रम हमारी समिति की मूल भावना बहुजन हिताय एवं बहुजन सुखाय की भावना को संपोषित करता है तथा समिति भविष्य में भी इस प्रकार के जन एवं लोक कल्याण के कार्यक्रम कर समाज के वंचित तबके का सहयोग कर जन सेवा के नए सोपान स्थापित करती रहेगी। समृद्धि सेल का लाभ लेने के लिए प्रातः काल से लाभुकों की लंबी कतार लगने लगी इस सेल का लाभ लेने वाले लाभुकों के चेहरे पर विश्वास एवं संतोष स्पष्ट नजर आ रहा था।

## आज हम संकल्प लें कि बाबा साहब के विचारों, सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करें : पुनू राम नायक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** छोटकीपोना के नायक टोला में भारत के संविधान निर्माता एवं भारत के प्रथम कानून मंत्री बाबा भीमराव अंबेडकर की 134वी जयंती बहुत ही धूम धाम के साथ मनाई गई। मौजूद लोगों ने केक काटकर बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर पूर्व सेवानिवृत प्राचार्य पुनू राम नायक ने कहा कि अगर बाबा साहब नहीं रहते वंचित शोषित, दलित, समाज के पिछड़े पंक्ति के लोग को न्याय नहीं मिल पाता एवं बाबा साहेब के संविधान में किये हुए प्रावधान के कारण ही वंचित, शोषित एवं दलित को वोट देने का अधिकार मिला। बाबा साहब स्वयं कांटो के ताज पर चलकर पचासी प्रतिशत गरीब लोगों के जीवन मे फूल बिछाने का काम किया। आज हम संकल्प लें कि बाबा साहब के विचारों, सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करें. वहीं पूर्व शिक्षक बढ़न राम ने ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने भारत के आजादी की लड़ाई में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया था। और जीवन भर सामाजिक भेदभाव के खिलाफ लड़ते रहे। आजादी के बाद उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गए, जब उन्हें राष्ट्र के संविधान निर्माण का दायित्व सौंपा गया। मौके पर समाजसेवी अशोक राम बेदिया, मोतीलाल राम, महानंद महतो, सतीश मुंडा, महेश प्रसाद, संजय नायक सहित त्रिलोकी नायक, लालचंद नायक, चोला नायक, मुलेश नायक, शक्ति नायक, सत्यम सोनी, गौतम नायक, नारायण आदि थे ।

## दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर देते हैं शिवभक्ति की कठिन परीक्षा : गोरांग राय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामगढ़ के सटे गांव कैथा कुसुम टोला में आस्था और शिव भक्ति मंडा पर्व धूमधाम से मनाया गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य गौरांग राय शामिल हुए, जबकि विशिष्ट अतिथि नगर परिषद 26 के वार्ड सदस्य देवधारी महतो द्वारा शिवालय मंदिर में माथा टेका लिया आशीर्वाद तत्पश्चात सांस्कृतिक मंच का विवाद रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया और उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मंडा त्यौहार झारखंड में प्राचीन काल से लोग मनाते आ रहे है यह त्यौहार हमारा झारखंडियों का धरोहर है जिसे बचाए रखने की आवश्यकता है,इस अवसर पर भोकतागण कठिन तपस्या कर 24 घंटा निर्जला उपवास रखकर भोक्तागण शिव पार्वती की पूजा अर्चना कर आस्था का परिचय देते हैं देखते हुए,51 शिव भक्तों ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर दी शिवभक्ति की कठिन परीक्षा देते हैं, शिव भक्तों द्वारा पीठ में लोहे का कील ठोक कर झूलन करते हैं जो एक अद्भुत शिव भक्ति का परिचय देकर अपने गाँव परिवार में सुख समृद्धि शांति की कामना करते हैं, रात्रि में छऊ नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें सरायकेला बनाम बागमुंडी के बीच कलाकारों द्वारा मुखौटा पहन एक से बढ़कर एकरात भर पौराणिक, धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर सह संविधान निर्माता का 134 वां जयंती समारोह मांडू चट्टी पंचायत भवन में मनाया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर सह संविधान निर्माता का 134 वां जयंती समारोह मांडू चट्टी पंचायत भवन में बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया इस समारोह की अध्यक्षता मुखिया अनीता देवी ने की एवं इस समारोह में शामिल समाज सेवी और ग्रामीण मुख्य रूप से सामिल छोटेलाल भुइयां विधायक प्रतिनिधि, मांडू,आलम अंसारी , सुरेन्द्र गुप्ता, अनील कुमार, गणेश करमाली,मुर्तुजा खातून,सब्नम परवीन,जल सहिया,अमीत कुमार, शामा परवीन आदि उपस्थित थे।



## रामगढ़ नगर परिषद दिग्वार वार्ड चार में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक में चौपाल का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ नगर परिषद दिग्वार वार्ड चार में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक में चौपाल का आयोजन भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी की अध्यक्षता में किया कार्यक्रम का संचालन पूर्व महामंत्री नगर परिषद सुनील प्रसाद साहू ने किया धनबाद ज्ञापन भाजपा नेता अरुण कुशवाहा ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद उपस्थित हुए विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता पूर्व जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा उपस्थित हुए,इस चौपाल कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए, जनहित विकास कार्यो के बारे में जनता से रूबरू हुए इस चौपाल में दर्जनों की संख्या संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए कार्य प्रधानमंत्री आवास योजना शौचालय योजना आयुष्मान भारत किसान क्रेडिट कार्ड फसल बीमा योजना मुद्रा योजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पेंशन योजना मुफ्त राशन योजना गैस कनेक्शन योजना हर घर नल जल योजना अटल पेंशन योजना जनधन योजना सहित अनेक योजनाओं गरीब जनता को मिल रहा है इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी इस चौपाल कार्यक्रम में वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा वार्ड पार्षद अर्जुन यादव ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय शाह भाजपा नेता हरिनारायण कुशवाहा विनोद प्रसाद अर्जुन कुशवाहा अनिल यादव सांसद प्रतिनिधि रीमा देवी महिला नेत्री सुनीता रविदास संगीता देवी रवि कुशवाहा रहुल आदि उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय जनता दल रामगढ़ जिला द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल रामगढ़ जिला की ओर से जिला अध्यक्ष मोहम्मद गुलजार के नेतृत्व में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका जयंती मनाया गया। इसमें मुख्य गांव का मुख्य अतिथि प्रदेश के उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद यादव प्रदेश के पूर्व सचिव बद्री विश्वकर्मा रामगढ़ नगर अध्यक्ष अशोक यादव जिला के प्रवक्ता सुबोध कुमार साथी छोटे लाल यादव सुरेंद्र गुप्ता दिनेश लाल धारी मेहता सुखदेव महतो रामविलास यादव अर्जुन मंडल गौतम यादव अनिल शर्मा जमील अंसारी मोहम्मद फिरोज रामनिवास प्रसाद आदि राष्ट्रीय जनता दल के नेता और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई।



## डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती और शहीद गुरुदास चटर्जी की 25 वीं शहादत दिवस मनाई गई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा माले 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती और शहीद गुरुदास चटर्जी की 25 वीं शहादत दिवस भाकपा-माले कार्यालय रामगढ़ मनाई गई (जिला कमिटी सचिव हीरा गोप, भुनेश्वर बेदिया,देवकीनंदन बेदिया ,सरयू बेदिया, देवानंद गोप, नरेश बडाईक, अमल कुमार,लाल कुमार बेदिया, रसीद अंसारी,पवन कुमार यादव अन्य शामिल थे। नेताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर भारतीय संविधान सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्ष, समतामूलक और लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में गढ़ने एवं संविधान के ज़रिये दलितों, पिछड़ों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों को बराबरी का अधिकार देना का सपना था। जब देश को "हिंदू राष्ट्र" की ओर धकेलने की कोशिशें की जा रही हैं, अंबेडकर की चेतावनी बेहद प्रासंगिक हो जाती हैं। उन्होंने साफ कहा था "अगर भारत एक हिंदू राष्ट्र बनता है, तो निश्चय ही यह इस देश के लिए सबसे बड़ा दुर्भाग्य होगा। यह एक प्रतिक्रियावादी देश होगा, जिसमें स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के लिए कोई स्थान नहीं होगा।भाकपा (माले) मानती है कि अंबेडकर की विरासत को बचाने का अर्थ है संविधान, आरक्षण और सामाजिक न्याय की रक्षा करना के साथ।फासीवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई को जन आंदोलन के रूप में बदल देना ही मानती है।



## बांग्लादेशी कुकर्मियों का चेहरा बेनकाब हो गया बंगाल में : राजेश ठाकुर

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वक्फ बोर्ड के नाम पर विरोध प्रदर्शन का ढोंग करते हुए पश्चिम बंगाल में टीएमसी सुप्रीमो के सांसद एवं विधायक के संरक्षण में बांग्लादेशी देशद्रोहियों के द्वारा निर्दोष हिंदुओं पर अत्याचार किया जा रहा है वहां अपराध का स्वरूप बेहद भयानक है ममता बनर्जी अपने पाप के कारण इस बार स्वयं बंगाल की राजनीति से बाहर हो जाएगी पर उनके हाथ निर्दोष हिंदुओं के खून से सदैव लाल रहेगा निर्दोष हिंदू परिवार आज असहाय होकर पलायन के लिए मजबूर है बंगाल में इसके लिए ममता बनर्जी को शर्म आना चाहिए भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा इसका पुरजोर विरोध करता है और कुछ ढोंगियों के मुस्लिम समाज को मूर्ख बनाकर आजादी के समय से दान किए हुए संपत्ति का निजी उपयोग किया गया वह छिन जाने का उन्हें अब डर सता रहा है इसलिए बौखला कर देश में ऐसे वातावरण का निर्माण किया जा रहा है गरीब मुसलमानों को उनका हक मिले यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रयास है मोदी जी का एक ही नारा सबका साथ सबका विकास पर पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण वहां का वातावरण नरकी और दूषित हो गया है ।



## एसएस डिग्री स्कूल सयाल में संविधान रचयिता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर कि 134 वी जयंती मनाई गई

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल के वन बी स्टाफ कालोनी स्थित एसएस डिग्री पब्लिक स्कूल सयाल में सोमवार को संविधान रचयिता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर कि 134 वी जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। वहीं सर्वप्रथम विद्यालय कि प्राचार्य नीलम कुमारी व विद्यालय के संचालक अब्दुल मजीद एवं कल्याण राँय,अवध बिहारी,अमान अख्तर,प्रिती सिंह, पिंकी कुमारी,सिया सिंह,आसीफ हुसैन, ललीता एक्का, इमरान आलम व रीना कुमारी के साथ-साथ सभी शिक्षकों व बच्चों ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा एक से सात तक के बच्चों के बीच चित्रकला,भाषण और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़कर चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी -अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं विद्यालय के शिक्षक कल्याण राँय ने बच्चों को डॉ भीमराव अम्बेडकर कि उपलब्धियों और उनके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया ।

# जिला प्रशासन ने दी बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** संविधान निर्माता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को अंबेडकर चौक (डीआरएम चौक) पर जिला प्रशासन की ओर से वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक सहित अन्य पदाधिकारियों ने बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर संविधान निर्माण करने और उनकी प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने लोगों को अंधविश्वास से दूर रहने, भयमुक्त बनने व विवेकशील और शिक्षा ग्रहण कर ज्ञानी बनने की प्रेरणा दी। आज उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के दिन है।वहीं उप विकास आयुक्त ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने अपना जीवन समाज के पिछड़े वर्गों, दलितों और गरीबों के उत्थान के लिए न्योछावर कर दिया। वे एक प्रख्यात अर्थशास्त्री और कानूनविद थे। उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय व सामाजिक असमानता के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने, मौलिक दायित्व की भी बात की। अपने प्रगतिशील विचारों के चलते वे आज करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्त्रोत हैं। आज पूरा देश बाबा साहेब को उनकी जयंती पर याद कर इस महान विभूति को श्रद्धांजलि दे रहा है।इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, नेशनल फेडरेशन ऑफ अम्बेडकर मिशन, धनबाद, के अध्यक्ष शशि भूषण कुमार, नगर निगम के चिफ इंजीनियर अनूप कुमार सामंता, सिटी मैनेजर विशाल कुमार, सुपरवाइजर चिंटू कुमार, डीआरडीए के मनिष कुमार सहित बड़ी संख्या में लोगों ने संविधान निर्माता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



## डीएवी बनियाहीर में डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** भारतीय संबिधान के निर्माता, प्रख्यात विद्वान डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की 153वीं जयंती बड़े ही धूम - धाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एज़ाज अहमद ने श्री अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरांत उपस्थित शिक्षक, शिक्षिका और छात्रों ने भी उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा श्रद्धा सिन्हा ने श्री अम्बेडकर के कार्यों को रेखांकित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्य एज़ाज अहमद ने उपस्थित शिक्षक - शिक्षिकाओं और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि, समानता मूलक समाज के सपनों को साकार करना, समाज से ऊंच नीच की भावना को समाप्त करना ही डॉ. अम्बेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होंगी। उन्होंने उपस्थित छात्र, शिक्षक और शिक्षकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

## शहीद कॉमरेड गुरदास चटर्जी को दी श्रद्धांजलि

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को देवली गोविंदपुर स्थित शहीद कामरेड गुरदास चटर्जी के शहादत स्थल पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर झारखंड बांग्ला भाषा संघर्ष समिति ने श्रद्धांजलि दिया। श्रद्धांजलि देने वाले में मुख्य रूप से सम्राट चौधरी, राणा चट्टराज, सुशोभन चक्रवर्ती, मिंटू दास, समीर मंडल, अशोक कुमार राय, कल्याण चक्रवर्ती, अशोक चटर्जी, कल्याण घोषाल, जयदीप बनर्जी आदि लोग शामिल थे।




## अंबेडकर जयंती पर निकाला गया शोभा यात्रा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भूली शिवपुरी में नागरिक संघर्ष मोर्चा द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर शोभा यात्रा निकाली गई। शिवपुरी में केंद्रीय कार्यालय श्री लेखा महतो स्मृति भवन में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और भगवान बुद्ध के तस्वीर पर माल्यार्पण कर शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा शिवपुरी से सी ब्लॉक होते हुए मनोकामना मंदिर, हॉस्पिटल गेट होते हुए बी ब्लॉक अंबेडकर चौक पहुंचा। जहां भीमराव अंबेडकर के आदमकाद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। जिसके बाद योग केंद्र में शोभा यात्रा का समापन किया गया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष डॉ बालेश्वर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से दलितों पिछड़ों वंचितों को अधिकार दिया और समाज में समतामूलक व्यवस्था दी। मौके पर उमेश्वर झा, उमेश ठाकुर, प्रियव्रत सिंह, महेश सिंह, जगदीश प्रसाद राय, महेश सिंह, दीपक महतो, प्रमोद पासवान, नरेश पासवान, आशा राय, ऊषा मेहता, राजेंद्र महतो, धर्मेंद्र कुमार, विकास साव, मनमोहन सिंह, मनोज सिंह, आनंद सिंह, बी सी सरकार, गुरुचरण सिंह, कृष्णा विश्वकर्मा, नरेश पंडित, इंदु देवी, संजीता एक्का, पिंकी देवी, रौशनी प्रभावती देवी, आरती देवी, रीना देवी, शकुंतला देवी, तारा देवी, रीना विश्वकर्मा, विजय श्रीवास्तव, रामेश्वर कर, वीरेंद्र उरांव आदि शामिल थे।



## साइबर सुरक्षा व अनुसन्धान को लेकर पुलिस लाइन में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस अफसरों को साइबर अपराध रोकथाम एवं अनुसन्धान को लेकर रविवार को पुलिस केंद्र में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सभी थाना प्रभारी, सभी इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर समेत साइबर थाना मे पदाधिकारीगण उपस्थित थे।प्रशिक्षण शिविर के दौरान साइबर एक्सपर्ट के द्वारा जिले के पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान साइबर एक्सपर्ट द्वारा इंफार्मेशन टेक्नालॉजी एक्ट एवं इंटरनेट के जरिए हो रहे अपराधों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही कंप्यूटर से सबूत को संरक्षित करने, कंप्यूटर हैकिंग से बचाव व डेटा संग्रह के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।इसके अलावे विभिन्न माध्यम से आपत्ति जनक संदेश भेजने, निजी परिचय के नाम पर धोखाधड़ी करने, अश्लील वीडियो या मैसेज के जरिये ब्लैकमेल करने, डिप फेक के जरिये होने वाले अपराध के रोकथाम, फर्जी दस्तावेज तैयार करने, नौकरी एवं वित्तीय लाभ के नाम पर होने वाले अपराध के तरीकों व उसके रोकथाम के साथ अनुसन्धान के विभिन्न बिंदुओं पर तकनीकी रूप से पुलिस पदाधिकारियों को अवगत कराया गया।प्रशिक्षण शिविर के दौरान पुलिस अधिकारियों को बताया गया कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न साफ्टवेयर की मदद के जरिए कैसे अपराधियों के जड़ तक पहुंचा जा सकता है। इसके अलावे साइबर अपराध एवं इसे रोकने के लिए बने कानून के संबंध में भी जानकारी दी गई।



## जोगता नागरिक समिति ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दिनांक 14/04/25 को जोगता नागरिक समिति ने अपने आवासीय कार्यालय में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती मनाई जिसमें बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर को पुष्प अर्पित कर पुष्पांजली अर्पित की, जिसमें जोगता नागरिक समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा तथा शंकर चौहान ने कहा की आज हमारे देश वासीयों को बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के विचारों तथा उनके पदचिन्हों पर चलने की आवश्यकता है जिससे हमारा देश और आगे की ओर बढ़े और पुरे विश्व में पहले स्थान पे रहे, जिसमें मुख्य रूप से जोगता नागरिक समिति के एस के मोबीन, हसीब खान, असगर मियां, मंगल चौहान, निर्मल कुमार, अजय चौहान, संतोष पासवान, सैया आलम, श्रीधर पान्डे, मन्नु चौहान, बिन्दवा देवी, गुड़ीया परवीन, मन्नु महतो, सुरज चौहान, रिना देवी, मिना देवी आदि लोग उपस्थित थे।

## बीसीसीएल भौरा प्रबंधन के खिलाफ आदिवासी की ज़मीन की लड़ाई क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा लड़ेगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** भौंरा परसिया बाद सामुदायिक भवन के पास क्रांतीकारी वंचित जनवादी मोर्चा के बैनर तले एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता आशा हेम्बर्म ने किया। बैठक मै बीसीसीएल भौंरा प्रबंधन के खिलाफ जमकर हुई नारेबाजी किसी भी कीमत पर विस्थापितओ को दुबारा विस्थापित नहीं होने दिया जाएगा। घनी आबादी के बीचो बिच काटा घर को नहीं लगने देंगे। भौंरा प्रबंधन न्यायालय की बात नहीं मानेगा तो आर पार की लड़ाई लडने के लिए हमलोग भी तैयार है। किसी भी कीमत पर भौरा प्रबंधन की मनमानी नहीं चलने दिया जायेगा। बैठक के दौरान ग्रामीण काफी आक्रोशित थे। बैठक के दौरान काफी संख्या में महिला मौजूद थी7 मोर्चा के सचिव अनिल बाउरी ने कहा की पांच हजार आबादी को किसी भी किमित पर उजाडने नहीं दिया जाएगा,कल से जगह जगह बैठक कर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा लोगो को अपनी हक की लड़ाई के लिए जागरूक किया जायेगा क्रांतिकारी वंचित जनवादी मोर्चा के सचिव रामप्रवेश यादव ने कहा की एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त एवं सीएमडी से मिल कर अपनी बात को रखेंगे। अगर बात नहीं मानी गई तो एक जोरदार आंदोलन किया जायेगा। यादव का कहना है की काटा घर लगने से स्कूल एवं बाज़ार में रह रहे लोग गंभीर बीमारी से गरस्थ हो जाएगा छोटे छोटे स्कूली बच्चे प्रदूषण की वजह से सवास्थ सम्बंधित समस्या का सामना करना पडेगा।7जिसके कारण बच्चे शिक्षा से वंचित होने का डर बना रहेगा। प्रबबंध की सोची समझी साजिस है। बैठक में मुख्य रूप से मोती लाल हेम्ब्रम, रीता हेम्बर्म, जगदीश महतो, सुबुध महतो, सागीर अंसारी, मालती कुमारी, रामप्रवेश यादव, गुण गुण कुमारी, बेदनी देवी, ममता देवी, मालती कुमारी, जस्सी देवी, अनिल बाउरी उपस्थित थे।




## लाडिया एक्सक्लूसिव लहंगा शोरूम के दूसरे ब्रांच का हुआ भव्य उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** एक्सक्लूसिव लहंगा शोरूम लाडिया के दूसरे ब्रांच का भव्य उद्घाटन बैंक मोड़ टेक्सटाइल मार्केट के फर्स्ट फ्लोर में लाडिया परिवार, अतिथियों एवं ग्राहकों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। शोरूम के ऑनर दीपक लाड़िया ने बताया कि हमारा यह ब्राइडल लहंगा, पार्टी वियर लहंगा और साड़ियों का यह दूसरा एक्सक्लूसिव शोरूम है और सबसे खास बात हमारे शोरूम में उपलब्ध विभिन्न लेटेस्ट खूबसूरत ब्राइडल लहंगा एवं पार्टियों में पहनने वाले लहंगा और एक से बढ़कर एक खूबसूरत साड़ियों का क्रिएशन और डिजाइन हमारे विशेषज्ञ डिजाइनरों द्वारा किया जाता है जो पहली नजर में लोगों को पसंद आ जाती है। लहंगों एवं साड़ियों के एक्सक्लूसिव आइटम्स और वाजिब कीमतों के कारण वर्तमान में लाडिया शोरूम ग्राहकों की पहली पसंद बन गई है। उद्घाटन में कृषि बाजार समिति के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल,सचिव गौरव गर्ग कोषाध्यक्ष दीपक कटेसरिया, बैंक मोड चेंबर के पूर्व अध्यक्ष प्रभात सुरोलिया भाजपा नेता नितिन भट्ट, महेन्द्र अग्रवाल,मनोज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, अंबिका गोयल, कंचन अग्रवाल, बबलू अग्रवाल, समेत अन्य अतिथि एवं ग्राहक उपस्थित थे।

## रेल कर्मी अर्जुन महतो को रिटायरमेंट समारोह में किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** डीआरएमओ परिसर में अर्जुन महतो का रिटायरमेंट समारोह मनाया गया। इस अवसर पर उन्हें सपरिवार शॉल ओढ़ाकर पुष्प गुच्छ, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि अर्जुन महतो ने 39 साल की शानदार सेवा में रेलवे को गौरान्वित किया है। वे धनबाद रेलवे नियन्त्रण कक्ष में पदस्थापित थे। समारोह में मुख्य नियंत्रक प्रभारी जितेन्द्र प्रसाद ने अर्जुन महतो को सरकारी सेवा के साथ साथ सामाजिक सरोकार से जुड़ा व्यक्तित्व बताया। इस मौके पर मंडल के मुख्य नियंत्रक विजय चौधरी, रंजीत कुमार, आकाश गौरव, अजीत तिवारी, परमहंस पांडे, वी के वर्मा समेत सभी कंट्रोल कर्मी शामिल हुए। समारोह में उपस्थित कंट्रोल रूम के कर्मियों ने बताया कि रेल कंट्रोल के सारे कर्मी श्री अर्जुन को कभी भूल नहीं सकते हैं। पूरे कार्यकाल के दौरान वे सभी से काफी मिलनसार थे और सबको हर वक्त साथ देने वाले एक समाजसेवी के रूप में पहचाने जाते है। कहा कि उनके रिटायरमेंट से सभी कर्मियों को दुख हो रहा है कि अर्जुन महतो अब हम लोगों के साथ-साथ काम नहीं कर सकेंगे लेकिन उनका कभी भी ऑफिस में हमेशा स्वागत व सम्मान रहेगा।

## जेपी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस में समारोहपूर्वक मनी बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कोला कुसमा, बलियापुर रोड स्थित जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।इस मौके पर जेपी ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस एवं जेपी हॉस्पिटल के अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने कहा बाबा साहब का मानना था की शिक्षा हर किसी को मिलनी चाहिए,चाहे वह किसी भी जाति, धर्म या समाज से आता हो। उन्होंने भेदभाव को चुनौती दी और शिक्षा को अपना हथियार बनाया और न केवल खुद आगे बढे,बल्कि पूरे दलित समुदाय को शिक्षा दी। उन्होंने देश को संविधान देकर एकता, समानता और समरसता का संदेश दिया।उनके बताये रास्ते पर चलकर ही हम देश की अखंडता और एकता की रक्षा कर सकते हैं जे पी इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने कहा बाबा साहब अंबेडकर कहते थे शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। वे भारत रत्न से सम्मानित महान विभूतियां में से थे।आज उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का दिन है। बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर जेपी इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष प्रदीप मंडल, प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल, कॉलेज की डायरेक्टर डॉक्टर किमी मंडल, नर्सिंग विभाग की प्राचार्या शोभना भट्टाचार्य, फार्मेसी विभाग की प्राचार्या नीलम सिंह समेत कॉलेज के सभी शिक्षकों, छात्र-छात्राओं ने बाबा को नमन किया।

## हाड़ी समाज ने केक काट कर मनाया बाबा साहेब की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** हाड़ी जाति समाज सुधार समिति सामाजिक संस्था ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें याद किया। इस अवसर पर धनबाद के डीआरएम चौक पर स्थापित बाबा साहब की आदम कद प्रतिमा पर समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही ही इस अवसर पर केक भी काटा गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष किशोर हाड़ी ने कहा कि बाबा साहब ने देश को संविधान देकर एकता, समानता और समरसता का संदेश दिया। आज भारत जिस लोकतांत्रिक मूल्यों पर मजबूती से खड़ा है, उसका श्रेय बाबा साहब के विचारों को जाता है। उनके बताये रास्ते पर चलकर ही हम देश की अखंडता और एकता की रक्षा कर सकते हैं। कार्यकारी अध्यक्ष कार्तिक हाड़ी ने इस अवसर पर कहा कि बाबा साहब ने देश को संविधान देकर एकता, समानता और समरसता का संदेश दिया। देश की प्रगति उनके बताये रास्ते पर चल कर ही मुमकिन है। बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर संविधान निर्माण करने और उनकी प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने लोगों को अंधविश्वास से दूर रहने, भयमुक्त बनने व विवेकशील और शिक्षा ग्रहण कर ज्ञानी बनने की प्रेरणा दी। आज उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का दिन है। इस संविधान निर्माता, भारत रत्न, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर हाड़ी जाति समाज सुधार समिति से महासचिव भूचु हाड़ी,सचिव राजेश हाड़ी, कोषाध्यक्ष बिजय हाड़ी,रक्षामंत्री भोला हाड़ी, सूचनामंत्री रंजीत हाड़ी, वरिष्ठ पदाधिकारी चतुर हाड़ी,संरक्षक अमित किशोर हाड़ी, युवा समिति के अध्यक्ष बिनोद हाड़ी,उपाध्यक्ष मनोज हाड़ी, संगठन सचिव भरत हाड़ी, सचिव दिनेश हाड़ी, विक्की हाड़ी, महासचिव अजय हाड़ी, मनोज हाड़ी उपस्थित हुए।



## टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में डॉक्टर भीमराव रामजी अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने हवन किया। वरिष्ठ गणित शिक्षक सुमित कुमार ने डॉक्टर भीमराव रामजी अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। विद्यालय के अन्य शिक्षक बिनय कुमार सहाय, अमरेश नंदन सिंह, धर्मराज दूबे, हरिश्चंद्र मिश्र, विनोद कुमार तिवारी, मनोरंजन साहू, रबीन्द्र सिंह, समीप महापात्रा, नीरज सिन्हा, पंकज कुमार, शिवम् कुमार, श्री हरि महतो एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में मनसाक्षेत्रपाल, इन्द्रदेव, बबलू आदि ने भी बाबा साहेब के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा की इनके जन्मदिन को स्मृति दिवस और समानता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इन्हें मरणोपरांत 1990 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया। इन्हें बाबा साहेब के नाम से भी संबोधित किया जाता है। ये दलितों और पिछड़ों के मसीहा थे। वे मर कर भी आज अमर हैं।

## सुरक्षा का जश्न : टाटा स्टील के झारिया डिवीजन में राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह की हुई शुरुआत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह 2025 की शुरुआत के उपलक्ष्य में आज जामाडोबा स्थित जनरल मैनेजर के कार्यालय में एक भावुक और प्रेरणादायक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टाटा स्टील के झरिया डिवीजन के जनरल मैनेजर संजय राजोरिया ने ध्वजारोहण किया और उन बहादुर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने अपने कर्तव्यों की निर्वाहन करते हुए प्राणों की आहुति दे दी। सप्ताह भर चलने वाली गतिविधियों के अंतर्गत स्कूलों, अस्पतालों और आस-पास के क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा जागरूकता सत्र और समुदाय को शामिल करने वाली गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।इस समारोह में सुब्रत दास (चीफ, जामाडोबा ग्रुप), बरुण कुमार बनर्जी (हेड सेफ्टी), सुजीत कुमार झा (सीनियर एरिया मैनेजर, सिक्योरिटी), रवि कुमार (सीनियर मैनेजर, सिक्योरिटी) और झारिया डिवीजन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उनकी उपस्थिति ने डिवीजन में अग्नि सुरक्षा के प्रति मजबूत और समर्पित दृष्टिकोण को और भी मज़बूत किया। राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह हर साल 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। यह अवसर हमें हमारे दमकलकर्मियों की साहस और प्रतिबद्धता की याद दिलाता है, जो न केवल अपनी जान की परवाह किए बिना दूसरों की सुरक्षा करते हैं, बल्कि अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाते हैं। इस अवसर पर, शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, आग से निपटने में उनके अदम्य साहस और समर्पण की भी सराहना की गयी। इस वर्ष के राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह 2025 का थीम है की एकजुट होकर प्रज्ज्वलित करें, अग्नि सुरक्षित भारत का निर्माण करें।



# सांसद सुखदेव भगत ने प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण, कहा

## शिक्षा सब से बड़ा हथियार, समाजिक सरोकार ओर रोजगार भविष्य के लिए प्रदान करता है

## संविधान के प्रस्तावना ही संविधान कि आत्मा है : सांसद सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रांगण में संविधान निर्माता डा भीम राव अंबेडकर के जयंती पर डा भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत द्वारा किया। उन्होंने सांसद निर्माता डा भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर प्रखंड प्रशासन की ओर से भव्य रूप से कार्य क्रम का आयोजन किया गया कार्य क्रम का शुभारंभ सांसद सुखदेव भगत, ए सी जितेंद्र मुंडा, प्रमुख फूलझरी देवी बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीओ मो मुदस्सर नजर मंसूरी एव कांग्रेसी नेता आलोक साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि हजारों साल नर्गिस अपनी बे नूरी पे रोती है, बड़ी मुश्किल से होती है चमन में दीदर पैदा की शायरी से जब अपनी संबोधन शुरू किया तो तालियों से प्रखंड मुख्यालय गूंज उठा। उन्हों कहा कि प्रखंड प्रशासन की ओर से सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण में डा भीम राव अंबेडकर कि प्रतिमा का अनावरण संविधान निर्माता डा भीम राव अंबेडकर की जयंती के मौके पर भव्य रूप से किया गया। देश के महा पुरुष और खास कर डा भीम राव अंबेडकर ने विषम परिस्थिति में शिक्षा ग्रहण किए और भारत की संविधान दिए हमें इन महा पुरुषों सी प्रेरणा लेकर अपने जीवन को आगे बढ़ाए। उन्होंने ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना ही संविधान का आत्मा है। जो हमें अभिव्यक्ति की आजादी देता है। संविधान एक दस्तावेज है जो देश राज्य की शासन व्यवस्था चलाने में सर्वोच्च एव स्वच्छ व्यवस्था है। संविधान संघर्ष गाथा है अतीत की मूल्य वर्तमान के साथ साथ भविष्य की परिकल्पना समाहित है। बच्चों को कहा कि संविधान को अवश्य पढ़े समानता को जाने संघर्ष करते लक्ष्य को प्राप्त करे और देश की सेवा से जुड़ कर देश को आगे बढ़ाने में योगदान दें। सम्मान तरीके से जीतना सिर्फ जीतना है विषम प्रस्थिति में जीतना ही इतिहास कहलाता हैं जो डा भीम राव अंबेडकर जी ने कर के दिखाया। हजारों साल नरगिस अपनी बे नूरी पे रोती है, बड़ी मुश्किल से होती है चमन में दीदवर पैदा। सांसद सुखदेव भगत के सेन्हा पहुंचने पर प्रखंड प्रशासन की ओर से झारखंडी सांस्कृतिक परम्परा के अनुसार गाजा बजा और फूल की बौझार कर स्वागत किया।साथ ही अधिकारियों द्वारा बुके साल और पौधा देकर सम्मानित किया। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की बच्चियों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। और उपस्थित अधिकारी और कांग्रेसियों ने डा भीम राव अंबेडकर कि प्रतिमा को पुष्प अर्पित कर नमन किया। मौके पर ए सी जितेंद्र मुंडा, कांग्रेसी नेता आलोक साहू, प्रमुख फूलझरी देवी, बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीओ मो मुदस्सर नजर मंसूरी, नंदकिशोर शुक्ला, इमरान आजाद, सदर मोख्तार अंसारी, मुस्ताक, अफाक, मुखिया धनबाज उरांव, राज श्री उरांव, बसंती उरांव, पंचायत समिति सदस्य, अफसाना खातून, सफरूदीन, इम्तियाज अहमद, बालेश्वर पंडित, संजीत भगत, गोवा उरांव आदि उपस्थित थे।

## देश के सभी नागरिक डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का संकल्प ले : मनीर उरांव



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सोमवार को डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने की और उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डॉक्टर आंबेडकर की 135 वां जयंती पर हमें समानता स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय का संदेश दिया है। आज हम उनके प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त कर रहे हैं। या हम सभी का कर्तव्य है कि हम उनके दृष्टिकोण को जीवन में उतरे और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में काम करें इस दौरान उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर ने कहा था कि लोकतंत्र का स्वरूप और उद्देश्य समय के साथ बदलते रहते हैं और आधुनिक लोकतंत्र का उद्देश्य लोगों का कल्याण करना है उनके इसी मूल मंत्र को अपनाते हुए पिछले 11 वर्षों में केंद्र की सरकार लगभग 25 करोड लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकलने में सफल रही। और देश के प्रधानमंत्री मोदी जी गत माह बाबा साहेब की दीक्षाभूमि नागपुर गए थे। वहां उन्होंने बाबा साहेब के सपनों के भारत को साकार करने की अपनी प्रतिबद्धता फिर से दोहराई आज बाबासाहेब की जयंती पर हम सभी धर्म, पंथ, जाति और क्षेत्र आदि से ऊपर उठकर सही मायने में भारतीय बनाकर डॉक्टर आंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का संकल्प ले तो यह भारत की इस महान विभूति के प्रति हमारी सबसे सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर उपस्थित ओम प्रकाश सिंह, अजय पंकज, नवीन कुमार टिंकू, पशुपतिनाथ पारस, अनिल उरांव, ओम गुप्ता, राजकिशोर महतो, विमल कांत, पवन तिग्गा, मिथुन तमेडा, अशोक कसकर, आकाश वर्मा, सुशील पटनायक, ने मनोज कुमार, रोहित कसकर, रामकुमार खरवार, अमरनाथ भगत, सचिन कुमार साहू के साथ अन्य बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संविधान निर्माताओं में से एक बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाई गई

### देश के विकास से पहले हमें अपनी बुद्धि की विकास की आवश्यकता है : बिपिन कुमार दास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। वंदना सभा में भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, आचार्या अनीता देवी ने दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने भीमराव अंबेडकर की जीवनी का परिचय देते हुए कहा कि विद्यार्थी की पहचान ज्ञान से होती है,फिर चाहे उसकी जाति, धर्म या आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। शिक्षा एक ऐसा साधन हैरान,जो लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्य के प्रति जागरूक बनाता है। देश के विकास से पहले हमें अपनी बुद्धि के विकास की आवश्यकता है। जयंती के उपलक्ष पर भैया-बहनों के बीच भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं भारतीय संविधान प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। कक्षा षष्ठ से दशम तक के भैया-बहनों की सराहनीय सहभागिता रही । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी जी भैया-बहन एवं कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी भैया बहनों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बहुमूल्य विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## ब्लूमिंग बर्ड्स पब्लिक स्कूल में मनाई गई भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** देश भर में जहां भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है, वहीं लोहरदगा रियडा एकागुडी स्थित ब्लूमिंग बर्ड्स पब्लिक स्कूल में भी इस महान विभूति को श्रद्धांजलि देने हेतु एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर मुकेश कुमार गुप्ता, प्रिंसिपल शोभा रानी साहू, समस्त शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर बाबा साहेब के आदर्शों और उनके योगदान को स्मरण किया। विद्यालय के छात्रों ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर आधारित भाषण, कविता पाठ और नाटक प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बाबा साहेब के विचारों से अवगत कराना और उन्हें सामाजिक समरसता, समानता तथा शिक्षा के महत्व को समझाना था। इस अवसर पर डायरेक्टर मुकेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा, बाबा साहेब ने हमें जो संविधान दिया, वह न केवल कानून का दस्तावेज है, बल्कि यह सामाजिक न्याय, समानता और स्वतंत्रता का प्रतीक भी है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर एक समतामूलक समाज की स्थापना करनी है। प्रिंसिपल शोभा रानी साहू ने भी अपने वक्तव्य में कहा कि डॉ. अंबेडकर न केवल महान समाज सुधारक थे, बल्कि वे शिक्षा को सबसे बड़ी ताकत मानते थे। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा को अपना हथियार बनाएं और बाबा साहेब के सपनों के भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे बाबा साहेब के आदर्शों का पालन करेंगे और सामाजिक न्याय की दिशा में कार्यरत रहेंगे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर बने मानव शृंखला में शामिल हुए विधायक भूषण बाड़ा



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस प्रदेश कमेटी के बैनर तले डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रांची में विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई। इस मानव श्रृंखला में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। मौके पर विधायक ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए केवल एक तिथि नहीं है यह एक विचार की जयंती है। यह उस महान आत्मा का जन्मदिवस है, जिसने करोड़ों दबे-कुचले लोगों को एक नई पहचान दी। उन्हें आत्म-सम्मान और न्याय का अधिकार दिलाया। विधायक ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन आज हम सब गर्व से मना रहे हैं। उन्होंने सिर्फ संविधान नहीं बनाया बल्कि उन्होंने एक ऐसा रास्ता बनाया, जिस पर चलकर हर गरीब, हर दलित, हर महिला, हर शोषित व्यक्ति अपने अधिकारों तक पहुँच सके। भूषण बाड़ा ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी ने मानव श्रृंखला बनाकर इस विचार को फिर से जीवंत किया है। एकता, समानता और सामाजिक न्याय की इस श्रृंखला में हम सबने हाथ मिलाकर यह संदेश दिया है कि हम अंबेडकर जी के सपनों को कभी मरने नहीं देंगे। हमारे संविधान में जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्य हैं, वे केवल किताबों तक सीमित न रहे का संकल्प हमें लेना है। विधायक ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते ये वादा करता हूँ कि समाज के हर आख़िरी व्यक्ति तक अंबेडकर जी के विचार पहुँचाऊँगा और जब तक एक भी व्यक्ति शोषित है। तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी। आज हम सब मिलकर केवल अंबेडकर जयंती नहीं मना रहे है। बल्कि हम उस संघर्ष, उस बलिदान और उस विचारधारा को श्रद्धांजलि दे रहे हैं जिसने भारत को वी द पीपल ऑफ इंडिया की ताक़त दी।

## सरस्वती विद्या मंदिर लचरागढ़ में मनाया गया डॉक्टर भीमराव जयंती



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वनवासी कल्याण केन्द्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखण्ड द्वारा संचालित विवेकानन्द शिशु-विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम आज के मुख्य अतिथि विद्यालय के आचार्या श्रीमती दशरथी देवी, विशिष्ट अतिथि कन्या भारती के वन्दना प्रमुख बहन संध्या नायक, किशोर भारती के अध्यक्ष भैया अजीत साहू, विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहू और आज के कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के पूर्व छात्र श्री श्यामू नायक शिक्षक राजकीय प्राथमिक विद्यालय रामजड़ी (पहानटोली) के द्वारा संयुक्त रूप से डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर, सरस्वती माता, भारत माता और सृष्टि के गर्भस्थल ? के समक्ष दीप प्रज्वलित, पुष्पार्चन, माल्यार्पण कर कार्यक्रम सुभारम्भ किया ।इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा द्वितीय से पंचम तक चित्रकला प्रतियोगिता,कक्षा षष्ठ से दशम तक निबंध प्रतियोगिता और कक्षा पंचम से अष्टम तक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भैया गौतम प्रधान कक्षा तृतीय, द्वितीय स्थान भैया अंश राज कक्षा पंचम, कक्षा द्वितीय से भैया कृष्ण नायक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## महान विचारक सामाजिक शिल्पकार थे डॉ. अंबेडकर : विमलेश कुमार तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। जयंती कार्यक्रम का शुरुआत बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन कर प्रारम्भ किया गया। महान विचारक सामाजिक समरसता के शिल्पकार थे भीमराव अंबेडकर उक्त बातें विद्यालय के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने कहा की 14 अप्रैल 1891 में जन्में बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर विधिवेता, राजनीतिज्ञ, लेखक अर्थशास्त्री, वकील और समाज सुधारक थे। इन्होंने अछूतों को लेकर दलितों से होनेवाले सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया था। हिन्दू धर्म मे व्याप्त कुरीति और छुआ छूत के कारण 1956 में इन्होंने बौद्ध धर्म को अपनाया था। वही देश का संविधान निर्माण के लिये बाबा साहब अम्बरदकर को संविधान प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया था। जो विश्व के सबसे बड़े लिखित संविधान निर्माण किया साथ उन्हें स्वतंत्र स्वतंत्र भारत का प्रथम विधिमंत्री बनाया गया था। मरणोपरांत 1990 में इन्हें भारतरत्न से सम्मानित किया गया। भैया बहनों से अपील करते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर स्वतंत्रता, समानता और बंधुता तथा न्याय के दर्शन थे।

## बाबा साहब समाज में फैली जातिगत असमानता और छुआछूत के विरुद्ध व्यापक जन आंदोलन का सबसे बड़ा नेता थे : नेसार अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सोमवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में संविधान निर्माता बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर जी का जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में एक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व में कांग्रेसियों के द्वारा बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात कांग्रेसियों के द्वारा कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन से पदयात्रा करते हुए समाहरणालय स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा के समक्ष पहुंचकर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया जहां एक सभा आयोजित हुई। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुखेर भगत ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जीवनी एवं उनके द्वारा देश के लिए किए गए योगदान की बखान करते हुए कहा कि 29 अगस्त 1947 को अंबेडकर को स्वतंत्र भारत के नए संविधान की रचना के लिए बनी मसौदा कमेटी के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। अंबेडकर एक बुद्धिमान संविधान विशेषज्ञ थे उन्होंने लगभग 60 देश के संविधान का अध्ययन करने के पश्चात भारतीय संविधान के मसौदा तैयार किया इसलिए अंबेडकर को संविधान का पिता का मान्यता प्राप्त है। जहां संविधान में उन्होंने नागरिक की स्वतंत्रता के लिए संवैधानिक गारंटी और सुरक्षा प्रदान की है जिसमें धर्म की आजादी छुआछूत को खत्म करना और सामाजिक भेदभाव को खत्म कर सामाजिक समानता और सामाजिक न्याय की बात की है। अंबेडकर ने महिलाओं के लिए व्यापक आर्थिक और सामाजिक अधिकारों के लिए तर्क दिया है और अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों को सरकारी सेवाओं स्कूल और कॉलेज में नौकरियों के आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित किया है बाबा साहेब का हमेशा से यह सोच था कि शोषित वंचित एवं दलित समाज को समाज के मुख्य धारा में लाने के लिए उन्हें शिक्षित करना अति आवश्यक है। इस मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के इतिहास में आज का दिन संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के नाम पर समर्पित है। आज पूरा देश डॉ भीमराव अंबेडकर को शीश झुकाकर नमन कर रहे हैं। बाबा साहब का संपूर्ण जीवन समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की भावना को समर्पित था। समाज में फैली जातिगत असमानता और छुआछूत के विरुद्ध व्यापक जन आंदोलन के वो सबसे बड़ा नेता रहे हैं। आज जब समाज को तोड़ने धर्म और जाति के आधार पर लोगों को बांटने और संविधान की मूल भावना के साथ छेड़छाड़ करने की साजिश चल रही है, तब हम सभी को बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर आगे बढ़ना होगा। संविधान में दिए गए अधिकार के तहत उठ खड़े होने और निर्णायक लड़ाई के लिए हम सबको तैयार रहना होगा। क्योंकि संविधान सुरक्षित रहेगा तभी यह देश सुरक्षित रहेगा।

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर गरीबों, दबे कुचले लोगों के मसीहा थे : आजसू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी लोहरदगा जिला इकाई बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बाबा साहब के प्रतिमा में माल्यार्पण कर संविधान के निर्माता, दबे कुचले के हक अधिकार दिलाने वाले, गरीब अमीर की समानता का भाव लेकर ऐसा संविधान बनाया जिसमें देश में छुआछूत जैसे कुरीति को मिटाते हुए सबको एक समान समझते हुए समानता का अधिकार दिलाने का कार्य किया। ऐसा संविधान बनाया कि देश का हर तबका को एक समान संवैधानिक अधिकार प्राप्त हो और सबके लिए एक समान दंड संहिता भी बनाया। उनके द्वारा बनाया गया संविधान ही उन्हें गरीबों के मसीहा के रूप में पेश करता है, उक्त बातें लोहरदगा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने कहा केंद्रीय सचिव राम लखन प्रसाद ने कहा की बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एक गरीब दलित परिवार से आते हुए भी इतनी ऊंची सोच रखते हुए। समानता की बात कर पाए और सबको समानता का अधिकार दिलाए। केंद्रीय महासचिव अंजू देवी ने कहा की बाबा साहब दलितों आदिवासियों की दुर्दशा देखकर व्यथित रहते थे जिस पारिवारिक पृष्ठभूमि से आते थे वहां की दुर्दशा देखकर विचलित रहते हुए इतनी उच्च कोटि का संविधान का निर्माण किया वह उनके जैसे ही महान विभूति के लिए संभव था। लाल गुडडू लाल ने कहा बाबा साहेब के द्वारा ऐसा संविधान बना है जो दुनिया में अनोखा सबसे बड़ा लिखित संविधान, सबसे बड़ा लोकतंत्र के लिए लिखा गया सबको समानता का अधिकार देने वाला संविधान है। ऐसी सोच को हम सलाम करते हैं। आज के कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती केंद्रीय सचिव राम लखन प्रसाद केंद्रीय सचिव विश्वनाथ उरांव केंद्रीय महासचिव अंजू देवी केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव जिला पदाधिकारी महेंद्र महतो नगर उपाध्यक्ष राजन मेहता कुर प्रखंड सचिव परमेश्वर महत्व उषा देवी नगर महिला प्रभारी आशा देवी जिला प्रवक्ता समिति प्रभारी सागर वर्मा मनोज कुमार गुप्ता बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय सदस्य दिलीप साहू किस्को प्रखंड महिला मोर्चा अध्यक्ष मुनिया उरांव बांद्रा प्रखंड अध्यक्ष आकाश यादव जिला पदाधिकारी गुड्डू प्रसाद भंडरा प्रखंड दिलीप साहू जिला पदाधिकारी प्रदीप सिंह पंकज मिश्रा साजिद कलाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बच्चे शिक्षा छोड़ कर कोई विचार मत कीजिये, ना कमाने, का ना किसी संगठन से जुड़ने का : उपायुक्त

### बाबा साहेब के शिक्षा और समर्पण के बारे में जाने और उसे आत्मसात करें : हरीश बिन जमां





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** डॉ0 भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आज सोमवार को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति पदाधिकारी,कर्मचारी संघ एवं अंबेडकर विचार परिषद,लोहरदगा की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन समाहरणालय मैदान, लोहरदगा के समीप किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण,पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां समेत अन्य पदाधिकारियों/कर्मियों द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि आज के बच्चे डॉ भीमराव अंबेडकर जैसे महामानव के विचारों से प्रभावित हो रहे हैं और उनसे प्रेरित भी हो रहे हैं। बाबा साहेब ने यह शिक्षा दी थी कि शिक्षित बनों, संगठित रहो और संघर्ष करो। बच्चों इस बात को समझें कि सबसे पहले पढ़ाई, फिर कोई काम। शिक्षा छोड़ कर कोई विचार मत कीजिए। ना कमाने का विचार कीजिए, ना किसी संगठन से जुड़ने का विचार कीजिए, पहले अपनी जीवन का 20-25 वर्ष पढ़ाई में लगाईए। बाबा साहेब एक समय में शिक्षा के लिए विदेश में जाना चाहते थे लेकिन उनके पास इतने पैसे नहीं थे। उस समय बड़ौदा के महाराज सयाजी गायकवाड़ ने स्कॉलरशिप दी जिससे वे विदेश जा सके। उपायुक्त ने सभी से अपील की कि जो बच्चे आपके आस-पास पढ़ाई करनेवाले हैं या अच्छी शिक्षा लेना चाहते हैं, उन्हें अवश्य मदद दें। वे आपको जीवनभर याद रखेंगे। आज बाबा साहेब को याद करने का दिन है। ना सिर्फ उनके विचारों को हमें अपनाना है बल्कि संविधान में कही गई बातों को भी अपनाना है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां ने कहा कि हमें बाबा साहेब के शिक्षा और समर्पण के बारे जानना चाहिए। आज से इतने वर्ष पहले बच्चों ने इस कार्यक्रम में अपनी बातों को इतने बेहतर ढंग से रखा कि इसके लिए बधाई के पात्र हैं। सभी लोग आनेवाले वर्षो में भी सभी का मार्गदर्शन कर सभी को यह बताएं कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर अगर लगभग 134 वर्षो पहले संविधान का निर्माण कर पाते हैं जहां वे ऐसे समाज में पैदा हुए जहां उन्हें बहुत भेद-भाव का सामना करना पड़ा। अंबेडकर को जानने में पुश्तें निकल जाती हैं,अंबेडकर एक दिन की कैद में आनेवाले व्यक्ति नहीं है। आप सभी उनकी दी हुई शिक्षा को याद करें और समाज में एक ऐसी मिसाल कायम करें जो कि सभी के लिए अनुकरणीय हो। आज के कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, एनडीसी, रामचरण राम, बिरसा उरांव, दिगम्बर राम, लखन राम, अरूण राम, समेत अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर विभिन्न कला दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

# डेस्टिनेशन उत्तराखंड

सतत विकास को प्रोत्साहन



हमारा लक्ष्य उत्तराखंड को एक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य बनाना है। हम जो भी कदम उठा रहे हैं, वह इसी लक्ष्य के अनुरूप है। पिछले तीन वर्षों में हमने सेवा, सुशासन और विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। हर क्षेत्र में प्रगति सुनिश्चित की है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम मजबूत, समृद्ध और सक्षम उत्तराखंड के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**-पुष्कर सिंह धामी,** मुख्यमंत्री, उत्तराखंड



PICS: DIPR UTTARAKHAND

उत्तराखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दी बधाई

## सफलता के तीन साल: निरंतर विकास और समृद्धि पथ पर तीव्र गति से अग्रसर उत्तराखंड

**सकारात्मक बदलाव के तीन वर्षों का उत्सव मनाते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार ने पर्यटन, कनेक्टिविटी, शिक्षा, उद्योग और महिला सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। साथ ही, समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए राज्य ने नए मानक स्थापित किए हैं।**

उत्तराखंड अपनी प्राकृतिक भव्यता, आध्यात्मिक विरासत और समृद्ध संस्कृति के कारण विश्व का ध्यान आकर्षित करता रहा है। देवभूमि के रूप में विख्यात उत्तराखंड देश के दिल में एक अद्वितीय स्थान रखता है। राज्य चार धाम (केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री) सहित कई अन्य प्रतिष्ठित तीर्थस्थलों के लिए भी जाना जाता है। अपनी परंपराओं, इतिहास और जैव विविधता को समेटे हुए उत्तराखंड विकास की नई तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्षमता को विस्तार दिया है। राज्य सरकार ने सफलतापूर्वक अपने तीन साल पूरे करने के साथ ही सतत विकास, वित्तीय विकास और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में परिवर्तनकारी बदलाव लाए हैं।

उत्तराखंड की प्रगति को लेकर धामी सरकार का उद्देश्य स्पष्ट है कि वह ऐसा राज्य बनाना चाहते हैं, जो न केवल पर्यटन और आध्यात्मिकता का केंद्र हो, बल्कि सुशासन, नवाचार और समावेशिता के नए मानक गढ़े। राज्य सरकार सुदृढ़ नीतियों को लागू करके उद्यमशीलता, बुनियादी ढांचा, निवासियों को बेहतर जीवन और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर काम कर रही है। साथ ही, पर्यटन, कनेक्टिविटी, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में भी विशिष्ट उपलब्धियां हासिल की हैं। ऐसे में उत्तराखंड की प्रगति अन्य राज्यों के लिए आदर्श उदाहरण प्रस्तुक कर रही है।

अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में धामी सरकार ने कई बेमिसाल उपलब्धियां हासिल की हैं। उनकी यह उपलब्धियां विकास के दृढ़ संकल्प और लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता का ही प्रमाण है। उत्तराखंड सरकार ने जहां एक ओर बुनियादी सुविधाओं पर ज्यादा बल दिया है, वहीं दूसरी भविष्य के बुनियादी ढांचे के विकास पर भी पूरजोर प्रयास किए गए हैं, जो समग्र विकास को दर्शाते हैं। इनमें पर्यटन, कनेक्टिविटी, युवा कल्याण, निवेश और महिलाओं को समानता जैसे विषयों पर विशेष बल दिया गया है।



तीन साल पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने की विकास योजनाओं की घोषणा

धामी सरकार की इस यात्रा में सेवा, विकास और सुशासन की छवि साफ झलकती है, जोकि सरकार के अडिग समर्पण पर बल देती है, जो उत्तराखंड की उन्नति और समृद्धि का मजबूत आधार तैयार कर रही है।

### धामी सरकार के तीन साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री ने की रोजगार नीतियों और युवा कल्याण की घोषणा


मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बेमिसाल तीन साल पूरे होने पर देहरादून के परेड ग्राउंड में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें रोजगार और युवा कल्याण के लिए महत्वपूर्ण प्रयासों की घोषणा की। मुख्य घोषणाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण, उपनल और संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण और स्थानीय ठेकेदारों को 10 करोड़ रुपये तक की सरकारी परियोजनाओं का विशेष आबंटन शामिल है।

### हरित खेलों से जुड़ी अभिनव पहल

मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार ने 38वें राष्ट्रीय खेलों का सफलतापूर्वक आयोजन किया। राज्य ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में न केवल शानदार एथलेटिक प्रदर्शन किया, बल्कि हरित खेलों की थीम से जुड़ी अभिनव पहलों के माध्यम से भी धूम मचाई। स्थायी प्रथाओं से लेकर स्थानीय संस्कृति और महिलाओं के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने तक किए जा रहे राज्य के प्रयासों ने राष्ट्र का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। यहां तक कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी इन पहलों की प्रशंसा की है।

**उत्तराखंड सरकार ने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह यात्रा राज्य की उपलब्धियों का सम्मान करने का उपयुक्त समय है**

राज्य ने पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को अपनाया है। महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी है। साथ ही, अपनी समृद्ध स्थानीय संस्कृति का प्रदर्शन किया है। इसके अलावा, योग और मल्लखंब जैसे पारंपरिक खेलों को पहली बार पदकों की गिनती में शामिल किया गया है।



21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखंड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। यह दशक उत्तराखंड का दशक होगा।

**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

## युवा शिक्षा और रोजगार से आने वाली पीढ़ियों को बना रहे सशक्त

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में युवाओं को सशक्त बनाने और कुशल कार्यबल को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया जा रहा है।**

उत्तराखंड सरकार ने शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि यहां के युवाओं को बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक कौशल और अवसर उपलब्ध कराए जाएं। राज्य सरकार इसमें प्रदेश की प्रगति को देखते हुए इस दिशा में कार्य कर रही है।

**सरकारी नौकरियां:** पिछले तीन वर्षों में लगभग 20,000 युवाओं को सरकारी नौकरियां मिली हैं। इससे राज्य में बेरोजगारी दर में 4% की कमी आई है।

**सौर स्वरोजगार योजना:** मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 133 मेगावाट क्षमता के सौर संयंत्रों के लिए 750 आबंटन पत्र आबंटित किए गए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं सृजित हो सकेंगी।




नियुक्ति पत्र वितरित करते सीएम धामी

**उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति:** मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है। इसके तहत 100 मेधावी पीएचडी छात्रों के लिए 5,000 रुपये की मासिक छात्रवृत्ति को मंजूरी दी गई है।

**वर्चुअल क्लासेज:** 500 सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में वर्चुअल क्लासेज चलाई जा रही हैं, जिससे सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों को भी बेहतर शिक्षा मिल पा रही है।

## तीर्थयात्रा और ईको-टूरिज्म को मिल रहा प्रोत्साहन

**देवभूमि के रूप में विख्यात उत्तराखंड हमेशा से तीर्थयात्रा और पर्यटन का केंद्र रहा है। राज्य सरकार विभिन्न प्रयासों से यहां पर सुविधाओं को विस्तार दे रही है**

पिछले तीन वर्षों में राज्य सरकार ने पर्यटन और तीर्थयात्रा को प्रोत्साहित करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किए हैं, जिससे जहां एक ओर सुविधाओं में बढ़ोतरी हुई है, वहीं, यह राज्य की अर्थव्यवस्था का ठोस आधार भी बन गया है।

**चारधाम यात्रा और शीतकालीन यात्रा:** धामी सरकार ने चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड संख्या को सफलतापूर्वक प्रबंधित किया। विशिष्ट पहल के अंतर्गत पहली बार राज्य में शीतकालीन यात्रा की शुरुआत की गई, जिससे तीर्थयात्रियों को ठंड के महीनों में भी पवित्र तीर्थस्थलों के दर्शन करने का अनुभव मिला।





सीएम धामी कॉर्बेट पार्क के दौरे पर

**मानसखंड मंदिर माला मिशन:** मानसखंड मंदिर माला मिशन कुमाऊं क्षेत्र के 48 मंदिरों और गुरुद्वारों को जोड़ने वाला एक सर्किट है, जहां पर विकास कार्य चल रहे हैं। हनोल में महासू मंदिर के लिए मास्टर प्लान को भी मंजूरी दे दी गई है, जिससे धार्मिक पर्यटन में भी सुधार होगा। यह प्रयास उत्तराखंड को नई पहचान देगा।




PICS: DIPR UTTARAKHAND

उत्तरकाशी के मुखवा की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री धामी व अन्य

**सर्वश्रेष्ठ पर्यटक गांव:** जखोल, सूपी, हर्षिल और गुंजी गांवों को केंद्र सरकार ने सर्वश्रेष्ठ पर्यटक गांव के रूप में मान्यता दी है, जो ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य के समर्पण को दर्शाता है।

**वेलनेस और ईको टूरिज्म:** राज्य में पर्यटकों की बड़ी संख्या को आकर्षित करने के लिए वेलनेस टूरिज्म, होमस्टे, इको-टूरिज्म और वेडिंग डेस्टिनेशन को विकसित किया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री मोदी का हर्षिल घाटी दौरा: उत्तराखंड के विकास को बढ़ावा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर्षिल घाटी और गंगा नदी के मायके मुखवा में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बात चाहे वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन जी-20 बैठक की हो या उत्तराखंड में यूसीसी कानून के कार्यान्वयन की, राज्य के हर प्रयास में प्रधानमंत्री जी का समर्थन मिलता रहा है। इससे राज्य के विकास को गति मिली है। उन्होंने केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजनाओं के लिए भी आभार व्यक्त किया, जिनकी लागत क्रमश: 4,081 और 2,730 करोड़ रुपये है। उन्होंने तीर्थयात्रियों की पहुंच और धार्मिक पर्यटन बढ़ाने में उनकी भूमिका पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा से शीतकालीन पर्यटन, एड्वेंचर गतिविधियों, नंदा राज जात यात्रा और कुंभ मेले जैसे प्रमुख धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा मिलेगा।

## बेहतर होती कनेक्टिविटी: घट रही दूरियों के साथ सुविधाओं को मिल रहा विस्तार

**राज्य में चल रहीं कई बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं ने न केवल सुगमता में सुधार किया है, बल्कि आर्थिक विकास और पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है**



PICS: DIPR UTTARAKHAND

दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड से बेहतर होगी कनेक्टिविटी

उत्तराखंड सरकार के लिए कनेक्टिविटी बढ़ाना सबसे अहम प्राथमिकताओं में शामिल रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंच बन सके और शहरों से उनकी कनेक्टिविटी बनी रहे।

**रोपवे परियोजनाएं**

केंद्र सरकार ने गौरीकुंड से केदारनाथ और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक रोपवे के निर्माण को मंजूरी दी है। इसके अलावा पूर्णागिरी मंदिर रोपवे और काठगोदाम से हनुमानगढ़ी रोपवे परियोजनाएं भी निर्माणाधीन हैं।

**दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे**

दिल्ली और देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। निर्माण पूरा हो जाने के बाद दोनों शहरों के बीच लगने वाला यात्रा का समय घटकर सिर्फ 2.5 घंटे रह जाएगा।

**हवाई कनेक्टिविटी**

पिथौरागढ़-पंतनगर, पिथौरागढ़-दिल्ली और देहरादून-पिथौरागढ़ मार्गों पर नियमित उड़ानें शुरू की गई हैं, जिससे यात्रा का समय काफी कम हो गया है। उड़ान योजना के तहत हेली सेवाओं ने नैनीताल, बागेश्वर और मुनस्यारी जैसे पहाड़ी जिलों को जोड़ा है।



रोपवे

**रेलवे परियोजनाएं**

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का काम तेजी से चल रहा है और टनकपुर-बागेश्वर रेल मार्ग सर्वेक्षण को मंजूरी दे दी गई है, जिससे दूरदराज के इलाकों तक बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।

## महत्वपूर्ण आयोजन: वैश्विक मंच पर चमका उत्तराखंड

राज्य ने अपनी क्षमता और संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों की सफलतापूर्वक मेजबानी की है।

**38वें राष्ट्रीय खेल:** उत्तराखंड ने 2025 में 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी की, जो राज्य के रजत जयंती वर्ष का प्रतीक है।

**जी-20 शिखर सम्मेलन बैठकें:** राज्य ने जी-20 शिखर सम्मेलन के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप की बैठकों की सफलतापूर्वक मेजबानी की।

**विश्व आयुर्वेद कांग्रेस:** देहरादून में आयोजित विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और अंतर्राष्ट्रीय एक्सपो में 60 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

**अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन:** इस सम्मेलन ने विदेशों में रहने वाले उत्तराखंड के निवासियों को उनकी जड़ों से जोड़ा, जिससे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा मिला।

इन अवसरों ने न केवल पर्यटन को बढ़ावा दिया है, बल्कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक और वित्तीय संभावनाओं को भी बल दिया है।

## महिला सशक्तिकरण: समानता के साथ अवसरों का सृजन कर रही सरकार

उत्तराखंड सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने और राज्य के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

**सरकारी नौकरियों में आरक्षण:** सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 30% और सहकारी प्रबंध समितियों में 33% आरक्षण लागू किया गया है।

**लखपति दीदी योजना:** लखपति दीदी योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है।

**मुफ्त गैस रिफिल योजना:** मुख्यमंत्री अंत्योदय मुफ्त गैस रिफिल योजना के तहत लगभग 1.75 लाख जरूरतमंद परिवारों को सालाना 3 सिलेंडर की मुफ्त रिफिल मिल रही है।




स्थानीय कारीगरों का काम देखते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**ड्रोन सखी पहल:** महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे प्रौद्योगिकी और कृषि में नई संभावनाएं पैदा हो रही हैं।

इन प्रयासों से न केवल महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है, बल्कि राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी योगदान दिया जा रहा है।

## उल्लेखनीय उपलब्धियां : दिख रहे सकारात्मक बदलाव




उत्तराखंड सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिससे राज्य विकास के आदर्श मॉडल के रूप में बदल गया है।

**सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) सूचकांक:** नीति आयोग द्वारा जारी एसडीजी सूचकांक में उत्तराखंड देश में पहले स्थान पर है।

**एम्स सैटेलाइट सेंटर:** उधम सिंह नगर में एम्स सैटेलाइट सेंटर का निर्माण किया जा रहा है, जिससे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

**एकता मॉल और स्मार्ट टाउनशिप:** केंद्र सरकार ने एकता मॉल और स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप के निर्माण के लिए 136 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

**डिजिटल बदलाव:** पारदर्शिता और कार्यकुशलता सुनिश्चित करते हुए अपुणि सरकार पोर्टल के माध्यम से 866 से अधिक सेवाओं को ऑनलाइन किया गया है।

ये उपलब्धियां समग्र विकास और सुशासन के प्रति सरकार के समर्पण को दर्शाती हैं।

उत्तराखंड सरकार ने पिछले तीन वर्षों में सेवा, विकास और सुशासन में नए मानक स्थापित किए हैं। पर्यटन और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने से लेकर महिलाओं और युवाओं को सशक्त बनाने तक, राज्य ने सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। सरकार द्वारा लिए गए सक्रिय निर्णयों, महत्वपूर्ण घटनाओं और परिवर्तनकारी प्रयासों ने उत्तराखंड को भारत में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया है। जैसा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड को एक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की सरकार की इच्छाशक्ति निरंतर बनी हुई है। भविष्य के दृष्टिकोण और समावेशी विकास की प्रतिज्ञा के साथ उत्तराखंड आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

#ExploreUttarakhand

@DIPR_UK

## उद्योग एवं निवेश: पारिस्थितिकी विकास को मिल रही गति

**उत्तराखंड सरकार ने निवेशकों और उद्यमियों के लिए राज्य को पसंदीदा गंतव्य बनाने के लिए सक्रिय पहल की है। इसके अंतर्गत अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई नीतियों और पहलों को लागू किया है**

उत्तराखंड सरकार ने निवेश आकर्षित करने और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियों को लागू किया है, जिससे राज्य कारोबार और नवाचार का केंद्र बन गया है।

**वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन:** वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन में 3.56 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 75,000 करोड़ रुपये के निवेश पहले ही शुरू हो चुके हैं।

**स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप:** केंद्र सरकार ने उधम सिंह नगर के खुरपिया फार्म में एक स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप के निर्माण को मंजूरी दी।

**एमएसएमई नीति:** सरकार ने नए औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ उद्यमिता और वित्तीय विकास को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई नीति पेश की।




देहरादून में आयोजित वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2023 में उत्तराखंड सरकार के ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' का शुभारंभ करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**हाउस ऑफ हिमालयाज:** राज्य ने जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड की स्थापना की, जिसमें 27 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हुए।



इंवेस्टर्स समिट